दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



ये भी हैं हमारे शिक्षक



दीपक सर

वर्ष : 10 | अंक : 259 | लखनऊ, 31 अगस्त, शनिवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# शिवाजी की प्रतिमा गिरने पर पीएम मोदी ने सिर झुकाकर मांगी माफी

## हमारे लिए हमारे देवता से बड़ा कुछ नहीं : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, मालवण में छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति ढहने की घटना पर पीएम नरेंद्र मोदी ने माफी मांगी है। उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज हमारे लिए सिर्फ एक नाम नहीं है। आज मैं सिर झुकाकर अपने भगवान छत्रपति शिवाजी महाराज से माफी मांगता हूं।इसके साथ ही उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि हमारे संस्कार अलग हैं, हम वो लोग नहीं हैं जो आए दिन भारत मां के महान सपूत, इसी धरती के लाल वीर सावरकर को अनाप-शनाप गालियां देते रहते हैं, अपमानित करते रहते हैं, देशभक्तों की भावनाओं को कुचलते हैं। वे लोग वीर सावरकर को गालियां देने के बाद भी माफी मांगने को तैयार नहीं हैं। उनको पाश्चाताप नहीं होता है... महाराष्ट्र की जनता उनके संस्कार को अब जान गई है।

मोदी ने कहा कि जब 2013 में भाजपा ने मुझे प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में निश्चित किया, तो मैंने सबसे पहले रायगढ़ के किले में जाकर छत्रपति शिवाजी महाराज की समाधि के सामने बैठ कर प्रार्थना की और राष्ट्रसेवा की एक नई यात्रा आरंभ की थी। उन्होंने कहा कि जो लोग छत्रपति शिवाजी महाराज को अपना देवता मानते हैं और इससे उन्हें बहुत ठेस पहुंची है, मैं सिर झुकाकर उनसे माफी मांगता हूं। हमारे मूल्य अलग हैं। हमारे लिए हमारे देवता से बड़ा कुछ नहीं है।

उन्होंने कहा कि जो लोग छत्रपति शिवाजी महाराज को अपना देवता मानते हैं और इससे उन्हें बहुत ठेस पहुंची है, मैं सिर झुकाकर उनसे माफी मांगता हूं। हमारे मूल्य अलग हैं। हमारे लिए हमारे देवता से बड़ा कुछ नहीं है। मोदी ने आगे कहा कि महाराष्ट्र के पास विकास के लिए सामर्थ्य भी है और जरूरी संसाधन भी है। यहां समुद्र के तट भी है और इन तटों से अंतरराष्ट्रीय व्यापार का सदियों पुराना इतिहास भी है। यहां भविष्य की अपार संभावनाएं भी हैं। इन अवसरों का पूरा लाभ महाराष्ट्र और देश को मिले... इसके लिए आज वाढवण पोर्ट की नींव रखी गई है। यह देश का सबसे बड़ा कंटेनर पोर्ट होगा। ये देश ही नहीं, बल्कि दुनिया के सबसे गहरे पोर्ट में से एक महत्वपूर्ण पोर्ट होगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने दो-तीन दिन पहले ही दिघी बंदरगाह औद्योगिक क्षेत्र के विकास को भी मंजूरी दे दी है। यानि, ये महाराष्ट्र के लोगों के लिए डबल खुशखबरी है। ये छत्रपति शिवाजी के सपनों का भी प्रतीक बनेगा। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र की प्रगति यात्रा में आज एक ऐतिहासिक दिन है। भारत की प्रगति यात्रा में आज एक ऐतिहासिक दिन है। विकसित महाराष्ट्र, विकसित भारत के संकल्प का एक अनिवार्य हिस्सा है। इसलिए, पिछले 10 वर्षों में हमने महाराष्ट्र की प्रगति के लिए लगातार बड़े फैसले लिए हैं।

# यूपी के अस्पतालों के लिए नई गाइडलाइन जारी

## बिना प्रवेश पत्र नहीं ठहर सकेंगे तीमारदार; महिला डॉक्टरों को मिलेगा गार्ड

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। कोलकाता में महिला चिकित्सक की बलात्कार के बाद हत्या किए जाने की घटना के बाद अब उत्तर प्रदेश में भी अस्पतालों में सुरक्षा बढ़ाए जाने के निर्देश दिए गए हैं। अब अस्पताल परिसर में बिना प्रवेश पत्र के तीमारदार भी रात्रि में नहीं ठहर सकेंगे। प्रवेश पत्र नीति का सख्ती से पालन कराया जाएगा। किसी डाक्टर या चिकित्सा कर्मी के साथ हिंसा होने पर संस्थागत एफआइआर दर्ज कराई जाएगी। यानी प्रभावित व्यक्ति की बजाए अस्पताल प्रशासन पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराएगा। अस्पताल के इंचार्ज व उनके द्वारा अधिकृत व्यक्ति ही मामला दर्ज कराएगा।

### नई गाइडलाइन जारी

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद अब अस्पतालों में मेडिकल कालेजों में सुरक्षा के लिए सख्त करने को नई गाइडलाइन जारी की गई है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने निर्देश दिए हैं कि रात्रि में सुरक्षा कर्मी पूरी तरह सतर्क रहें और अस्पताल परिसर का लगातार निरीक्षण करें। ऐसे बाहरी लोग जो परिसर में खाली जगह होने के कारण उसे रात्रि विश्राम के स्थल के रूप में प्रयोग करते हैं, उन्हें तत्काल बाहर किया जाए। शरारती तत्वों को चिह्नित कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। रोगियों के साथ आए तीमारदारों को वार्ड, आइसीयू, विश्राम स्थल, इमरजेंसी वार्ड व अंतः रोगी विभाग में प्रवेश के लिए प्रवेश पत्र नीति लागू की जाए। जिससे भर्ती मरीज की निजता बनी रहे। बिना प्रवेश पत्र के तीमारदार को प्रवेश न दिया जाए। रात्रि के समय प्रवेश पत्र के बिना किसी भी कीमत पर तीमारदार आइसीयू या किसी वार्ड में प्रवेश नहीं पा सकेंगे।

रात्रि के समय महिला चिकित्सक, नर्सेज व अन्य महिला स्टाफ एक वार्ड से दूसरे वार्ड में रोगी के उपचार को जाएंगे तो उनके साथ अनिवार्य रूप से सुरक्षा कर्मी साथ होंगे। अस्पताल परिसर में प्रकाश की व्यवस्था बेहतर होनी चाहिए। सुरक्षा कर्मी रात में सभी तीमारदारों का भी प्रवेश पत्र की जांच करेंगे। चिकित्सालय परिसर में कंट्रोल रूम बनाकर सुरक्षा के लिए निगरानी की जाएगी। 24 घंटे यह कंट्रोल रूम सक्रिय रहेगा। अस्पतालों की सुरक्षा के लिए सुरक्षाकर्मियों की संख्या भी बढ़ाई जाएगी। भूतपूर्व सैनिकों की प्राथमिकता पर तैनाती होगी। स्थानीय पुलिस थाने से समन्वय कर सुरक्षा को पुख्ता किया जाएगा।

चिकित्सालय परिसर में सीसीटीवी कैमरे पर्याप्त संख्या में लगाए जाएंगे और इसकी मदद से निगरानी की जाएगी। वहीं आंतरिक यौन उत्पीड़न समिति का गठन किया जाएगा। समय-समय पर समिति शिकायतों के समाधान के लिए बैठक करेगी।

### आउटसोर्सिंग व संविदा कर्मचारियों का पुलिस सत्यापन

अस्पतालों में तैनात किए गए आउटसोर्सिंग, संविदा व ठेका कर्मचारियों का पुलिस सत्यापन कराया जाएगा। यह कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराया जाना होगा। बिना पुलिस सत्यापन कोई भी कर्मी कार्य पर नहीं रखा जाएगा।

## मौसम

अधिकतम तापमान 43.c

न्यूनतम तापमान 29.c

## बाजार

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

संसेक्स 81,332.72

निफटी 24,834.85

# इस्तीफा देने के सवाल पर बोले मणिपुर के मुख्यमंत्री, मैं क्यों दूं, मैनें कोई घोटाला नहीं किया

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने हाल ही में जातीय हिंसा के धीरे-धीरे कम होने का हवाला देते हुए छह महीने के भीतर राज्य में शांति बहाल करने का वादा किया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि स्थिति से निपटने की उनकी प्रतिबद्धता को केंद्र सरकार द्वारा समर्थन दिया जाएगा। मणिपुर के सीएम ने खुलासा किया कि उन्होंने कुकी-जो और मैतेई नेताओं के बीच बातचीत की सुविधा के लिए एक दूत नियुक्त किया है। यह कदम राज्य को प्रभावित करने वाले चल रहे जातीय संघर्षों को संबोधित करने के उनके व्यापक प्रयास का हिस्सा है। सिंह ने अपने इस्तीफे की मांग पर कहा कि वह किसी भी आपराधिक गतिविधि या घोटाले में शामिल नहीं रहे हैं जिसके लिए पद छोड़ने की आवश्यकता होगी। उनका बयान वर्तमान चुनौतियों के बीच चल रहे संघर्ष को हल करने के दृढ़ संकल्प और अपनी स्थिति की रक्षा दोनों को रेखांकित करता है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, मई 2023 में हिंसा भड़कने के बाद से, इन दोनों समूहों के बीच झड़पों में 226 मौतें हुई हैं।

# यूपी में लाल टोपी को लेकर घमासान हुआ तेज, सीएम के बयान पर भड़गे अखिलेश

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, उत्तर प्रदेश की सियासत में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव के बीच बर पलटवार का दौर लगातार जारी रहता है। हाल में ही योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा था कि लाल रंग की टोपी पहनने वालों के काले कारनामे सभी को पता है। सपा पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि 'लाल टोपी' वाले लोग 'काले कारनामों' के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने कहा था कि योगी ने कहा कि आज विकास और सुशासन का क्या मॉडल होना चाहिए, कानून-व्यवस्था कैसी होनी चाहिए, यह उत्तर प्रदेश तय करता है। इसी पर अब समाजवादी पार्टी की ओर से खुद अखिलेश यादव ने पलटवार किया है। अखिलेश यादव ने कहा कि जब सदमा लग जाता है तो लोग भी कुछ कहते हैं। लाल रंग को समझना होगा। यह लाल रंग क्रांति का है, मेल-मिलाप का है। लाल रंग भाव का है। हमारे मुख्यमंत्री भावनाओं को नहीं समझ सकते हैं। ये टोपी उन लोगों के काम भी आ सकती है जो गंजे हों। उन्होंने कहा कि हमारा लाल रंग खुशी, त्यौहार का है... आखिर इस रंग से नाराजगी क्या है? योगी पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि वे हार के सदमे से उबर नहीं पा रहे हैं इसलिए उन्हें हर जगह लाल रंग दिखाई दे रहा है।

यादव ने पलटवार करते हुए कहा कि रंग अच्छा बुरा नहीं होता, नजरिया अच्छा बुरा होता है। योगी ने बृहस्पतिवार को कानपुर में एक जनसभा में सपा पर निशाना साधते हुए कहा था, इनकी टोपी लाल है, लेकिन कारनामे काले हैं और इनका इतिहास काले कारनामों से भरा पड़ा है। अखिलेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, जनता की संसद का प्रश्नकाल। प्रश्न-लाल और काले रंग को देखकर भड़कने के क्या क्या कारण हो सकते हैं? दो-दो बिंदुओं में अंकित करें। उन्होंने लिखा, उत्तर-रंगों का मन-मानस और मनोविज्ञान से गहरा नाता होता है। यदि कोई रंग किसी को विशेष रूप से प्रिय लगता है, तो इसके विशेष मनोवैज्ञानिक कारण होते हैं और यदि किसी रंग को देखकर कोई भड़कता है, तो उसके भी कुछ नकारात्मक मनोवैज्ञानिक कारण होते हैं।

अखिलेश ने लिखा, लाल रंग मिलन का प्रतीक होता है। जिनके जीवन में प्रेम-मिलन, मेल-मिलाप का अभाव होता है, वे अक्सर इस रंग के प्रति दुर्भावना रखते हैं। लाल रंग शक्ति का धारणीय रंग है, इसलिए कई पूजनीय शक्तियों से इस रंग का सकारात्मक संबंध है, लेकिन जिन्हें अपनी शक्ति ही सबसे बड़ी लगती है, वे लाल रंग को चुनौती मानते हैं। उन्होंने कहा, इसी संदर्भ में यह मनोवैज्ञानिक मिथक भी प्रचलित हो चला कि इसी कारण शक्तिशाली सांड भी लाल रंग देखकर भड़कता है। काला रंग भारतीय संदर्भों में विशेष रूप से सकारात्मक है। जैसे बुरी नजर से बचाने के लिए घर-परिवार के बच्चों को लगाया जाने वाला काला टीका और सुहाग के प्रतीक मंगलसूत्र में काले मोतियों का इस्तेमाल।

## संक्षिप्त समाचार

### ब्रेक में खराबी आने से ट्रेन बछरावां स्टेशन पर रुकी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, ब्रेक में कुछ तकनीकी खराबी आने के बाद एक पैसेंजर ट्रेन बछरावां रेलवे स्टेशन पर बृहस्पतिवार को रुक गई। हालांकि, तकनीकी खराबी दूर करने के बाद ट्रेन को रवाना कर दिया गया। रेलवे पुलिस बल (आरपीएफ) चौकी प्रभारी दिनेश कुमार ने शुक्रवार को बताया कि22684 लखनऊ-यशवंतपुर एक्सप्रेस ट्रेन के ब्रेक में कुछ खराबी आने के बाद बृहस्पतिवार शाम को यह ट्रेन बछरावां रेलवे स्टेशन पर आधे घंटे के लिए रुक गई थी। उन्होंने कहा कि इंजीनियरों की टीम ने ट्रेन का निरीक्षण किया और एस-1 कोच के ब्रेक में कुछ खराबी देखी। खराबी दूर करने के बाद ट्रेन को रवाना कर दिया गया। इस गड़बड़ी की वजह से किसी यात्री को कोई चोट नहीं आई।


### झारखंड में आकाशीय बिजली गिरने से दो युवा फुटबॉल खिलाड़ियों की मौत, 10 घायल

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, झारखंड के लातेहार जिले में बृहस्पतिवार को बिजली गिरने से कम से कम दो नवोदित फुटबॉल खिलाड़ियों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। बालूमाथ के अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) आशुतोष कुमार सत्यम ने बताया कि यह घटना बरियातू थाना क्षेत्र के इटके गांव में दोपहर में उस समय हुई जब वे फुटबॉल खेल रहे थे। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान दीपक कुमार (24) और वीरेंद्र गंझू (25) के रूप में हुई है। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

# भारत शिक्षा को दुनिया के साथ अधिक सहयोग बढ़ाने के प्रमुख माध्यम के रूप में देखता हैः जयशंकर

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत आज शिक्षा को देश और दुनिया के बीच अधिक सहयोग बढ़ाने के एक प्रमुख माध्यम के रूप में देखता है। उन्होंने साउथेम्प्टन विश्वविद्यालय को आशय पत्र सौंपने के लिए यहां आयोजित एक कार्यक्रम में अपने संबोधन में यह बात कही। विश्वविद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत भारत में एक परिसर स्थापित करेगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा, आज हम भारत में अंतरराष्ट्रीय शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि देख रहे हैं। यहां सुषमा स्वराज भवन में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि विश्व के शीर्ष 100 विश्वविद्यालयों में से एक साउथेम्प्टन विश्वविद्यालय भारत में अपना पहला परिसर स्थापित करेगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा, आज का कार्यक्रम भारत और ब्रिटेन के बीच मजबूत और बहुआयामी द्विपक्षीय संबंधों का भी प्रमाण है, जिसमें शिक्षा विशेष रूप से एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। इस प्रगति के केंद्र में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 है। मंत्री ने कहा कि यह महज एक नीति नहीं है, बल्कि यह वास्तव में भारत में शिक्षा के भविष्य के लिए एक दृष्टिकोण है, जो हमारे मानकों को उच्चतम वैश्विक स्तर तक बढ़ाने की आकांक्षा रखता है। जयशंकर ने कहा, इसका उद्देश्य भारत को उत्कृष्टता का केंद्र बनाना, दुनिया भर से छात्रों को आकर्षित करना, विदेशी विश्वविद्यालय परिसरों की स्थापना करना और हमारे छात्रों और संकायों के बीच वैश्विक दक्षताओं को बढ़ावा देना है। मंत्री ने कहा, आज हम शिक्षा को भारत और विश्व के बीच अधिक गहन सहयोग को बढ़ाने के लिए एक प्रमुख साधन के रूप में देखते हैं।

# लोकतंत्र के गुणात्मक परिवर्तन के लिए विश्वसनीय मीडिया महत्वपूर्ण : गडकरी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश के लोकतंत्र और सामाजिक-आर्थिक विकास में गुणात्मक परिवर्तन के लिए विश्वसनीय मीडिया महत्वपूर्ण है। गडकरी ने यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हर राजनेता मीडिया के समर्थन की उम्मीद करता है, लेकिन मीडिया को लोकतंत्र और देश के लिए जो अच्छा है उसका समर्थन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक समय लोग प्रिंट मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया परनिर्भर थे, लेकिन अब वे सोशल मीडिया पर निर्भर हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा, मीडिया में हमें विश्वसनीयता और सद्भावना की आवश्यकता है। लोग मीडिया से ऐसी जानकारी की अपेक्षा कर रहे हैं ताकि वे हमारे लोकतंत्र में गुणात्मक परिवर्तन ला सकें। उन्होंने कहा, सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन हम सबका अंतिम लक्ष्य है, इसलिए मीडिया की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। अब हर कोई जानकारी को समझने में दिलचस्पी रखता है। गडकरी ने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और उनका सपना भारत को आत्मनिर्भर और पांच हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का है।

# कोलकाता में डॉक्टर से बलात्कार के मामले में बंगाल पर राजनाथ सिंह का कटाक्ष

## राज्य इस दिशा में ईमानदारी से प्रयास नहीं कर रहे

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, कोलकाता बलात्कार-हत्या मामले को लेकर ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली बंगाल सरकार पर निशाना साधते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र ने महिलाओं के खिलाफ अपराधों के प्रति सख्त रवैया अपनाया है, लेकिन कई राज्य इस दिशा में ईमानदारी से प्रयास नहीं कर रहे हैं। तिरुवनंतपुरम में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में 31 वर्षीय प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ हुए जघन्य बलात्कार और हत्या की पृष्ठभूमि में महिलाओं के स्वास्थ्य और महिलाओं की सुरक्षा के लिए सरकार के प्रयासों के बारे में विस्तार से बात की। रक्षा मंत्री ने इस घटना को दिल दहला देने वाला और शर्मनाक बताया, हालांकि उन्होंने बंगाल सरकार को सीधे तौर पर दोषी ठहराने से परहेज किया, जो इस मामले को दबाने के आरोपों से घिरी हुई है। सिंह ने कहा, देश में महिलाओं के खिलाफ हो रहे अत्याचारों और अपराधों को देखते हुए, तमाम बदलावों के बावजूद ऐसा लगता है कि अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। हमारी सरकार ने महिलाओं के खिलाफ अपराधों के प्रति सख्त रवैया अपनाया है, लेकिन कई राज्य इस दिशा में ईमानदारी से प्रयास नहीं कर रहे हैं। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि नरेंद्र मोदी सरकार ने बलात्कार जैसे जघन्य अपराधों के लिए मौत की सजा का प्रावधान लाने के लिए कानून में संशोधन किया है।

# मुसलमानों की बीजेपी को वोट देने में कंजूसी नाजायजः मुख्तार अब्बास नकवी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने मुसलमानों से भाजपा से नफरत करने की सोच को बदलने की अपील की है। उन्होंने विपक्ष पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि सामंती सुल्तानों के तथाकथित सिंडिकेट के दुष्प्रचार से पैदा भय-भ्रम के चलते एक राष्ट्रवादी राजनैतिक दल के साथ अस्पृश्यता और असहिष्णुता के रवैये को बदलना समय की मांग है। उन्होंने कहा कि जब भाजपा किसी के विकास में कमी नहीं करती तो उसे वोट देने में कंजूसी करना नाजायज है।

नकवी ने यह विचार लखनऊ में अल्पसंख्यक मोर्चा की बैठक में व्यक्त किये। दरअसल, भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान के दौरान भाजपा अन्य जातियों के साथ ही मुस्लिमों को भी पार्टी से जोड़ने पर फोकस कर रही है। पार्टी ने तय किया है कि 5 लाख मुसलमानों को सदस्य बनाया जाएगा। सदस्यता अभियान को लेकर गत दिवस भाजपा के प्रदेश मुख्यालय के साथ ही अलग-अलग स्थानों पर अल्पसंख्यक मोर्चा और किसान मोर्चा ने भी बैठक करके अभियान की रणनीति पर चर्चा की।

लखनऊ में गांधी भवन में आयोजित अल्पख्यक मोर्चा की कार्यशाला में पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने भी संबोधित किया। उन्होंने मुसलमानों से खासकर भाजपा से नफरत करने की सोच को बदलने की अपील की। इसके साथ ही विपक्ष पर करारा प्रहार करते हुए नकवी ने कहा कि सामंती सुल्तानों के तथाकथित सिंडिकेट के दुष्प्रचार से पैदा भय.भ्रम के चलते एक राष्ट्रवादी राजनैतिक दल के साथ अश्पृश्यता और असहिष्णुता के रवैये को बदलना समय की मांग है। उन्होंने कहा कि जब भाजपा किसी के विकास में कमी नहीं करती तो उसे वोट देने में कंजूसी करना नाजायज है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने अल्पसंख्यक समाज को सावधान रहने की सलाह देते हुए कहा कि कुछ सियासी सामंती सूबेदार संविधान, लोकतंत्र, सेक्यूलरिज्म और अल्पसंख्यकों पर खतरे के भय-भ्रम और भौकाल से देश के अल्पसंख्यकों को प्रगति की धारा से अलग करने की साजिश है। उन्होंने कहा कि सेक्युलर सिंडिकेट मुसलमानों के वोटों को अपनी जागीर समझ बैठा है। हमें सोशल नेटवर्किंग साइट्स के सांप्रदायिक, समाज तोड़ने वाले दुष्प्रचार से भी सचेत रहना होगा। वहीं वक्फ संशोधन विधेयक को वक्त की जरूरत बताते हुए कहा कि जेपीसी में चल रहे मंथन से अमृत जरूर निकलेगा।

## तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से मारी कार में टक्कर, बाल बाल बचे कार सवार दरोगा

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। मुजफ्फनगर निवासी सुमित बालियान ने ट्रक चालक के खिलाफ तेजी व लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मारने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सुमित बालियान का कहना है वर्तमान समय में थाना सरोजनीनगर लखनऊ में उ0नि0 के पद पर नियुक्त है 30/8/2024 को चौकी क्षेत्र नादरगंज से रात्रि में 1:30 बजे गश्त करके अपनी बलेनो कार से थाना सरोजनीनगर आ रहे थे। इसी दौरान एयरपोर्ट बाउंड्री के सामने लखनऊ कानपुर हाईवे पर ट्रक चालक द्वारा तेजी व लापरवाही से चलाते हुए मेरी कर में पीछे से टक्कर मार दी। और करीब 70 मीटर तक घसीटते हुए ले जाकर खड़े अज्ञात ट्रक के नीचे मेरी गाड़ी घुस गई जिसमें मेरी गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। जिससे उप निरीक्षक सुमित बालियान को गंभीर चोटे आ गई।फिलहाल सरोजनीनगर पुलिस रिपोर्ट दर्ज,कर आगे की जांच कर रही है।

## शिक्षक अभिवावक संगोष्ठी एवं स्वागत सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार

नगराम।समेसी में एन आर एन पब्लिक इंटर कालेज के प्रबंधक व आंवाला लोकसभा सांसद नीरज कुशवाहा मौर्य का सांसद बनने के उपरांत प्रथम बार अपनी जन्मभूमि समेसी में स्थिति एन०आर०एन०पब्लिक इंटर कालेज में भव्य स्वागत सम्मान समारोह आयोजित किया गया।इस अवसर पर बच्चों ने कॉलेज के मुख्य द्वार पर रोली चंदन लगाकर पुष्प गुच्छ भेंट कर सांसद नीरज कुशवाहा मौर्य को शुभकामनाएं दी।सांसद ने कॉलेज प्रांगण में उपस्थित अपनी माता की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर माल्या अर्पण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। बाद में कालेज प्रांगण में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रकट की। इस अवसर पर उपस्थित एन० आर० एन० पब्लिक इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार साथ में शिक्षक बिन्दू शुक्ला व शिवओम शुक्ला, अरविंद साहू,विजय चौधरी एवं बच्चों के आभिवावक उपस्थित रहे।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर कई संगठनों ने निकाली आक्रोश रैली

अमन लेखनी समाचार




सरोजनी नगर, लखनऊ। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में कई संगठन सड़कों पर उतरे , कई संगठनो ने आक्रोश रैली निकाली, सैकड़ों की संख्या में लोग बांग्लादेश के खिलाफ आक्रोश रैली में शामिल हुए। आक्रोश रैली पुरानी तहसील होते हुए संघ कार्यालय से स्कूटर इंडिया चौराहा होते हुए बिजनौर रोड स्थित राज बब्बर गेस्ट हाउस पहुंची, बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में विभिन्न हिंदू संगठन राजधानी लखनऊ की सड़कों पर उतरे। तमाम संगठन शाम 4 बजे पुरानी तहसील पर एकत्रित हुए। इसके बाद जन सैलाब बांग्लादेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए बिजनौर रोड पर एक गेस्ट हाउस के लिए रवाना हुई। अत्याचार के विरोध में हिन्दू रक्षा समिति लखनऊ जिला द्वारा जन आक्रोश मोर्चा का आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में हिन्दू समाज के लोगो ने सहभाग किया तथा बांग्लादेश के हिंदुओ के प्रति अपनी सहानुभूति व्यक्त की ।इस आयोजन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह अजीत , जिला प्रचारक कोमल ,जिला व्यवस्था प्रमुख क्षमादेव ,जिला सेवा प्रमुख जयवर्धन ,नगर कार्यवाह मुकेश ,माननीय खंड संघचालक रमेश, खंड कार्यवाह प्रभाकर ,खंड सह कार्यवाह रोहितसूर्यभान विश्वकर्मा ,संतोष ,धीरेंद्र ,मंडल अध्यक्ष विवेक लोधी , मण्डल अध्यक्ष शिवबक्स ,रेनू सिंह ,राजेंद्र सिंह राजू , दल बहादुर, रवि, प्रचारक आकाश ,विनय ,विपिन ,अविरल , अभय ,प्रतीक ,युवराज , नागेंद्र ,गिरीश, देवेंद्र ,दिनेश , शिवेंद्र, गोलू राजपूत, अखिलेश एवम्-सैकड़ों हिंदू समाज के जनमानस ने रैली निकाल कर विरोध दर्ज कराया।

## भाजपा का सदस्यता अभियान देश भर में दो सितंबर से होगा शुरू

### सीएम योगी तीन सितंबर को लेंगे सदस्यता

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। दो सितंबर से शुरू हो रहे भाजपा के सदस्यता अभियान के तहत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तीन सितंबर को पार्टी की सदस्यता लेंगे। उन्हें प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी पार्टी का सदस्य बनाएंगे। सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा शनिवार 31 अगस्त को प्रदेश के सभी बूथों पर कार्यशाला भी आयोजित करेगी। पार्टी सदस्यता अभियान के जरिए शिक्षक, व्यापारी, चिकित्सक, अधिवक्ता, साहित्यकार, चित्रकार, सीए, कलाकार, खिलाड़ी, पूर्व सैनिक सहित समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचेगी।

भाजपा का देश भर में सदस्यता अभियान दो सितंबर से शुरू हो रहा है। पहले दिन राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सदस्य बनाएंगे। यूं तो प्रदेश में भी दो सितंबर से सदस्यता अभियान शुरू हो जाएगा किंतु मुख्यमंत्री योगी तीन सितंबर को सदस्यता लेकर अभियान का औपचारिक शुभारंभ करेंगे।



### क्या बोले भूपेन्द्र सिंह चौधरी?

वहीं, शुक्रवार को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पर भाजपा के विभाग एवं प्रकोष्ठों की कार्यशाला में प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि सदस्यता अभियान के माध्यम से व्यापक जनसंपर्क करते हुए जनमानस को भाजपा परिवार से जोड़ने का काम करना है। हम फिर एक बार सदस्यता अभियान के माध्यम से हर व्यक्ति व हर वर्ग तक पहुंचकर लोगों को भाजपा से जोड़ने का काम करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सदस्यता अभियान को सर्वस्पर्शी, सर्वग्राही एवं सर्व समावेशी बनाने के लिए केंद्र के साथ ही प्रदेश, जिला व मंडल स्तर पर आयोजित कार्यशालाओं में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रत्येक पदाधिकारी को व्यक्तिगत सदस्यता के साथ ही अपने निवास के बूथ की सदस्यता में भी सहभागिता करना है। साथ ही कैंप लगाकर तथा सामूहिक रूप से घर-घर जाकर अपने-अपने विभाग एवं प्रकोष्ठ की सदस्यता के लक्ष्य को प्राप्त करना है। हम सशक्त भाजपा-विकसित भारत के संकल्प के साथ सदस्यता अभियान में केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं व नीतियों को लेकर जनता के बीच पहुंचेंगे और विपक्ष द्वारा फैलाई गई नकारात्मकता, झूठ, भ्रम व देश एवं समाज को तोड़ने की राजनीति बेनकाब करेंगे।

## पी सिपाही भर्ती परीक्षा में 94 संदिग्ध पकड़े गए, पूरे प्रदेश में 22 आरोपी हुए गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। सिपाही भर्ती परीक्षा के चौथे दिन कड़े सुरक्षा प्रबंधों के बीच दोनों पालियों में लगभग सात लाख अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। शुक्रवार को भी पेपर लीक की कोई शिकायत सामने नहीं आई। पुलिस भर्ती व प्रोन्नति बोर्ड अब शनिवार को पांचवें व अंतिम दिन की परीक्षा सकुशल संपन्न कराने की तैयारियों में जुटा है। चौथे दिन कुल 2,71,677 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ी। प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के बाद 13.92 प्रतिशत अभ्यर्थी परीक्षा केंद्र नहीं पहुंचे। दोनों पालियों में 94 संदिग्ध अभ्यर्थी पकड़े गए, जिनके फिंगरप्रिंट व आवेदनपत्र में भरे गए अन्य ब्योरे आधार कार्ड से मैच नहीं हुए। ऐसे सभी अभ्यर्थियों से पहचान पत्र व स्वप्रमाणित पत्र लेकर परीक्षा की अनुमति दी गई।



### अब तक 57 आरोपी हो चुके हैं गिरफ्तार

परीक्षा के दौरान सहारनपुर, फतेहपुर, एटा, जौनपुर, मेरठ व कानपुर व अन्य जिलों में तीन साल्वर समेत 22 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। परीक्षा के दौरान अब तक कुल 57 आरोपित गिरफ्तार किए जा चुके हैं। भर्ती बोर्ड के अध्यक्ष राजीव कृष्ण का कहना है कि जिन संदिग्ध अभ्यर्थियों को परीक्षा की अनुमति दी गई है, उनके दस्तावेजों की पूरी गहनता से जांच कराई जाएगी। जो अभ्यर्थी पूरी तरह से गड़बड़ पाए जाएंगे, उनके विरुद्ध विधिक कार्रवाई होगी।

### फर्जी दस्तावेजों के सहारे पहुंचे थे परीक्षा देने

सिपाही भर्ती परीक्षा 23, 24 व 25 अगस्त को हुई थी। जन्माष्टमी के कारण परीक्षा की तिथियों में चार दिनों का अंतराल किया गया था। प्रदेश के 67 जिलों में स्थित 1,174 परीक्षा केंद्रों में चौथे दिन शुक्रवार को दोनों पालियों में कुल 9,63,613 अभ्यर्थियों को परीक्षा देनी थी। इनमें 8,03,842 अभ्यर्थियों ने अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड किए थे। चौथे दिन कुल 28.2 प्रतिशत अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ी।

पहली पाली की परीक्षा के दौरान 61 व दूसरी पाली में 33 संदिग्ध अभ्यर्थी पकड़े गए। वहीं पुलिस ने सहारनपुर में राजस्थान के धौलपुर निवासी जितेंद्र सिंह को फर्जी दस्तावेजों के जरिये अपनी उम्र कम दर्शाकर परीक्षा में शामिल होने के मामले में पकड़ा। आरोपित ने 10वीं व 12वीं की परीक्षा दोबारा दी थी, जिसमें उम्र कम दर्शाकर जालसाजी की। सहारनपुर में ही ठीक इसी प्रकार उम्र कम दर्शाकर परीक्षा देने पहुंचे बागपत निवासी प्रभात तोमर, मेरठ निवासी प्रशांत कुमार व बुलंदशहर निवासी सतीश को भी गिरफ्तार किया गया।

फतेहपुर में दो अलग-अलग आधार कार्ड में अलग-अलग जन्मतिथि होने के मामले में औरैया निवासी ऋषि कुमार को गिरफ्तार किया गया। एटा में आगरा निवासी अतुल भदौरिया अपने भाई नितिन भदौरिया के स्थान पर परीक्षा देते पकड़ा गया।

## युवती को प्रेमजाल में फंसाकर मुस्लिम युवक ने धर्मपरिवर्तन कराकर रचाई शादी

**(14साल अस्मत से खेलने के मन भरा तो दूसरी युवती से निकाह कर पहली पत्नी की पिटाई कर घर से निकाला,दिया तीन तलाक)**

**(पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पर मुकदमा दर्ज कर हिरासत मे लिया)**

अमन लेखनी समाचार

निगोहां। एक गांव में रहने वाले युवक ने अपना नाम बदलकर धर्म छिपाते हुये 14साल पहले हिन्दू युवती को अपने प्रेम जाल में फंसाकर धर्म परिर्वतन कराकर शादी कर लिया।जिसके बाद युवक ने प्रपत्रो में भी हिन्दू युवती नाम परिवर्तित कराकर नाजिया रख दिया।तीन साल पहले दूसरी महिला से निकाह करने के बाद पहली पत्नी की पिटाई कर घर से निकाल दिया ? ।जिसके बाद से वो अपने मायके में भाई के पास रहने लगी।पीड़िता का आरोप है सात दिन पहले पति ने भाई के घर पहुंचकर उसकी बुरी तरह पिटाई कर तीन तलाक बोलकर तलाक दे दिया।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम व मुस्लिम विवाह अधिनियम समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है। निगोहां के एक गांव की रहने वाली युवती ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया 14 साल पहले उतरावा के डीह गांव का रहने वाले युवक ने अपना नाम बब्लू बताकर उससे दोस्ती कर प्रेमजाल में फंसा लिया ओर घर से भगा ले गये गया ओर शादी रचाकर कुछ दिन बाद वापस अपने घर ले आया।जिसके बाद युवती को पता चला पति बब्लू का असली नाम ताज मोहम्मद है।जिसके बाद ताज मोहम्मद ने जबरन उसका धर्म परिवर्तन कराकर उसका प्रपत्रो में नाम परिवर्तित कराकर नाजिया रख दिया। विरोध के बाद भी वो कुछ नही कर सकती थी तो चुपचाप प्रताड़ना बर्दाश्त कर पत्नी के रूप में ताज मोहम्मद के साथ रहने लगी।इस दौरान उसने एक बेटे व बेटी को भी जन्म दिया।जिसके बाद पति ताज मोहम्मद की प्रताड़ना आये दिन बढती गयी ओर दूसरी युवती से दिल लगा बैठा ओर 2021 में पति निकाह कर युवती को घर ले आया।जब उसने विरोध किया तो मारपीट कर घर से निकाल दिया।जिसके बाद वो मायके में अपने भाई के पास रहने चली गयी। पीड़िता ने बताया 24 अगस्त को ताज मोहम्मद उसके भाई के घर आ धमका ओर उसकी जमकर पिटाई करने के बाद तीन बार तलाक-तलाक बोलकर उसे तलाक दे दिया.शुक्रवार को पूरा मामला सोशल मीडिया ग्रुपो पर वायरल होने पर मोहनलालगंज सर्किल के एसीपी रजनीश वर्मा ने गम्भीरता से संज्ञान लेते हुये निगोहां थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी को मुकदमा दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के निर्देश दिये।जिसके बाद पुलिस ने आनन-फानन पीड़िता की तहरीर पर आरोपी पर धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम,मुस्लिम महिला विवाह अधिनियम,प्रताड़ना समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर त्वरित कार्यवाही करते हुये आरोपी को हिरासत में लिया।एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया पीड़िता की तहरीर पर आरोपी ताज मोहम्मद पर मुकदमा दर्ज कर त्वरित कार्यवाही करते हुये हिरासत में ले लिया गया है।

## जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षो में मारपीट,कई घायल



अमन लेखनी समाचार


निगोहां। बरवलिया गांव निवासी आकांक्षा बाजपेयी का अपने पड़ोसी प्रमोद शर्मा से जमीनी विवाद चल रहा है,जिसका मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है,जिसके बाद भी शुक्रवार को आकांक्षा बाजपेयी अपने परिवार के सदस्यो के साथ उक्त विवादित भूमि पर बनी प्रमोद शर्मा की बाउंड्री को जबरन गिरा दिया,जिसके बाद दोनो पक्षो की महिलाओ में गाली-गालौज से शुरू हुआ विवाद कुछ देर में मारपीट में बदल गया ओर दोनो पक्षो के दर्जन भर लोग लाठी डंडो से लैस होकर आमने सामने आ गये ओर जमकर मारपीट हुयी।मारपीट में एक पक्ष से आकांक्षा व उसकी बहन आशा व परिवार के अन्य सदस्य व दूसरे पक्ष के भी कई लोग घायल हो गये।थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया दोनो पक्षो की तहरीर पर मारपीट समेत अन्य धाराओ में क्रास एनसीआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है।

## प्रसव पश्चात परिवार नियोजन सेवाओं की गुणवत्ता व रिपोर्टिंग सुनिश्चित करें : डॉ. नेपाल सिंह

**पीएसआई इंडिया के सहयोग से स्वास्थ्य कर्मियों का ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित**

**कार्यक्रम में जिला महिला अस्पताल व मेडिकल कॉलेज की डॉक्टर, स्टाफ नर्स ने लिया भाग**

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर। जिला महिला अस्पताल में पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई-इंडिया) के सहयोग से जिला महिला अस्पताल व मेडिकल कालेज की चिकित्सकों व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों का ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नेपाल सिंह ने की। कार्यक्रम में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के साथ ही प्रसव पश्चात गर्भ निरोधक सेवाओं को प्रदान करने के बारे में विस्तार से चर्चा हुई। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने कहा कि परिवार कल्याण सेवाओं को प्रदान करने की रिपोर्ट समय से हेल्थ मैनेजमेंट एंड इन्फॉर्मेशन सिस्टम (एचएमआईएस) पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

कार्यक्रम में पीएसआई-इंडिया के मैनेजर प्रोग्राम इम्प्लीमेंटेशन अनिल एवं जिला अस्पताल की डॉ. शिल्पी व डॉ. जेबा ने कार्यक्रम के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। इसके साथ ही प्रसव पश्चात और गर्भपात पश्चात परिवार कल्याण सेवाओं के बारे में चर्चा करने के साथ ही चिकित्सालयों में प्रदान की जाने वाली प्रसव पश्चात परिवार नियोजन सेवाओं की मासिक रिपोर्ट एचएमआईएस पोर्टल पर निश्चित रूप से अपलोड करने की अपेक्षा की गयी। बैठक में उपस्थित चिकित्सकों और अन्य स्टाफ से कहा गया कि वह हर माह की 21 से अगले माह की 20 तारीख तक प्रसव संबंधी सेवाओं, परिवार कल्याण कार्यक्रम, मातृ एवं शिशु जन्म रिपोर्ट अनिवार्य रूप से कार्यालय भेजें और रिपोर्ट भारत सरकार के पोर्टल हेल्थ मैनेजमेंट एंड इन्फॉर्मेशन सिस्टम (एचएमआईएस) पर अपलोड करें। कार्यक्रम में प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ, स्टाफ नर्स, एएनएम, वार्ड आया और एचएमआईएस ऑपरेटर, हॉस्पिटल मैनेजर रईस खान के साथ में पीएसआई इंडिया से अनिल द्विवेदी और गणेश शुक्ला उपस्थित रहे।

## घर में घुस कर मारपीट जान से मारने की धमकी महिला से अभद्रता का आरोप,मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र के गंगानगर अमौसी क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने करीब आधा दर्जन से अधिक लोगो के खिलाफ मारपीट, व अश्लीलता करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।महिला का आरोप है की वह अपने घर में बैठी थी, छोटे बेटे अभिषेक सिंह का 30/8/2024 को बरेली में पेपर था पेपर देने के लिए अपने बड़े भाई अमित सिंह के साथ रेलवे स्टेशन चारबाग लखनऊ ट्रेन पर बिठाने गया था । पति हरीश सिंह अपनी ड्यूटी पर थे। महिला अपनी (6) माह की रक्षा सिंह को पीछे के कमरे में दूध पिला रही थी और भतीजा अजीत सिंह आगे के कमरे में बैठा पढ़ाई कर रहा था। कि अचानक इन्द्र कुमारी, पति कुलदीप सिंह, और नितिन सिंह , आधा दर्जन से अधिक लोग कार व बाइक से लाठी डंडा सरिया बेलचा आदि लेकर घर को घेर कर गाली गलौज करते हुए पीछे कमरे का दरवाजा तोड़ कर अन्दर घुस आए व बेटी रक्षा सिंह जो की अपनी (6) माह की बेटी को दूध पिला रही थी की सभी ने छेड़छाड़ करते हुए अश्लील हरकत करने लगे और सभी लोग हम लोगो को जान से मारने की नियत से अपने हाथों में लिए लाठी डंडे से हमला कर दिए। और आस पास के काफी लोग एकत्र होने लगे व 112 पर सूचना देने के बाद भीड़ बढ़ती देख वह सभी लोग वहां से जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए । फिलहाल सरोजनीनगर पुलिस पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज जांच कर रही हैंगंग

## प्रश्न का उत्तर न देने पर शिक्षक ने छात्र को पीटा

**आरोप**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। शिक्षक ने एक छात्र से प्रश्न का उत्तर न देने पर उसकी पिटाई कर उसका सिर टेबल से लड़ाया जिससे छात्र को आई चोटें पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर जांच शुरू कर दी है।

रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम मनकौटी निवासी शिवरानी पत्नी स्व शिवराज ने तहरीर देकर आरोप लगाया की उसका बेटा अमन गौतम 10 वर्ष मोहम्मद रफीक शिक्षण संस्थान भतोइया में चौथी कक्षा का छात्र है। माता शिवरानी ने बताया कि बीते बृहस्पतिवार को वह अपनी कक्षा में पढ़ रह था। तभी मनकौटी निवासी शिक्षक संदीप ने बेटे अमन से एक प्रश्न पूछा। जिसका उत्तर वह नहीं दे सका यह बात शिक्षक को इतनी नागवार गुजरी कि उसको पकड़कर छड़ी से जमकर पीटा उसके बाद उसका सिर पास में रखी टेबल से लड़ा दिया। आरोप है कि जिससे मासूम छात्र घायल हो गया और उसके हाथ और शरीर में अंदरूनी चोट पहुंची है। जिसके बाद घर में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। घर पहुंचे बच्चे की हालत देखकर परिजनों ने रहीमाबाद पुलिस से घटना की शिकायत कर शिक्षक/अध्यापक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में रहीमाबाद एसओ अनुभव सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है. जांच की जा रही है. जांच उपरांत आगे की कार्रवाई की जाएगी।



चौथी का छात्र अमन – फोटो

## पुलिस ने जिलाबदर किये जाने की करायी मुनादी

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज।लाउडस्पीकर पर मुनादी कर मोहनलालगंज पुलिस का जिला बदर अपराधी की सूचना ग्रामीणो को देना शुक्रवार को चर्चा का विषय बना रहा,पुलिस आयुक्त के निर्देश पर अपराधियों पर नकेल कसने के लिये ओर कड़ी कार्यवाही का संदेश देने के लिये मोहनलालगंज पुलिस ने जिला बदर अपराधी अरूण यादव के मानखेड़ा गांव स्थित घर पहुंचकर लाउडस्पीकर पर मुनादी कर ग्रामीणो को जहा एक ओर सचेत किया तो वही छः माह की जिला बदर अवधि तक जनपद में दिखाई देने पर कड़ी कार्यवाही किये जाने की चेतावनी भी दी।मोहनलालगंज के कनकहा मजरा मानखेड़ा निवासी शातिर अपराधी व एसटीएफ टीम पर जानलेवा हमले के आरोपी व डीडीसी अरूण यादव को संगीन अपराधियो? गतिविधियों में संलिप्त होने के चलते बीते बुद्धवार को लखनऊ पुलिस ने छः माह के लिये जिला बदर किया था। अपराधियों पर नकेल कसने के लिये ओर जनता को अपराधियों पर कड़ी कार्यवाही का मैसेज देने के लिये शुक्रवार को कनकहा चौकी इंचार्ज ने पुलिस टीम के साथ जिला बदर अपराधी अरूण यादव के गांव पहुंचकर लाउडस्पीकर से मुनादी कर जिलाबदर किये जाने की जानकारी देते हुये घर के बाहर नोटिस चस्पा कर उक्त अवधि में जनपद में दिखाई देने पर कड़ी कार्यवाही किये जाने की चेतावनी दी।

## कानपुर, सुलतानपुर व अयोध्या के लिए चलेंगी छह नई बसें, तैयार किया गया रूट चार्ट

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। राजधानी के आसपास के प्रमुख शहरों में अब आवागमन और सुगम होगा। परिवहन निगम कानपुर, सुलतानपुर व अयोध्या के लिए छह नई बसें शुरू करने जा रहा है। क्षेत्रीय कार्यालय ने नई बसों का रूट चार्ट तैयार करके उन मार्गों पर चलाने के निर्देश दिये हैं जहां यात्रियों की संख्या अधिक है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर परिवहन निगम को बजट में धन का आवंटन किया गया है, उसके बाद भी नई बसें रह-रहकर उपलब्ध हो रही हैं, साथ ही 15 वर्ष की आयु पूरा कर चुकी बसों को बाहर किया जा रहा है। निगम की ओर से लखनऊ क्षेत्र को कुछ दिन पहले ही छह नई बसें दी गई हैं। उनमें से दो बसों को कानपुर मार्ग पर चलाया जाएगा, ये बसें चारबाग बस स्टेशन व आलमबाग बस टर्मिनल से चलेंगी, ऐसे ही सुलतानपुर के लिए भी दो बसें चारबाग बस स्टेशन चलेंगी।

क्षेत्रीय प्रबंधक आरके त्रिपाठी ने बताया कि अयोध्या के लिए दो बसों का आवंटन हो रहा है। ये बसें कैसरबाग व कमता स्थित अवध बस स्टेशन से चलेंगी। इन सभी की समय सारिणी तैयार की जा रही है। उन्होंने बताया कि बीएस-6 माडल की बसें अत्याधुनिक सुविधाओं मसलन, पैनिक बटन और साउंड सिस्टम आदि से लैस हैं। बसों के संचालन से यात्रियों को आवागमन में सहूलियत मिलेगी।

## संक्षेप

### महिला से झुमके लूटने वाले दो लुटेरे गिरफ्तार

उन्नाव। अजगैन क्षेत्र में टोल बैरियर के पास छह दिन पहले एक दम्पति के साथ लूट की वारदात हुई थी। बाइक सवार लुटेरों ने पीड़िता के कानों से झुमके लूट लिए थे। इस घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एसपी ने स्वाट टीम को लगाया था। अब इस मामले में सफलता मिल गई है। पुलिस ने घटना में शामिल दो लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही, उनके पास से लूटी गई झुमकी और वारदात में प्रयुक्त बाइक भी बरामद की है।जानकारी के मुताबिक, लखनऊ के राजाजीपुरम से अपनी पत्नी रोशनी के साथ बाइक पर जा रहे रोशन लाल की बाइक को लुटेरों ने रोका और उनकी पत्नी के कान के झुमके लूट लिया। लूट की इस घटना ने पुलिस महकमे में हड़कंप मचा दिया था। नवाबगंज चौकी इंचार्ज ने मामले को नजर अंदाज करने की कोशिश की। लेकिन जब घटना सोशल मीडिया पर वायरल हुई, तो एसपी ने खुद मामले का संज्ञान लिया। इसके बाद पुलिस ने स्थानीय थाना और स्वाट टीम की मदद से फुटेज की जांच शुरू की।पुलिस को जैतीपुर के एक ज्वैलर्स की दुकान पर लूट की बाइक के फुटेज मिले। जिसके बाद सर्राफ को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ के बाद पुलिस ने अंकुल तिवारी और धर्मेंद्र लोधी नामक दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। एक आरोपी गंगाघाट थाना क्षेत्र का निवासी है। जबकि दूसरा सोहरामऊ थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने दोनों आरोपियों से लूटी गई झुमकी और बाइक बरामद कर ली। उनके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

### साइबर सिक्योरिटी जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

उन्नाव। विकास खंड असोहा के राजकीय महाविद्यालय गोसाई खेड़ा में साइबर सिक्योरिटी पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम का उद्देश्य कानपुर विश्वविद्यालय तथा आईआईटी द्वारा निर्मित साइबर सिक्योरिटी वोकेशनल कोर्स के प्रति छात्र-छात्राओं को जानकारी देना था। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रोफेसर दीप्ति खरे ने छात्र-छात्राओं को कार्यक्रम का महत्व बताया। डॉक्टर कीर्ति मदनानी द्वारा बीए बीएससी बीकॉम के तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं को उनके वोकेशनल कोर्स साइबर सिक्योरिटी के बारे में विस्तृत जानकारी दी। डॉ प्रशांत सिंह ने अपने सम्बोधन मेंबताया की आज के डिजिटल युग में सारा काम इंटरनेट के माध्यम से होता है जिसके कारण सबका डाटा आपस में इंटर कनेक्टेड रहता है अतः कई प्रकार के साइबर अपराध की संभावना बढ़ जाती है। साइबर हमले जैसे फिशिंग मालवेयर आदि क्या है और उनसे बचने के लिए साइबर सुरक्षा के बारे में जानना कितना आवश्यक है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रोफेसर रश्मि श्रीवास्तव, प्रोफेसर आर पी वर्मा, डॉ जीपी राठौर ,डॉ सुनीता रावत, डॉ पुष्पेंद्र डॉ पूनम चौहान, डॉ ज्योति बाजपेई, डॉ प्रियंका गौर, डॉ प्रेरणा त्रिपाठी, डॉ राधेश सहित छात्र ये उपस्थित रही।

# तेहरवी कार्यक्रम में पहुंचे डिप्टी सीएम ने अर्पित की श्रद्धांजलि

अमन लेखनी समाचार



हसनगंज, उन्नाव। भारतीय जनता पार्टी के सीतापुर के जिला प्रभारी की मां का बीते 18 अगस्त को देहांत हो गया था। उनकी तेहरवीं कार्यक्रम में शामिल होने आज डिप्टी सीएम बृजेश पाठक, सदस्य विधान परिषद स्वतंत्र राज्य मंत्री सहित अन्य कई नेता पहुंचे, जहां उन्होंने श्रद्धांजलि अर्पित की है। इस दौरान डिप्टी सीएम ने कहा कि होने वाले विधानसभा उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी 10 में 10 सीट जीतेगी।प्रदेश में पहले प्राथमिक विद्यालय में आज ब्रॉडबैंड कनेक्शन की शुरूआत की है। सीतापुर के जिला प्रभारी नीरज सिंह की माता गायत्री सिंह का बीते 18 अगस्त को बीमारी के चलते देहांत हो गया था। उनकी तेरहवीं कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, सदस्य विधान परिषद भूपेंद्र सिंह चौधरी, स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री उद्यान कृषि विपणन विदेश व्यापार दिनेश प्रताप सिंह, पूर्व मंत्री सदस्य विधान परिषद डॉक्टर महेंद्र सिंह, कारागार राज्य मंत्री सुरेश सिंह ने पहुंचकर चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी।इस मौके पर अपर महाधिवक्ता रमेश कुमार सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, मनोज सिंह, नीरज सिंह, राजीव कुमार सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे। वापस जाते समय हसनगंज प्राइमरी स्कूल में पद्मिनी सिंह द्वारा एफटीटीएच कनेक्शन का उद्घाटन फीता काटकर किया। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि इससे बच्चों को स्मार्ट क्लासेस, टीचरों की ऑनलाइन उपस्थिति सहित अन्य कार्य सरल हो जाएंगे।विधानसभा उपचुनाव को लेकर बताया कि पार्टी 10 की 10 सीटों पर जीत हासिल करेगी। जनता भाजपा के साथ है। स्थानीय लोगों ने डिप्टी सीएम से स्वास्थ्य सेवाओं पर सवाल उठाए तो उन्होंने कहा कि आप लोगों के द्वारा जो भी समस्या अवगत कराई गई हैं इसकी जांच कराई जाएगी, जो भी दोषी होंगे उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### अपने अपने वाहनों की लाइट ठीक कर रहे दो चालको को बस ने मारी टक्कर, मौत

उन्नाव। अचलगंज थाना क्षेत्र में उन्नाव-रायबरेली मार्ग स्थित पंडित ढाबा के पास गुरुवार देर रात दो ट्रक के चालक और खलासी अपने-अपने वाहनों की लाइट ठीक कर रहे थे। तभी एक छोटी बस ने पीछे से टक्कर मार दी। इस घटना में दोनों ट्रक के चालक की मौत हो गई। जबकि एक खलासी राम प्रकाश तिवारी गंभीर रूप से घायल हो गया।सूत्रों के अनुसार, दिवाकर सिंह और संदीप सिंह के साथ ट्रक में मौजूद खलासी दुर्गविजय मिश्र और राम प्रकाश तिवारी कानपुर से गल्ला और सरसों का तेल लेकर बिहार के दरभंगा जा रहे थे। पंडित ढाबा के पास दिवाकर सिंह के ट्रक की लाइट खराब हो गई। जिसे ठीक करने के लिए वे सभी सड़क किनारे खड़े हो गए थे। इसी दौरान उन्नाव की ओर से आ रही एक छोटी बस ने ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी।हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर घायलों को एम्बुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल भेजा। अस्पताल पहुंचने पर इमरजेंसी डॉक्टर आशीष सक्सेना ने दिवाकर सिंह और संदीप सिंह को मृत घोषित कर दिया। घायल खलासी राम प्रकाश का इलाज चल रहा है। हादसे के समय दिवाकर सिंह के साथ मौजूद खलासी दुर्गविजय मिश्र ने मौके पर ही घायलों को अस्पताल पहुंचाने में मदद की।

# विस्फोट के बाद चौराहे पर बालू के ढेर में बोरी भरी मिली सामग्री

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। बारासगवर क्षेत्र में आतिशबाज के घर हुए विस्फोट के दूसरे दिन बिसेनमऊ के शिवगंज चौराहे पर बालू के ढेर में मिली कोई सामग्री भरी बोरिया मिलने से सनसनी फैल गयी। स्थानीय लोगो के अनुमान के अनुसार इन बोरियों में विस्फोटक सामग्री भरी थी। लोगो द्वारा पुलिस को सूचना दिए जाने पर थाना बीघापुर व थाना बारासगवर पुलिस मौके पर पहुँची लेकिन सीमा विवाद में उलझ गयी।काफी जद्दोजहद के बाद बीघापुर थाना प्रभारी राजपाल ने जान की परवाह न करते हुए जब बोरियों को खोला तो उनमें पटाखे भरे मिले। पुलिस के लिए यह सवालिया प्रश्न बन गया। ये पटाखे किसके है कहा से खरीद कर आए। क्या कोई दूसरी घटना होने वाली थी ।बारासगवर क्षेत्र में केवल चंद्रशेखर नामक व्यक्ति के पास ही आतिशबाज का लाइसेंस है तो ये पटाखे किसके है। फिलहाल उन बोरियों में मिले कागजो से कुछ अहम सुराग भी पुलिस को मिले है। फिलहाल उन बोरियों को जेसीबी से गड्ढा खोदकर दफन कर दिया गया है।

इनसेट- बीघापुर सर्किल में कितने आतिशबाज ऐसे है जो बिना लाइसेंस अवैध रूप से आतिशबाजी का काम कर रहे है। पुलिस इन पर नजर क्यो नही बना के रख रही। अभी तो शादी बारात का सीजन भी नही चल रहा फिर ये अवैध भंडारण क्यो किया जा रहा।

पुलिस को इन मामलो में गंभीरता दिखाते हुए अवैध आतिशबाजो के खिलाफ सख्त कार्यवाही करनी चाहिए।

# संदिग्ध परिस्थितियों में रस्सी के सहारे लटका मिला युवक का शव

अमन लेखनी समाचार



शुक्लागंज, उन्नाव। मिश्रा कॉलोनी मोहल्ले में एक युवक का शव संदिग्ध हालात में पाया गया। मृतक की पहचान 24 वर्षीय मानस शुक्ला के रूप में की गई है, जो पेशे से जिम ट्रेनर था और ननिहाल में रह रहा था। पुलिस के अनुसार, मानस शुक्ला अपने नाना स्व. महेन्द्र मिश्रा के घर में अकेला रहता था। गुरुवार को पड़ोसियों ने जब दरवाजा न खुलने पर देखा, तो उन्हें संदेह हुआ। उन्होंने झांक कर देखा कि मानस का शव रस्सी कूदने वाली रस्सी से लटका हुआ मिला और उसकी स्थिति अजीब थी। शव की जांच से पता चला कि वह रस्सी से फांसी पर लटका हुआ था और जमीन पर गिरा हुआ था। इस संदिग्ध स्थिति ने मौत की परिस्थितियों पर प्रश्न चिह्न लगा दिया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले के विभिन्न पहलुओं की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच के आधार पर, पुलिस आत्महत्या या हत्या के एंगल पर जांच कर रही है। फिलहाल, इस घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है, और जांच जारी है।

# अतिशबाज के घर में हुए धमाके में घायल महिला की मौत

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बारासगवर के अंतर्गत करनाईपुर गाँव मे आतिशबाज के घर में संदिग्ध परिस्थितियों में हुए विस्फोट में घायल महिला की ईलाज दौरान मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है।गौरतलब है कि गुरुवार को देर सुबह टेढ़ा गाँव से सटे करनाईपुर गांव में बने एक मकान में जोरदार धमाका हुवा था। उसी धमाके के साथ ही दो मंजिला इमारत कुछ ही पलों में जमीदोज हो गई थी । धमाका होने के बाद मकान मालिक सुनील गौतम पुत्र स्व०नन्हे गौतम व सहयोगी महतू उर्फ सर्वेश पुत्र राजकुमार गंभीर रूप से घायल मकान के बाहर अधजले घर से बाहर दौड़ कर निकले थोड़ी ही दूर जाकर वह गिर पड़े जबकि सुनील गौतम की पत्नी बीना गौतम को रेस्क्यू टीम द्वारा घायल अवस्था मे मकान के मलबे से निकाला गया था। तीनो का उपचार जिला अस्तपताल में चल रहा था।जहा से हैलेट कानपुर रिफर कर दिया गया था। गुरुवार देर रात बीना गौतम उम्र लगभग 40 वर्ष जिसका मायका बारा क्षेत्र के गढेवा गाँव मे है कानपुर हैलेट में उपचार दौरान मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया था। आज जब शाम उसका शव गाँव पहुँचा उसके पिता भानू गौतम सहित पूरा परिवार बिलखता चिल्लाता रह गया। जबकि उसके पति व आतिशबाजी में सहयोग करने वाला महतू की हालत गंभीर बनी हुई है। विस्फोट के समय बीना गौतम के पुत्र प्रियांशु, मयंक व पुत्री खुशी बीघापुर स्थित लक्ष्मी नारायण पब्लिक ई०का०पढ़ने हेतु गए थे जिसके कारण बच्चो की जान बच सकी।

ये घटना आतिशबाजी के लिए रखी गयी सामग्री में विस्फोट से हुआ या घर मे रखे गैस सिलेंडर के फटने से स्थिति को भयावह बना दिया । यह तो फोरेंसिक जांच रिपोर्ट बाद ही पता चल पाएगा। लेकिन अवैध रूप से कई दशकों से आतिशबाजी का काम कर रहे इस परिवार के सदस्यों का विस्फोटों से मरना पुलिस के लिए नाकामी साबित हुआ।

### विद्युत बिल बकायेदारों का काटा गया कनेक्शन

शुक्लागंज, उन्नाव। एक्सईएन सूर्योदय कुमार के निर्देश पर एसडीओ राजेन्द्र प्रसाद ने जेई विष्णु शुक्ला और अक्षय तिवारी के नेतृत्व में बिजली कर्मियोंकी टीम ने शुक्रवार को नगर समेत कई क्षेत्रों में अभियान चलाया। जहां टीम ने बड़े बकायेदारों के कनेक्शन काटे। इसके साथ ही उनसे राजस्व भी वसूला। इस दरम्यान विभाग ने विल न जमा करने वाले 99 उपभोक्ताओं का विजली कनेक्शन काट दिया। एसडीओ ने वताया कि पौने दस लाख के करीव वकाया राजस्व वसूला गया है। वहीं गुरूवार को दो घरों में कटिया से विजली उपभोग करना पाया गया। जेई अक्षय तिवारी ने दोनों के खिलाफ चोरी विद्युत चोरी अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज करायी है।

# अनियंत्रित डंफर ने ऑटो में मारी टक्कर, महिला की मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। दही थाना क्षेत्र के लखनऊ-कानपुर हाईवे पर स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज के सामने शुक्रवार को एक भीषण सड़क हादसा हुआ। तेज रफ्तार डंपर ने ऑटो को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे ऑटो डिवाइडर से टकराकर पलट गया। इस हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि दो अन्य महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं।सूत्रों के अनुसार, लखनऊ थाना बंथरा के कटी बगिया मिजार्पुर गांव की निवासी लक्ष्मी अपने देवरानी विमल और रेनू के साथ किसी काम से शहर आ रही थी। इसी दौरान तेज रफ्तार डंपर ने उनके ऑटो को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो डिवाइडर पर जा गिरा और पलट गया।घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने तुरंत एंबुलेंस की मदद से घायल महिलाओं को जिला अस्पताल पहुंचाया। वहां पर इमरजेंसी के डॉक्टर ने लक्ष्मी को मृत घोषित कर दिया। विमल और रेनू का इलाज चल रहा है। लक्ष्मी के तीन बच्चे सुमित, साहिल और नितिन हैं। लक्ष्मी शहर के एक मोहल्ले में अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रही थी। पुलिस ने परिजनों को हादसे की सूचना दे दी है और शव का पोस्टमार्टम परिजनों की उपस्थिति में कराया जाएगा। दही थाना प्रभारी संजीव कुशवाहा ने बताया कि तहरीर मिलने के बाद आवश्यक विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# नगर में आये दिन लगने वाला जाम बना नासूर,लोगों का निकलना दूभर

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के हरदोई- उन्नाव मुख्य मार्ग पर पटरी दुकानदारों द्वारा फुटपाथ पर अतिक्रमण कर लिए जाने व ई बैटरी रिक्शा चालकों द्वारा मार्ग पर ही अपने वाहन खड़े करके सवारियों को बैठालने के चलते नगर में हर दिन भीषण जाम की स्थिति बनी रहती है। भीषण जाम के चलते नागरिकों के साथ ही वाहनों का निकलना दूभर हो जाता है। नगर में ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था न होने तथा मुख्य मार्ग के दोनों ओर पटरी दुकानदारों व ठेला लगाने वाले दुकानदारों द्वारा फुटपाथ पर अतिक्रमण कर लिए जाने व ई बैटरी रिक्शा चालकों की मनमानी के चलते मुख्य मार्ग पर पूरे दिन भीषण जाम की स्थिति बनी रहती है। जाम लगने से छोटे वाहनों के साथ ही बड़े वाहन भी घंटों जाम में फंसे रहते हैं, जिससे काफी समय बर्बाद होने के साथ ही काफी नुकसान भी होता है। नगर में लगने वाले भीषण जाम की वजह से सबसे ज्यादा दुर्घटना में घायल हुए गंभीर मरीज प्रभावित होते हैं। नगर के सरकारी अस्पताल से रेफर किए गए मरीज उन्नाव, कानपुर या लखनऊ भेजे जाते हैं। जाम की वजह से मरीज घंटों नगर में ही फंसे रहते हैं, जिससे गंभीर व दुर्घटनाग्रस्त मरीज तत्काल उपचार हेतु समय से बाहर नहीं पहुंच पाते हैं, जिसके कारण कई मरीज रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं। यही हाल नगर की मुख्य बाजार का है, जहां दुकानदारों द्वारा मार्ग पर सामान लगा कल अतिक्रमण कर लिए जाने के चलते मुख्य बाजार के लगभग सारे मार्ग अवरुद्ध हो चुके हैं। जिनसे बाइक निकलना तो दूर पैदल निकल पाना काफी मुश्किल होता जा रहा है। नगर के मुख्य चौराहों पर यातायात व्यवस्था के लिए लगाए गए होमगार्ड भी कुछ खास नहीं कर पाते हैं। इसलिए जाम लगने पर वो बेबस व लाचार नजर आते हैं। नगर में ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था न होने तथा ई बैटरी रिक्शा चालकों की मनमानी व पटरी दुकानदारों व ठेला लगाने वाले दुकानदारों द्वारा फुटपाथ के दोनों ओर अतिक्रमण कर लिए जाने के चलते नगर में जाम की समस्या काफी समय से ज्यों कि त्यों बनी हुई है। स्थानीय निकाय व तहसील प्रशासन के अधिकारी सब कुछ जानते हुए भी अंजान बने हुए हैं। वहीं जानकार लोगों का मानना है की पटरी दुकानदारों व ठेला लगाने वालों को मार्ग से दो-दो फिट पीछे कर दिया जाए तो काफी जगह निकल आएगी और आए दिन लगने वाले जाम की स्थिति पर नियंत्रण पाया जा सकता है। नगर के प्रमुख समाजसेवी फजलुर्रहमान, राम बिहारी वर्मा, शमसुल हसन, जाने आलम, सुभाष गुप्ता आदि ने नगर में ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था कराये जाने तथा हरदोई उन्नाव मार्ग के दोनों ओर पटरी दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण को शीघ्र खाली कराए जाने की मांग जिला प्रशासन से की है। जिससे नगर में लगने वाले भीषण जाम से निजात मिल सके।

# सीडीओ ने ब्लाक का किया औचक निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। मुख्य विकास अधिकारी के अचानक असोहा ब्लॉक पहुंचने से हड़कंप मच गया कर्मचारी इधर उधर भागते हुए नजर आए मुख्य विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा को असोहा ब्लॉक परिसर में अचानक देख कर्मचारियों में हड़कम्प मच गया जिसे देखो वो कर्मचारी इधर उधर भागता नजर आया , ब्लॉक सभागर में बैठे कर्मचारियों के पास फटा परिवार रजिस्टर देख वो बिफर गए ,ब्लॉक परिसर में गंदगी देख नाराजगी जताते हुए एडीओ पँचायत को ब्लॉक परिसर की साफ सफाई के निर्देश दिए ।वही ब्लॉक परिसर में आने से पहले कालूखेड़ा में फातिमा नर्सिंग होम को चेक किया ,इस सम्बंध में जब संवाद सूत्र ने जानकारी चाही तो उन्होंने बताया कि नर्सिंग होम में कमियां है इसके लिये प्रेस नोट जारी करेंगे ।मुख्य विकास अधिकारी के चले जाने से



कर्मचारियों ने राहत की सांस ली ।इस दौरान ब्लॉक प्रमुख आनन्द गुप्ता , प्रधान पुनीत शुक्ल ,प्रधान उमेश साहू ,चमन यादव ,सहित अन्य प्रधान गण व ब्लाक कर्मचारी मौजूद रहे

# दबंग शिकायतकर्ता की जायदाद हड़पने के लिए जान से मार डालने की धमकी

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हैबतपुर में करीब एक हफ्ता पूर्व दबंग ने मुर्गियों के मांस में जहर मिलाकर खिला देने से करीब आधा दर्जन कुत्ते मर गए थे। साथ ही दबंग ने शिकायतकर्ता के पुत्र का अपहरण भी कर लिया था। शिकायत पर पुलिस ने अपहृत को बरामद करने और कुत्तों के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद दबंग का शांति भंग की आशंका में चालान कर दिया था। अब दबंग शिकायतकर्ता की जायदाद हड़पने के लिए जान से मार डालने की धमकी दे रहा है। ग्राम हैबतपुर निवासी विष्णु स्वरूप कटियार द्वारा पुलिस अधीक्षक को प्रेषित शिकायती पत्र में कहा गया है कि गांव का राजेश पुत्र मुलई खूंखार अपराधी है। बीते 20 अगस्त को राजेश ने मुर्गियों के मांस में जहर मिलाकर कुत्तों को खिला दिया था। जिससे करीब एक दर्जन पालतू कुत्ते मर गए थे। शिकायत पर पुलिस ने कुत्तों के शव का पोस्टमार्टम भी कराया था।इसी रंजिश के चलते दबंग अपराधी राजेश ने बीते 22 अगस्त को उसके पुत्र रिकेश उर्फ शीलू का अपहरण कर लिया था। घटना की सूचना देने पर पुलिस ने उसके पुत्र को बरामद कर आरोपी राजेश को उचित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज न कर उसे शांति भंग की आशंका में चालान कर दिया था। पीड़ित का आरोप है कि जमानत पर रिहा होने के बाद अपराधी राजेश उसकी जमीन-जायदाद हड़पने की नीयत से उसे और उसके पुत्र को जान से मार डालने की धमकी दे रहा है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है।

# करोड़ो कीमत की भूमि को जिला प्रशासन ने भूमाफियाओं के कब्जे से कराया मुक्त

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। प्रशासनिक अधिकारियों की त्वरित कार्रवाई ने स्थानीय लोगों को बड़ी राहत दी है। जिलाधिकारी के निर्देश पर एसडीएम पुरवा, उदित नारायण सेंगर ने एक करोड़ 32 लाख रुपये की कीमत वाली ग्राम समाज की जमीन को माफियाओं के कब्जे से मुक्त कराया। इस भूमि पर 16 दुकानों और आवासों का अवैध निर्माण किया गया था, जिन्हें ध्वस्त कर दिया गया है।मौरावां और मोहनलालगंज के बसहा तिराहा पर स्थित इस भूमि पर लंबे समय से माफिया काबिज थे, जिससे स्थानीय लोग इस जमीन का उपयोग नहीं कर पा रहे थे। एसडीएम सेंगर ने पहले भी धारा 67 के तहत कार्रवाई की थी, लेकिन इस बार जिलाधिकारी के सख्त निर्देश के बाद, उन्होंने और कठोर कदम उठाए।प्रशासनिक टीम ने अवैध निमार्णों को गिराकर जमीन को कब्जामुक्त किया। कब्जेदारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है और मौरावां थाने में गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में लिया है और आगे की निरोधात्मक कार्यवाही की जा रही है।एसडीएम उदित नारायण सेंगर ने इस कार्रवाई को एक संदेश बताया कि प्रशासन अवैध कब्जों के खिलाफ कोई नरमी नहीं बरतेगा। उन्होंने स्थानीय लोगों से अपील की है कि वे किसी भी अवैध कब्जे की जानकारी तुरंत प्रशासन को दें, ताकि समय पर कार्रवाई की जा सके।उन्नाव में प्रशासनिक अधिकारियों की त्वरित कार्रवाई ने स्थानीय लोगों को बड़ी राहत दी है। जिलाधिकारी के निर्देश पर एसडीएम पुरवा, उदित नारायण सेंगर ने एक करोड़ 32 लाख रुपये की कीमत वाली ग्राम समाज की जमीन को माफियाओं के कब्जे से मुक्त कराया। इस भूमि पर 16 दुकानों और आवासों का अवैध निर्माण किया गया था, जिन्हें ध्वस्त कर दिया गया है।मौरावां और मोहनलालगंज के बसहा तिराहा पर स्थित इस भूमि पर लंबे समय से माफिया काबिज थे, जिससे स्थानीय लोग इस जमीन का उपयोग नहीं कर पा रहे थे। एसडीएम सेंगर ने पहले भी धारा 67 के तहत कार्रवाई की थी, लेकिन इस बार जिलाधिकारी के सख्त निर्देश के बाद, उन्होंने और कठोर कदम उठाए।प्रशासनिक टीम ने अवैध निमार्णों को गिराकर जमीन को कब्जामुक्त किया। कब्जेदारों के खिलाफ एफ आई आर दर्ज की गई है और मौरावां थाने में गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में लिया है और आगे की निरोधात्मक कार्यवाही की जा रही है।एसडीएम उदित नारायण सेंगर ने इस कार्रवाई को एक संदेश बताया कि प्रशासन अवैध कब्जों के खिलाफ कोई नरमी नहीं बरतेगा। उन्होंने स्थानीय लोगों से अपील की है कि वे किसी भी अवैध कब्जे की जानकारी तुरंत प्रशासन को दें, ताकि समय पर कार्रवाई की जा सके।इस कदम से क्षेत्रीय लोगों ने प्रशासन के प्रति आभार जताया है और इसे उनकी भूमि और अधिकारों की सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण पहल माना है। इस घटना से स्पष्ट हो गया है कि अब प्रशासन अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाएगा।

# इंडस्ट्रियल कॉरिडोर का मुख्य सचिव ने किया स्थलीय निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। मुख्य सचिव ने इंडस्ट्रियल कॉरिडोर का स्थलीय निरीक्षण किया। मुख्य सचिव ने पोलैंड की एक कंपनी जो उन्नाव के इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में अपनी फैक्ट्री लगाना चाहती है। इसको लेकर कैनपैक के सीईओ के साथ बैठक कर जमीन के बारे में जो भी जानकारी कंपनी को चाहिए थी। उसके बारे में अवगत कराया। कंपनी को चलाने के लिए बिजली पानी व अन्य जो भी मूलभूत सुविधाएं हैं, उनको लेकर भी मुख्य सचिव ने कंपनी के सीईओ को हर संभव मदद करवाने का आश्वासन दिलाया। वहीं इस कंपनी के लगने से हजारों की तादाद में लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है।बता दें कि उन्नाव में कानपुर-लखनऊ नेशनल हाईवे के पास में स्थित औद्योगिक कॉरिडोर में आज मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश सरकार ने पोलैंड की एक कंपनी के साथ मौके पर आकर कंपनी को आवश्यक जमीन का निरीक्षण करवाया। पोलैंड की यह कंपनी उन्नाव में स्थित इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में अपनी फैक्ट्री की स्थापना करना चाह रही है, जिसमें हजारों लोगों के रोजगार मिलने की संभावना है।यह कंपनी पेय पदार्थ के पैकिंग के लिए एल्युमिनियम पेय के डिब्बो और कांच की बोतलों से लेकर थातु के ढक्कनों और कंटेनर एवं अनेक प्रकार के टिकाऊ उत्पाद बनाती है।पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव मनोज सिंह उन्नाव में कानपुर लखनऊ नेशनल हाईवे के पास स्थित सराय कटियान गांव के पास बन रहे इंडस्ट्रियल कॉरिडोर की साइट पर आकर भौतिक निरीक्षण किया। मुख्य सचिव के साथ पोलैंड की कैनपैक कंपनी के अधिकारी भी मौजूद थे।मुख्य सचिव का मेन आगमन कैनपैक कंपनी के अधिकारियों को जमीन का भौतिक निरीक्षण करवाना था, क्योंकि उन्नाव में कैनपैक कंपनी अपनी एक मैन्युफैक्चरिंग यूनिट लगाना चाह रही है। इसके लिए उसे कई बाई जमीन की जरूरत है, जिसको लेकर मुख्य सचिव ने उन्नाव के अधिकारियों के साथ मिलकर भौगोलिक निरीक्षण किया एवं कंपनी के अधिकारियों को जमीन के बारे में हर पहलू पर बात कर उन्हें उनकी आवश्यकता अनुसार जमीन देने की बात कही।मुख्य सचिव ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि पोलैंड की एक कंपनी जो उन्नाव में अपनी फैक्ट्री की स्थापना करना चाह रही है, जिसको लेकर आज वह यहां पर आए हैं। उन्होंने फैक्ट्री की आवश्यकता अनुसार जमीन को लेकर कंपनी के अधिकारियों के साथ वार्ता की है एवं उन्हें हर संभव सुविधा देने के लिए आश्वस्त किया है। उन्होंने बताया कि इस कॉरिडोर में कई कंपनियां आएंगी, जिससे यहां के लोगों को रोजगार मिलेगा।मुख्य सचिव मनोज सिंह ने उन्नाव के अधिकारी जिनमें जल निगम, बिजली विभाग व उन्नाव के जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में बिजली पानी व सीवर की व्यवस्था जल्द से जल्द सुनिश्चित की जाए। जिससे जो फैक्ट्री संचालक यहां पर फैक्ट्री स्थापित करें उन्हें किसी प्रकार की कोई दिक्कत का सामना न करना पड़े।पोलैंड से शुरू हुई कंपनी कैनपैक आज कई देशों में पेय पदार्थ की पैकेजिंग के लिए संसाधनों का निर्माण कर रही है। कंपनी दुनिया भर में 27 संयंत्रों में कार्यरत लगभग 8500 कर्मचारी का एक बड़ा परिवार है, यह कंपनी खाद्य और पेय निमार्ता के लिए एल्युमिनियम पेय के डिब्बो और कांच की बोतलों से लेकर धातु के धक्कानों और कंटेनरों तक अनेक प्रकार के टिकाऊ उत्पाद तैयार करती है। यह कंपनी 30 वर्षों से ज्यादा समय से इस व्यवसाय में कार्यरत हैं, यह कंपनी पर उद्योग के लिए विभिन्न प्रकार की बोतल तैयार करती है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-टेंडरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मण्डल रेल प्रबंधक/विद्युत/ वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन ''खुली'' निविदायें (ई–टेंडरिंग) आमंत्रित करते हैः– **क्र.सं. (01), निविदा सूचना संख्याः ई–निविदा–एल–24–24–25,** कार्य का नाम : वाराणसी मंडल (बनारस, मऊ और छपरा डिपो) में तीन साल की अवधि के लिए प्राथमिक रखरखाव डिपो में एलएचबी और आईसीएफ एसी कोचों में फिट आरएमपीयू का करेक्टिव मेटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट (सीएमसी) ।, अनुमानित लागत (रू.) : 72318197.85, अमानत राशि (रू.) : 511600.00, कार्य समापन अवधि : 36 माह, निविदा समापन की तिथि एवं समय : 20.09.2024 14:30 बजे, निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 20.09.2024 14:30 बजे, उपरोक्त ई–निविदा के पूर्ण विवरण एवं निविदा में भाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जायें।

**वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर/सामान्य, वाराणसी**

**मुजाधि/विद्युत - 119**

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

## सम्पादकीय

# बढ़ते समुद्री जल स्तर के खतरे से निपटना चुनौती

दुनिया केवल दो-दो जंग, क्षेत्रीय संघर्ष, ट्रेड वार, सीमा विवाद, विस्तारवाद, भू-राजनीतिक तनाव, वर्चस्ववाद, ऊर्जा व खाद्य आपूर्ति संकट का सामना नहीं कर रही है, बल्कि मानवीय कृत आपदा के चलते जलवायु संकट से भी जूझ रही है। संयुक्त राष्ट्र ने दुनिया को एक और जलवायु चेतावनी जारी करते हुए समुद्रों के बढ़ते जलस्तर को 'विश्वव्यापी आपदा' बताया है। यह गंभीर विश्वव्यापी खतरे के संकेत है। भारत भी इससे अछूता नहीं है। बड़ी तटीय आबादी पर जलसमाधि का खतरा है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने जलवायु चेतावनी (एसओएस) में समुद्रों में तेजी से बढ़ रहे जलस्तर, खासकर प्रशांत क्षेत्र के अधिक असुरक्षित द्वीपीय देशों का उल्लेख किया है। संयुक्त राष्ट्र और विश्व मौसम विज्ञान संगठन ने सोमवार को समुद्र के बढ़ते जलस्तर पर एक रिपोर्ट जारी की है। पृथ्वी का तापमान बढ़ने और ग्लेशियरों के पिघलने से समुद्र का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। गुतारेस ने टोंगा की राजधानी से प्रशांत द्वीप समूह फोरम की बैठक में जलवायु परिवर्तन के चलते संभावित खतरे के प्रति विश्व को आगाह किया है। दरअसल, समुद्र का बढ़ता जलस्तर पूरी तरह से मानव निर्मित संकट है। अगर त्वरित ध्यान नहीं दिया गया तो यह संकट जल्द ही अप्रत्याशित पैमाने पर पहुंच जाएगा, जब हम कुछ भी करने की स्थिति में नहीं होंगे। टोंगा की राजधानी नुकु अलोफा के पास वर्ष 1990 से 2020 के बीच समुद्र का जलस्तर 21 सेंटीमीटर बढ़ा है, जो वैश्विक औसत 10 सेंटीमीटर से लगभग दोगुना है। समोआ के अपिया में समुद्र का जलस्तर 31 सेंटीमीटर बढ़ा है, जबकि फिजी के सुवा-बी में 29 सेंटीमीटर बढ़ा है। ये बढ़ते समुद्री जलस्तर दुनिया भर के तटीय क्षेत्रों के लिए गंभीर ख़तरा पैदा करते हैं। भारत की तटरेखा 7,500 किलोमीटर से ज़्यादा लंबी है। तटीय कटाव के कारण भारत 2050 तक लगभग 1,500 वर्ग किलोमीटर भूमि खो सकता है। बढ़ते समुद्री स्तरों का मुख्य कारण जलवायु परिवर्तन है, जो वायुमंडल में ग्रीनहाउस गैसों की बढ़ती सांद्रता के कारण होता है। जीवाश्म ईंधन के जलने और वनों की कटाई से कार्बन डाइऑक्साइड निकलता है। इससे ग्रीनहाउस प्रभाव बढ़ता है और ग्लोबल वार्मिंग होती है। जैसे-जैसे तापमान बढ़ता है, ग्लेशियर और बर्फ की टोपियां पिघलती हैं और इससे महासागरों में पानी की मात्रा बढ़ जाती है। गर्म तापमान के कारण समुद्री जल का विस्तार होता है, जिसे थर्मल विस्तार के रूप में जाना जाता है। यह विस्तार ही मानव अस्तित्व के लिए खतरा है। बढ़ते समुद्री जल स्तर के चलते तटीय कटाव, बाढ़ में वृद्धि, विस्थापन और पलायन, खारे पानी का अतिक्रमण, बुनियादी ढांचे को खतरा, पारिस्थितिकी प्रभाव, जल सुरक्षा व खाद्य उत्पादन का संकट और जैव विविधता के लिए खतरे आदि समस्याएं हो सकती हैं। इस संकट से बचने के लिए भारत को तटीय सुरक्षा, समुद्री दीवारें और तटीय क्षेत्रों में वनरोपण जैसे अनुकूलन उपायों में निवेश करने की आवश्यकता है। एकीकृत तटीय क्षेत्र प्रबंधन योजनाओं को लागू करने से तटीय क्षेत्रों की पारिस्थितिकी संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए विकास और संरक्षण के बीच संतुलन बनाने में मदद मिल सकती है। तटीय समुदायों को ज्ञान, संसाधनों और स्थायी आजीविका विकल्पों के साथ सशक्त बनाना बढ़ते समुद्री स्तरों के प्रति उनके लचीलापन को बढ़ा सकता है। यूएन की चेतावनी को चुनौती मानते हुए भारत को बढ़ते समुद्री जलस्तर को रोकने की दिशा में त्वरित कदम उठाना चाहिए।

पेरिस पैरालंपिक

योगेश कुमार गोयल



# पैरालंपिक खेलों में नया इतिहास रचेगा भारत!

पेरिस ओलंपिक में छह पदक जीतने के बाद भारत के खेल प्रेमियों की निगाहें अब पेरिस पैरालंपिक खेलों पर टिक गई हैं, जो 28 अगस्त से 8 सितम्बर तक चलेंगे। पैरालंपिक में 22 अलग-अलग प्रतियोगिताओं में कुल 549 पदक स्पर्धाओं में दुनियाभर के 4 हजार से अधिक खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। भारत को पूरी उम्मीद हैं कि पेरिस पैरालंपिक में हमारे खिलाड़ी कम से कम एक दर्जन पदक जीतने में अवश्य सफल होंगे। इन उम्मीदों के हकीकत में बदलने की इसलिए भी प्रबल संभावनाएं हैं क्योंकि 2021 में हुए टोक्यो पैरालंपिक-2020 में भारत के कुल 54 खिलाड़ियों ने केवल 9 खेलों में ही हिस्सा लिया था और खेलों के उस महाकुंभ में 5 स्वर्ण, 8 रजत और 6 कांस्य सहित कुल 19 पदक जीतने में सफल हुए थे, जो भारत का पैरालंपिक में अभी तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इस बार भारत के 84 पैरा खिलाड़ी कुल 12 खेलों में हिस्सा ले रहे हैं, जो किसी भी पैरालंपिक में भारत का अब तक का सबसे बड़ा दल है।

भारतीय पैरालंपिक समिति के अध्यक्ष देवेन्द्र झाझरिया तो पेरिस पैरालंपिक खेलों में कम से कम 25 पदक मिलने की भविष्यवाणी कर चुके हैं। यदि भारत वाकई इतने पदक जीतने में सफल हो जाता है तो यह न केवल भारत के लिए एक नया इतिहास बनेगा बल्कि भारत में इससे अन्य खिलाड़ियों का हौसला भी कई गुना बढ़ेगा। पेरिस पैरालंपिक में भारत जिन तीन नई स्पर्धाओं में हिस्सा ले रहा है, उनमें पैरा साइकलिंग, पैरा रोइंग और ब्लाइंड जूडो शामिल हैं। भारतीय पैरा एथलीटों के ज्यादा से ज्यादा पदक जीतने की संभावनाएं इसलिए भी बलवती हो रही हैं क्योंकि भारतीय दल में कई ऐसे खिलाड़ी शामिल हैं, जो पिछले पैरालंपिक में पदक जीतकर भारत को गौरवान्वित कर चुके हैं। यही नहीं, जापान के कोबे में मई 2024 में हुई विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भी भारतीय पैरा एथलीट बेहतरीन प्रदर्शन कर इस उम्मीद को बढ़ा चुके हैं। पिछले दिनों सम्पन्न हुए पेरिस ओलंपिक में जहां भारत 71वें पायदान पर पहुंच गया था। वहीं विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 6 स्वर्ण, 5 रजत और 6 कांस्य पदक जीतकर पदक तालिका में छठे स्थान पर रहा था। इस बार के पैरालंपिक में सबसे ज्यादा उम्मीदें भाला फेंक खिलाड़ी सुमित अंतिल और निशानेबाज अवनि लेखरा पर टिकी हैं। दोनों ने ही पिछले पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीते थे और ये दोनों टोक्यो पैरालंपिक में भी स्वर्ण पदक जीतकर देश को गौरवान्वित करने का हरसंभव प्रयास करेंगे। पेरिस पैरालंपिक में उन सभी भारतीय खिलाड़ियों को पदक का प्रबल दावेदार माना जा रहा है, जिन्होंने टोक्यो पैरालंपिक खेलों में पदक जीता था या पिछले कुछ समय में अन्य पैरालंपिक प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया है। सुमित और अवनि के अलावा एक तीरंदाज शीतल देवी भी हैं। वहीं, बैडमिंटन के पुरुषों के सिंगल मुकाबले में स्वर्ण जीतने वाले कृष्णा नागर, महिलाओं की शॉट पुट में एशियन पैरा खेलों और मई महीने में ही पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीत चुकी भाग्यश्री जाधव, दुनियाभर में रैंकिंग में पहले पायदान पर मौजूद और पिछले पैरालंपिक में बैडमिंटन में रजत जीतने वाले सुहास यतिराज से भी पदक जीतने की बहुत उम्मीदें हैं। टोक्यो पैरालंपिक में भी भारत पदक तालिका में 24वें स्थान पर रहा था। इस बार भारतीय खिलाड़ियों से टोक्यो पैरालंपिक के प्रदर्शन को दोहराने या उससे भी बेहतर प्रदर्शन की संभावनाएं जताई जा रही हैं। भारत ने अभी तक कुल 12 पैरालंपिक खेलों में हिस्सा लिया है और उनमें से टोक्यो सहित केवल 6 में ही पदक जीते हैं।

पैरालंपिक खेलों में भारत ने पहला पदक 1972 के हाईडेलबर्ग खेलों में जीता था। तब पुरुषों के 50 मीटर फ्रीस्टाइल में मुरलीकांत पेटकर ने स्वर्ण पदक जीतकर वह उपलब्धि हासिल की थी। वहीं, 2016 के पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले देवेंद्र झाझरिया को भारत के सबसे सफल पैरालंपिक खिलाड़ी होने का गौरव हासिल है।

# नशे के गिरफ्त में देश का भविष्य



विचार

डॉ. संजय शुक्ला

भारत दुनिया का सबसे युवा आबादी वाला देश है जिसकी 65 फीसदी आबादी 40 साल तक के आयुवर्ग का है। युवा ही किसी देश के सबसे बड़े कार्यबल यानि वर्कफोर्स होते हैं जिन पर राष्ट्र का भविष्य निर्भर होता है। इतिहास गवाह है कि देश और दुनिया में जितने भी राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक परिर्वतन हुए हैं उसे युवाओं ने ही अंजाम दिया है। भारत में कालांतर में ऐसे युवा हुए हैं जिन्होंने देश और दुनिया को एक नई सामाजिक और आध्यात्मिक चेतना दी लेकिन आज युवाओं की एक बड़ी आबादी नशे के चंगुल में फंसकर अपनी ऊर्जा गंवा रहे हैं। अतिश्योक्ति नहीं होगी कि आज युवाओं में बेरोजगारी से बड़ी चुनौती उनमें पनप रही नशाखोरी है जिससे छत्तीसगढ़ भी अछूता नहीं है।

गौरतलब है कि राज्य के नवा रायपुर में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो 'एनसीबी' के दफ्तर का शुभारंभ करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बताया कि प्रदेश में नशीली दवा का उपयोग 1.45 फीसदी तथा गांजा का उपयोग 4.98 फीसदी किया जा रहा है जो राष्ट्रीय औसत से ज्यादा है। बिलाशक छत्तीसगढ़ जैसे विकासशील राज्य के लिए यह आंकड़ा बेहद चिंताजनक है। अलबत्ता राज्य में एनसीबी कार्यालय खुलने से नशे के कारोबार को रोकने में मदद मिल सकती है क्योंकि छत्तीसगढ़ गांजा जैसे सूखे नशे के तस्करी का बड़ा कॉरिडोर है जिसके रास्ते देश के 17 राज्यों को यह मादक पदार्थ पहुंचता है जिसकी कीमत तकरीबन 600 करोड़ आंकी गई है। नेशनल ड्रग डिपेंडेंस ट्रीटमेंट 'एनडीटीडी' के मुताबिक देश के 10 वर्ष के किशोर से लेकर 75 साल के बुजुर्ग आबादी में से लगभग बीस फीसदी लोग किसी न किसी तरह के नशीले पदार्थो का सेवन करते हैं। बहरहाल बढ़ते नशाखोरी का दुष्परिणाम परिवार और समाज को भोगना पड़ रहा है। आश्चर्यजनक तौर पर नशा करने वालों में महिलाओं की संख्या भी अच्छी खासी है जबकि नशे के कारण होने वाले घरेलू हिंसा का सबसे ज्यादा शिकार महिलाएं ही हो रही हैं।

बिलाशक भारतीय युवा अपनी प्रतिभा का लोहा पूरी दुनिया को मनवा रहे हैं लेकिन विडंबना यह भी कि पाश्चात्य संस्कृति को प्रगतिशीलता का पैमाना मानने वाले इन युवक- युवतियों के लिए नशा का सेवन उनके ' कल्चर' का अहम हिस्सा बन रहा है। एक सर्वेक्षण के मुताबिक 70 फीसदी किशोर और युवा पीढ़ी अपनी आर्थिक हैसियत और उपलब्धता के लिहाज से अपने आपको किसी न किसी नशीले पदार्थ के सेवन का आदी बना लिया है। इन नशीले पदार्थो में शराब, स्मैक , हेरोइन, कोकीन, ब्राउन शुगर, अफीम, चरस, गांजा,चरस, भांग, सिगरेट, तंबाकू युक्त गुटखा, खैनी, नशीली टैबलेट व सिरप आदि शामिल हैं। नेशनल ड्रग डिपेंडेंस ट्रीटमेंट के मुताबिक देश में नशा करने वाली आबादी की पहली पसंद शराब है जबकि गांजा दूसरे नंबर पर है। आश्चर्यजनक तौर पर महानगरों से लेकर छोटे - बड़े शहरों के स्कूल - कॉलेजों के छात्र नशीले दवाओं और इंजेक्शन के गिरफ्त में है यहां तक कि यह स्लम बस्तियों में भी लोगों को उपलब्ध हो रहा है।



चिंताजनक यह कि अनेक लोग एक ही सिरींज का उपयोग इस नशीले इंजेक्शन को लेने के लिए कर रहे हैं जिससे एचआईवी के मामले बढ़ने की पूरी संभावना है। देश में नशीले दवाओं का बाजार लगातार बढ़ रहा है जिसका सबसे बड़े उपभोक्ता युवा वर्ग हैं। ड्रग वॉर डिस्टॉर्शन और वर्डोमीटर के एक रिपोर्ट के मुताबिक देश में नशीले दवाओं और इंजेक्शन का कारोबार 30 लाख करोड़ से ज्यादा का है। दूसरी ओर स्लम बस्तियों रहने वाले या कबाड़ बीनने वाले छोटे - छोटे बच्चे जिनको स्कूलों में होना चाहिए वे बोनफिक्स या पंचर चिपकाने में प्रयुक्त होने वाले सुलेशन एढेसिव को नशे के तौर पर सूंघ रहे हैं। एक सर्वेक्षण के अनुसार अस्सी के दशक में शराब एवं अन्य नशीले पदार्थों के सेवन की औसत आयु 28 साल थी जो अब 15 वर्ष पर आ गई है, महानगरों और शहरों में तो यह 13 वर्ष तक पहुंच चुकी है। विचारणीय है कि जिन युवाओं के कंधों पर देश का भविष्य टिका है वह खुद नशे में बेसुध होकर दूसरों के कंधे का सहारा ढूंढ रहे हैं।

चिंतनीय है कि युवाओं में बढ़ती नशाखोरी का दुष्परिणाम उनके स्वास्थ्य के साथ - साथ परिवार और समाज में भी दृष्टिगोचर होने लगा है। शराब एवं अन्य मादक पदार्थों के सेवन से जहां युवाओं में बड़ी तेजी से हृदय, फेफड़ों, लिवर, किडनी रोग, उच्च रक्तचाप, मधुमेह जैसे शारीरिक रोग तथा अनेक मानसिक रोगों के मामले बढ़ रहे हैं वहीं इससे अपराध भी बढ़ रहे हैं। एक शोध के मुताबिक अनेक सड़क हादसों सहित आत्महत्या, घरेलू हिंसा, तलाक सहित लूटपाट, हत्या और दुष्कर्म जैसे जघन्य अपराधों के मूल में नशाखोरी ही होती है। आंकड़ों के मुताबिक भारत में हर साल 14 हजार सड़क दुर्घटनाएं शराब सहित अन्य नशीले पदार्थों के नशाखोरी के कारण होती हैं जिसमें अधिकतर युवा चालक होते हैं। एनसीआरबी के रिपोर्ट के मुताबिक हत्या,लूट जैसे अपराध में नशा सेवन का मामला 73.5 फीसदी तथा दुष्कर्म जैसे जघन्य अपराध 87 फीसदी होता है। अलबत्ता देश में पनप रहे आतंकवादी और अलगाववादी संगठनों के लिए धन की व्यवस्था भी मादक पदार्थों के अवैध व्यापार और तस्करी के जरिए हो रहा है।


गौरतलब है कि भारत अपने सामाजिक और सांस्कृतिक अनुशासन, आचरण, संस्कार और पाबंदियों के कारण पश्चिमी देशों के लिए सदैव उत्सुकता का विषय रहा है लेकिन आज का यंगिस्तान नशाखोरी में मदमस्त होकर वर्जनाओं और अनुशासन को तोड़ने में कोई संकोच नहीं कर रहा है। विडंबना यह कि शिक्षा के मंदिर युनिवर्सिटी, कॉलेज, हास्टल और स्कूल कैंपस में रहने वाले स्टूडेंट्स को आसानी से मादक पदार्थ उपलब्ध हो रहे हैं तथा यह कैंपस इनके उपभोग और कारोबार के मुख्य अड्डा बने हुए हैं।

माना कि नशा एक सामाजिक बुराई है लेकिन इसके लिए प्रमुख रूप से हमारी राजनीतिक , सामाजिक, पारिवारिक और आर्थिक समस्याएं, बेरोजगारी, मानसिक तनाव और नशीले चीजों की आसान उपलब्धता जैसे कारण जिम्मेदार हैं। आज के व्यस्ततम दिनचर्या में खासकर कामकाजी पालकों के पास इतना समय ही नहीं है कि वे अपने बच्चों को समय दे सकें, उनके समस्याओं पर बात करें या फिर यह पता लगाएं कि उनके बच्चे नशाखोरी या किसी मानसिक समस्या से तो नहीं जूझ रहे हैं? लिहाजा अभिभावकों को अपने बच्चों के प्रति जिम्मेदार, संवेदनशील और सहयोगात्मक बनना होगा। यदि किशोरों और युवाओं के व्यवहार में अचानक बदलाव, आक्रामकता, सामाजिक या पारिवारिक गतिविधियों से अलगाव, बगैर अभिभावक के जानकारी के शिक्षण संस्थानों या कर्तव्य स्थल से अनुपस्थिति, पैसा चोरी या अचानक जेब खर्च के लिए ज्यादा पैसों की मांग, कार्यक्षमता और उत्साह में कमी जैसे प्रवृत्तियां दिखे तो पालकों को सचेत हो जाना चाहिए कि कहीं उनके बच्चे को नशे की लत तो नहीं लग रही है? ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत मनोरोग विशेषज्ञों अथवा मनोवैज्ञानिकों से परामर्श लेना चाहिए।

विचारणीय यह भी है कि हर सरकार को जनकल्याणकारी और विकास योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए राजस्व की दरकार होती है और शराब तथा अन्य मादक पदार्थ राजस्व प्राप्ति के प्रमुख स्रोत हैं। इस तथ्य के बावजूद शराब और अन्य नशीले पदार्थों के समाज, जनस्वास्थ्य और कानून व्यवस्था पर पड़ने वाले नाकारात्मक प्रभाव के मद्देनजर सरकारों को राजस्व नुकसान की भरपाई के लिए अन्य स्रोतों पर विचार करते हुए मादक पदार्थों के व्यापार को प्रतिबंधित करने की जरूरत है आखिरकार यह देश के युवाओं से जुड़ा मसला है जिनके हाथों देश का भविष्य निर्भर है। अहम तथ्य यह भी है कि पुलिस प्रशासन के सहयोग और सख्ती के बिना शराब और अन्य नशीले पदार्थों के व्यापार और तस्करी को रोकना असंभव है।

यह कहना गैर मुनासिब नहीं होगा कि शराब सहित अनेक नशीले पदार्थों के अवैध व्यापार और सेवन को संरक्षण स्थानीय स्तर पर पुलिस महकमे द्वारा ही मिलता है। दूसरी ओर जनमानस में पुलिस प्रशासन के प्रति नकारात्मक छवि के बावजूद सुकूनदायक यह कि छत्तीसगढ़ पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी संतोष कुमार सिंह के 'निजात अभियान' ने समाज के सामने एक अनुकरणीय मिसाल प्रस्तुत किया है। गौरतलब है कि वर्तमान में राज्य के राजधानी में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के तौर पर पदस्थ संतोष कुमार सिंह जहां भी पदस्थ रहे उन्होंने पुलिस प्रशासन के सामाजिक सरोकार के मद्देनजर इस अभियान को चलाया था जिसका अच्छा प्रतिसाद भी मिला है। केंद्र और राज्य सरकारें लगातार आम नागरिकों और पुलिस के बीच विश्वास कायम करने के लिए ' कम्यूनिटी पुलिसिंग' पर जोर देती रही है लिहाजा "निजात" जैसे अभियान इस दिशा में सार्थक साबित हो सकते हैं। इसके अलावा देश के विभिन्न धार्मिक और सामाजिक संगठनों को नशामुक्ति अभियान में अपनी सक्रिय भूमिका निभानी होगी। मादक पदार्थों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर होने वाले दुष्प्रभाव की जानकारी हेतु स्कूलों और कॉलेजों के सिलेबस में अनिवार्य रूप से इससे संबंधित विषय शामिल किए जाएं। शिक्षण संस्थानों में राष्ट्रीय सेवा योजना 'एनएसएस' और एनसीसी के माध्यम से नशामुक्ति अभियान चलाने की जरूरत है ताकि नई पीढ़ी इन सामाजिक बुराईयों से दूर रहें।

## कष्टों से भागें नहीं उनका सामना करें




संकलित

दर्शन

हमारे रोजमर्रा के जीवन में समस्याओं का पैदा होना स्वाभाविक है। हमारे जीवन की सबसे बड़ी समस्याएं वे हैं, जिनका हमें सामना करना पड़ता है, जैसे- बुढ़ापा, बीमारी और मृत्यु। इन समस्याओं से बचने या उनके विषय में न सोचने से अस्थायी आराम तो मिल सकता है लेकिन, अगर आप अपने कष्ट का खुलकर सामना करते हैं तो आप अपनी समस्या को ज्यादा अच्छे ढंग से समझ सकते हैं। यदि आप कोई युद्ध लड़ रहे हैं तो जब तक आप अपने शत्रु की स्थिति और उसकी सैन्य क्षमता पर ध्यान नहीं देंगे, तब तक आपकी तैयारी पूरी नहीं होगी और आप डर के कारण शिथिल हो जाएंगे। यदि आपको अपने शत्रु की सैन्य क्षमता और उसके हथियारों आदि के बारे में पता लग जाए तो युद्ध के समय आपकी स्थिति बेहतर हो जाएगी। इसी तरह यदि आप अपनी समस्याओं से बचने के बजाय उनका सामना करेंगे तो उनसे निपटने में आपको आसानी होगी। उदाहरण के लिए आपको बुढ़ापा और मृत्यु नकारात्मक या अवांछित लगें और आप उन्हें भूलना चाहें, फिर भी ये चीजें तो आएंगी। यदि आप इनके बारे में सोचने से बचते रहें तो जिस दिन इनमें से कोई भी घट गई तो आपको असहनीय मानसिक पीड़ा हो सकती है। यदि आप बुढ़ापा, मृत्यु और इस तरह की दुर्भाग्यपूर्ण चीजों पर सोचने में कुछ समय लगाएंगे तो इनके होने पर भी आपका मस्तिष्क स्थिर रहेगा। एक बात व्यक्ति को ध्यान में रखनी है, वह यह है कि कष्ट के बारे में विचार करना बहुत जरूरी है, क्योंकि इससे बचने की संभावना है; एक विकल्प है। कष्ट से मुक्त होने की संभावना है। कष्ट के कारण को दूर करके मुक्ति की अवस्था को प्राप्त करना संभव है। बौद्ध मतानुसार, कष्ट के मूलत तीन कारण हैं- अज्ञानता, तृष्णा और घृणा। इन्हें 'मस्तिष्क के तीन विष' कहा जाता है। बौद्ध संदर्भ में इन शब्दों के विशिष्ट अर्थ हैं।

## चेहरा देखकर उसके चरित्र जान गए सुकरात



संकलित

प्रेरणा

दुनिया के महान दार्शनिकों में से एक सुकरात एक बार अपने शिष्यों के साथ बैठ कर किसी विषय पर चर्चा कर रहे थे। तभी वहां एक ज्योतिषी आ गया। उसने देखा कि कोई भी उस पर विशेष ध्यान नहीं दे रहा है तो उसने सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित करते हुए कहा, 'मैं बहुत बड़ा ज्योतिषी हूं। मैं किसी का भी चेहरा देखकर उसके चरित्र के बारे में बता सकता हूं। बताओ तुममें से कौन मेरी इस विद्या को परखना चाहेगा?' उसकी यह बात सुनकर सभी शिष्य सुकरात की ओर देखने लगे। सुकरात ने मुस्कराते हुए उस ज्योतिषी से अपने बारे में बताने के लिए कहा। वह ज्योतिषी उन्हें ध्यान से देखने लगा। सुकरात देखने में कुरूप थे। उन्हें कुछ देर निहारने के बाद ज्योतिषी ने कहा, 'तुम्हारे चेहरे की बनावट से पता चलता है कि तुम सत्ता विरोधी हो। तुम्हारे अंदर द्रोह करने की भावना प्रबल है। तुम्हारी आंखों की बनावट से लगता है कि तुम अत्यंत क्रोधी स्वभाव के हो।' अपने गुरु के बारे में ये बातें सुनकर वहां बैठे शिष्यों को गुस्सा आ गया। उन्होंने उस ज्योतिषी को तुरंत वहां से जाने के लिए कहा। लेकिन सुकरात ने उन्हें शांत करते हुए ज्योतिषी को अपनी बात पूरी करने के लिए कहा। ज्योतिषी ने अपनी बात को जारी रखते हुए कहा, 'तुम्हारे बेडौल सिर और माथे से पता चलता है कि तुम लालची हो। तुम्हारी ठुड्डी की बनावट तुम्हारे सनकी होने की तरफ इशारा करती है।' उसकी ये बातें सुनकर शिष्य और भी क्रोधित हो गए, लेकिन सुकरात गुस्सा होने की बजाय मुस्करा रहे थे। उन्होंने ज्योतिषी को इनाम देकर विदा किया। सुकरात के इस व्यवहार को देखकर शिष्य उन्हें आश्चर्य से देखने लगे और उनसे पूछा, 'गुरुजी, हमें आपकी यह बात समझ नहीं आई कि आपने उस ज्योतिषी को इनाम क्यों दिया, जबकि उसने जो कुछ भी कहा, वो सब झूठ था?' 'नहीं शिष्यों, ज्योतिषी ने मेरे बारे में जो कुछ भी कहा है, वे सब सच है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### जनसंख्या वृद्धि समस्याओं की जड़

हमारा देश विकास और अन्य बहुत से अच्छे कामों में दुनिया भर में नंबर वन पर है और आगे भी बढ़ रहा है, लेकिन जनसंख्या के मामले में भी हमारा देश दुनिया भर में एक नंबर पर पहुंच चुका है। इस मामले में हमने चीन को भी पीछे छोड़ दिया है। अभी हाल ही में संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की रिपोर्ट में बताया गया है कि हमारे देश की जनसंख्या लगभग 144 करोड़ के आंकड़े तक पहुंच गई है और भारत की जनसंख्या 77 वर्षों में दोगुनी हो सकती है। अगर भारत सरकार और देश का आमजन बढ़ती जनसंख्या को रोकने के लिए गंभीरता दिखाए तो भारत जनसंख्या वृद्धि के मामले में आगे नहीं बढ़ेगा। जनसंख्या वृद्धि को रोकना नितांत आवश्यक है क्योंकि इससे कई समस्याएं पैदा होती हैं।

*-युवा कुमार साहू*

## करंट अफेयर

# मुझे कुछ होने पर आईएसआई महानिदेशक जिम्मेदार: इमरान

जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने मंगलवार को दोहराया कि उनकी हालत के लिए सेना और आईएसआई जिम्मेदार हैं और साथ ही उन्होंने अपनी जान को खतरे का अंदेशा भी जताया। पिछले साल से अदियाला जेल में बंद खान (71) ने वर्तमान सरकार पर आरोप लगाया कि उसे देशभर में बिगड़ती कानून-व्यवस्था और पाकिस्तान क्रिकेट को बर्बाद करने को लेकर आलोचना बर्दाश्त नहीं है। खान ने जेल से सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर किये गए एक पोस्ट में चुनावों में धांधली के बारे में दावा दोहराया और कहा कि केवल एक वास्तविक जनादेश वाली सरकार ही मौलिक सुधारों की योजना बनाने में सक्षम होगी।



## ऑफ बीट

# वायु प्रदूषण से लोगों में मृत्यु का जोखिम बढ़ा



भारतीय जिलों में राष्ट्रीय मानक से अधिक वायु प्रदूषण से सभी उम्र वर्ग के लोगों में मौत का जोखिम बढ़ गया है। एक अध्ययन रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, नवजात शिशुओं में यह जोखिम 86 प्रतिशत, पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों में 100-120 प्रतिशत तथा वयस्कों में 13 प्रतिशत बढ़ा है। मुंबई स्थित अंतरराष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान के शोधकर्ताओं समेत अन्य शोधकर्ताओं के एक दल ने 700 से अधिक जिलों में सूक्ष्म कण पदार्थ (पीएम 2.5) संबंधी प्रदूषण के स्तर का अध्ययन किया।

## ट्रेंड

### शांतिपूर्ण समाधान



आज राष्ट्रपति पुतिन से बात हुई। रूस व यूक्रेन संघर्ष और यूक्रेन की हालिया यात्रा पर मेरी अंतर्दृष्टि पर विचारों का आदान-प्रदान हुआ। संघर्ष के शीघ्र, स्थायी और शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन करने के लिए भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराई।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### एमएसपी की गारंटी



किसानों से किए वादों को पूरा करने में नाकाम मोदी सरकार का दुष्प्रचार तंत्र लगातार किसानों का अपमान करने में जुटा हुआ है। नरेंद्र मोदी और भाजपा कितनी भी साजिश कर लें, 'इंडिया' किसानों को एमएसपी की कानूनी गारंटी दिलवा कर रहेगा।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### समर्थन के लिए आभार



ओलंपिक के बाद गोरिया (झज्जर) लौटना एक अद्भुत एहसास है। मेरे प्रशंसकों, दोस्तों और परिवार के अटूट समर्थन के लिए आभार। गर्मजोशी भरे और अद्भुत स्वागत के लिए सभी को हार्दिक धन्यवाद। यह जीत हम सभी के लिए है।

-मनु भाकर, भारतीय निशानेबाज

### शिशु का विकास



बहुत सारे बच्चे इसलिए बीमार हो जाते हैं क्योंकि पाउडर वाले दूध का पानी उस पानी में मिला दिया जाता है जो दूषित होता है। जबकि मां के दूध में ही शिशु के विकास के लिए आवश्यक पोषण होता है।

-शेखर कपूर, फिल्मकार

## संक्षेप

### सिद्धार्थनगर डीएम ने शिक्षामित्र का एक दिन का वेतन काटा

#### प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण कर जाना हाल, कमियां मिलने पर लगाई फटकार

सिद्धार्थनगर, सिद्धार्थनगर डीएम ने प्राथमिक विद्यालय, टड़वा विकास क्षेत्र डुमरियागंज का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में 61 बच्चे का नामांकन है, जिसमें 22 बच्चे उपस्थित थे। विद्यालय भवन जर्जर हो जाने के कारण छत से पानी टपक रहा है। बच्चे जूता-मोजा नहीं पहने थे। डीएम ने अभिभावको की नियमित बैठक कराने तथा बच्चों के अभिभावको को प्रेरित कर जूता-मोजा, ड्रेस आदि खरीद लें। इस मौके पर पाया गया कि टीएलएम का सामान अन्दर रखा गया था तथा शिक्षक डायरी नहीं भरी गई थी, समय सारिणी नहीं बनी था। जिस पर डीएम ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रधानाध्यापक काजी महफूजुलहक का स्पष्टीकरण प्राप्त करने तथा 15 दिवस के अन्दर सुधार लाने का निर्देश दिया। शिक्षामित्र मीना त्रिपाठी बिना किसी सूचना के अनुपस्थित थी, जिस पर जिलाधिकारी ने आज का वेतन काटने का निर्देश दिया। विद्यालय की दीवाल पर किसी भी प्रकार की पेन्टिंग नहीं कराया गया था तथा कार्य में शिथिलता पाया गया। जिस पर डीएम द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी डुमरियागंज संजय कुमार का स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही निर्देश दिया कि सुबह 8 बजे से क्षेत्र में रहकर विद्यालयों का निरीक्षण कर शिक्षा की गुणपत्ता में सुधार लाने का निर्देश दिया।

### ऑनलाइन प्रतियोगिता में जीते बच्चों का सम्मान

#### पूर्व माध्यमिक विद्यालय गौहनियाराज में अभिभावक सम्मेलन के दौरान बच्चों को किया सम्मानित

सिद्धार्थनगर, सिद्धार्थनगर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय गौहनियाराज में अभिभावक सम्मेलन आयोजित हुआ। जिनमें ऑनलाइन प्रतियोगिता में जीते हुए बच्चों को सम्मानित किया गया। विद्यालय में आयोजित अभिभावक सम्मेलन में बीईओ संजय कुमार एवं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मेवा लाल वर्मा द्वारा बच्चों को प्रशस्ति पत्र वितरित कर उत्साह वर्धन किया गया। सत्यमेव जयते फाउंडेशन संस्था के तरफ से सरकारी स्कूल के बच्चों के स्किल डेवलपमेंट हेतु वीडियोग्राफी प्रतियोगिता को ऑनलाइन माध्यम से आयोजित किया जाता है। प्रतियोगिता में पूर्व माध्यमिक विद्यालय गौहनियाराज की कक्षा 7 छात्रा नेहा विश्वकर्मा, कक्षा 8 की फिजा, अंजनी ने प्रतिभाग किया था। प्रतियोगिता में नेहा विश्वकर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर संस्था के संस्थापक ओम वर्मा द्वारा विद्यालय के प्रतिभागी एवं अन्य बच्चों से वीडियो कॉल पर वार्ता किया और उसके पश्चात द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर नेहा विश्वकर्मा को सैमसंग गैलेक्सी टेबलेट एवं वार्ता में बेहतर आत्मविश्वास दिखाने वाली छात्रा फिजा को स्मार्ट घड़ी विद्यालय के पते पर कोरियर के माध्यम से भेजा।

# नवागन्तुक एबीएसए पी के जैन ने कसे प्रधानाध्यापकों के पेंच

## 19 पैरा मीटर का काम पूरा न करने वाले प्रधानाध्यापक पर होगी कार्यवाही



**अमन लेखनी समाचार**

खैरीघाट, बहराइच। ब्लाक संसाधन केंद्र तजवापुर के ब्लाक सभागार में नवागन्तुक खण्ड शिक्षा अधिकारी तजवापुर पुष्पेन्द्र कुमार जैन ने प्रधानाध्यापको प्रभारी प्रधानाध्यापको की एक दिवसीय बैठक का आयोजन कर विद्यालय में अवस्थित 19 पैरा मीटर की विधिवत समीक्षा की।कुछ विद्यालयों में 19 पैरा मीटर में जैसे इज्जतघर/शौचालय तक रनिंग वाटर की व्यवस्था प्रत्येक दशा में एक सप्ताह में सुचारू रूप से सही करवा लिया जाय।एक सप्ताह के बाद सघन निरीक्षण किया जाएगा, अपूर्ण पाए जाने पर प्रधानाध्यापक को दण्डित किया जाएगा। उपरोक्त बैठक को उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष आनंद कुमार पाठक और जिला मंत्री विजय कुमार उपाध्याय ने कुछ शिक्षक समस्याओं के प्रति बी ई ओ का ध्यान आकृष्ट कराया जिस पर त्वरित गति से शिक्षक समस्याओं का निदान किया जाएगा। अंत मे खण्ड शिक्षा अधिकारी श्री जैन ने बैठक में उपस्थित सभी जन समूह के मध्य यह बात कही की कोई भी शिक्षक अथवा शिक्षा विभाग का कर्मचारी हमसे बहुत ही आसानी के साथ वेझिझक मिल कर अपनी समस्या का समाधान करवा सकता है। बैठक में सन्दर्भदाता नंद कुमार शुक्ल, सगीर अहमद, अनूप मिश्रा, हलीम अहमद ने भी अपने अपने विषय से संबंधित बातों को प्रधानाध्यापको के बीच मे रखा। इस अवसर पर अध्यक्ष तजवापुर भुवनेश्वर पाठक, अनिल सिंह, जय सुख लाल मिश्र, राजेश पांडेय, चंद्र शेखर नागवंशी, प्रदीप त्रिवेदी, मृत्युंजय शुक्ल, प्रदीप वर्मा, प्रदीप अवस्थी, गुलफिशा मुख्तार, रेशमा बानो, मीडिया प्रभारी सुरेश कुमार यादव सहित सैकड़ों प्रधान शिक्षक उपस्थित रहे।

# विधायक कार्यालय पहुंच ग्रामीणों ने सड़क निर्माण के लिए सौंपा पत्र

### विधायक प्रतिनिधि ने एक साल के भीतर सड़क निर्माण का दिया आश्वासन

**अमन लेखनी समाचार**



मोतीपुर, बहराइच। मिहींपुरवा के कुड़वा मोड पर स्थित बलहा विधायक सरोज सोनकर के कार्यालय पर जन समस्याओं के निस्तारण के लिए जनसुनवाई का आयोजन होता है। शुक्रवार को जनसुनवाई कार्यक्रम में पहुंचे क्षेत्र के ग्रामीणों ने 4 किलोमीटर की सड़क निर्माण कराने की मांग की। इस पर विधायक प्रतिनिधि ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि एक वर्ष के भीतर सड़क का निर्माण करवा दिया जाएगा। विधायक प्रतिनिधि के आश्वासन से ग्रामीणों में खुशी देखने को मिली। बलहा विधानसभा के ग्राम पंचायत जोगनिया, विश्राम गांव, खड़ैचा, बख्तावर पुरवा ,भरहा , कंजड़वा से आए सैकड़ो ग्रामीणों ने गोपिया बैराज की दाहिनी पटरी से जोगनिया पुल तक सड़क निर्माण के लिए बलहा विधायक सरोज सोनकर के प्रतिनिधि आलोक जिंदल को ज्ञापन देकर सड़क निर्माण कराने की मांग की। विधायक प्रतिनिधि आलोक जिंदल ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया की इस सड़क का निर्माण एक साल में करवा देंगे। पत्र में ग्रामीणों ने लिखा कि हमारे क्षेत्र की पच्चीस हजार की आबादी को आने-जाने के लिए बेहतर रास्ता नहीं है। कच्चे रास्ते से गुजरना पड़ता है। बारिश में तो रास्ता पूरी तरह बाधित हो जाता है आने जाने के लिए 10 से 12 किलोमीटर का चक्कर लगाकर रास्ता पार करना पड़ता है। इस मौके पर रामादल मौर्य ,रामनरेश पासवान ,कृष्ण कुमार ,कैलाश यादव,दिले राम यादव, राजेश वर्मा गिरजा शंकर, आदि सम्मानित ग्रामवासी मौजूद रहे।

# नहर में गिरने से बची बस, बाल बाल टला बड़ा हादसा

**अमन लेखनी समाचार**



खैरीघाट, बहराइच। जनपद के खैरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत रखौना गांव के पास से सरयू नहर की शाखा निकली है। सरयू नहर इस शाखा पर बने पुल पर आज गुरुवार को यात्रियों से भरी बस लटक गई। बस में सवार करीब 40 से 50 यात्रियों की सांसे थम गई। डबल डेकर बस एन एल 02 बी 3021 दिल्ली से सवारी लेकर महसी की ओर जा रही थी। चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए किसी तरह बस को नियंत्रित किया। इस दौरान एक बालक पानी में गिर गया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने छलांग लगाकर बालक को डूबने से बचाया। आस पास के लोगों ने राहत बचाव का कार्य शुरू किया और सभी यात्रा ने अपने को कुशल और सुरक्षित महसूस किया। तत्पश्चात जेसीबी मशीन मंगवा कर बस को भी सुरक्षित बाहर निकाला गया। घटना की असल वजह पुल की दोनो टूटी हुई रेलिंग व सकरा पुल बताया जा रहा है। उग्रसेन सिंह, बंधु , मनोज बाजपेई, मैनुदीन शाह सहित दर्जनों लोगों ने बताया कि पुल की टूटी हुई रेलिंग के बारे में कई बार पीडब्ल्यूडी व नहर विभाग के अधिकारियों सहित एसडीएम को शिकायती पत्र सौंपकर मरम्मत कार्य करवाने की मांग की गई हैं। लेकिन विभाग की ओर से कोई अमल नहीं किया गया। वहीं आज कई जिंदगियां बाल बाल बड़े घटनाक्रम का शिकार होने से बच गई है। अब देखना है प्रशासनिक महकमा आवाम की सुविधा हेतु इस सकरी व रेलिंग टूटी पुलिया को लेकर क्या ठोस कदम उठाता हैं।

# कृष्ण जन्माष्टमी का मनाया जा रहा भव्य उत्सव, हजारों महिला पुरुषों की जुटी भीड़

**अमन लेखनी समाचार**

खैरीघाट, बहराइच। देशभर में कृष्ण जन्म का उत्सव बड़े ही भव्य स्वरूप से मनाया जा रहा है। कृष्ण जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रकार के संस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन का जनपद वासी आनंद ले रहे हैं। जनपद बहराइच के थाना क्षेत्र खैरीघाट अंतर्गत ग्राम पंचायत रामपुर धोबियाहार में इंडियन बैंक के पास श्री कृष्ण जन्मोत्सव का कार्यक्रम बड़े ही भव्य अंदाज में मनाया जा रहा है। ग्रामीण नवयुवक टीम द्वारा ग्रामीणों के सहयोग से काफी भव्यता का प्रदर्शन कर मनाया जा रहा है श्री कृष्ण का जन्मोत्सव। कमेटी के अध्यक्ष विपिन कुमार जायसवाल तथा राजेश लोधी के नेतृत्व में प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से झांकी व नाट्य कलाकारों को आमंत्रित किया गया था जिस क्रम में सोमवार से ही कार्यक्रम स्थल पर हजारों महिला पुरुष दर्शकों की भीड़ उपस्थित होती है और विभिन्न प्रकार की झांकियां को देखकर उपस्थित दर्शक मंत्र मुग्ध हो उठते हैं। कमेटी सदस्यों ने सुरक्षा व्यवस्था का भी जिम्मा उठाया है। आए हुए दर्शक मेहमानों के लिए यथोचित आसन की भी व्यवस्था कमेटी की ओर से प्रदान की जा रही है। राधा कृष्ण के मंचन को देख कर दर्शक भाव विभोर होकर कलाकारों की काफी अधिक सराहना की है। वहीं ग्रामीणों का यह भी कहना है कि इस कमेटी की ओर से प्रतिवर्ष कृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाता है और भव्यता पूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है जिससे कि ग्रामीण दर्शक देखकर मंत्र मुग्ध होते हैं।

## गंगा पुल से युवक ने गंगा नदी में लगाई छलांग तलाश जारी

उन्नाव। नवीन गंगा पुल पर गुरुवार देर रात एक अज्ञात युवक ने गंगा में छलांग लगा दी, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, रात करीब साढ़े दस बजे 42 वर्षीय युवक पुल के फुटपाथ पर टहलते हुए अचानक पुल की रेलिंग पर चढ़ गया और बिना किसी चेतावनी के गंगा में कूद गया। घटना के समय अंधेरा होने के कारण मौके पर मौजूद लोग उसकी मदद नहीं कर सके, और युवक का पता नहीं चल सका।घटना की सूचना मिलते ही गंगा घाट कोतवाली पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस को युवक के जूते पुल के फुटपाथ पर मिले, जिससे उसकी पुल पर उपस्थिति की पुष्टि हुई। इसके बाद पुलिस ने स्थानीय क्षेत्रों में उसकी पहचान के प्रयास शुरू कर दिए, लेकिन अब तक युवक की पहचान नहीं हो पाई है।इंस्पेक्टर अनुराग सिंह ने बताया कि युवक की तलाश के लिए गंगा में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है, और उसकी मानसिक स्थिति और कूदने के कारणों की भी जांच की जा रही है। पुलिस ने संभावित रूप से कानपुर कैंट क्षेत्र से भी इस मामले के जुड़े होने की संभावना पर जांच शुरू की है। युवक की पहचान और घटना के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस सक्रिय रूप से काम कर रही है।

# शहीद सैनिक के नाम होगा मार्ग का नामकरण: प्रभारी मंत्री

### समाधि स्थल व शहीद उपवन का होगा निर्माण

**अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा**

बहराइच। जनपद के तहसील नानपारा अन्तर्गत ग्राम गुरघुट्टा निवासी भारत-बंगलादेश सीमा पर तैनात सैनिक दिलीप कुमार निषाद पुत्र जमुना प्रसाद निषाद का वृहस्पतिवार की शाम ग्राम के अन्त्येष्टि स्थल पर अन्तिम संस्कार किया गया। शव यात्रा में प्रदेश सरकार के मंत्री, मत्स्य/प्रभारी मंत्री जनपद बहराइच डॉ. संजय कुमार निषाद, एम.एल.सी. डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक नानपारा राम निवास वर्मा, बलहा की श्रीमती सरोज सोनकर, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष मनोज निषाद, एसडीएम नानपारा अश्वनी पाण्डेय, पुलिस क्षेत्राधिकारी नानपारा प्रद्युम्न सिंह, तहसीलदार अजय यादव, भाजपा के उपाध्यक्ष रणविजय सिंह, मीडिया प्रभारी देवेन्द्र मिश्रा सहित क्षेत्र के अन्य जनप्रतिनिधि, मणमान्यजन तथा हजारों की संख्या में मौजूद लोगों ने शहीद सैनिक को नम आंखों के साथ अन्तिम विदाई दी। इससे पूर्व प्रभारी मंत्री ने अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ ग्राम गुरघुट्टा पहुंच कर शहीद सैनिक के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा शोक संतृप्त परिवार से भेंट कर सांत्वना देते हुए कहा कि दुख की इस घड़ी में पूरा देश आपके साथ है। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री डॉ. निषाद ने शहीद सैनिक का समाधि स्थल व शहीद उपवन एवं नानपारा-मिहींपुरवा मार्ग से गुरघुट्टा तक जाने वाले मार्ग का शहीद के नाम पर नामकरण किये जाने की घोषणा के साथ-साथ ग्राम गुरघुट्टा से अन्त्येष्टि स्थल तक जाने वाले मार्ग को ग्राम पंचायत निधि से बनवाये जाने का निर्देश दिया।

# गर्भवती महिला की इलाज के दौरान मौत, मायके वालों ने प्रताड़ित करने का लगाया आरोप

**अमन लेखनी समाचार**




हसनगंज, उन्नाव । कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में गर्भवती महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि महिला को ससुराल वालों द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा था। मृतक के पिता ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर पोस्टमार्टम कराने की मांग की है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

लखनऊ के काकोरी थाना क्षेत्र के नरौना गांव निवासी ओमप्रकाश गौतम ने बताया कि एक साल पहले उनकी बेटी प्रीति की शादी हसनगंज के अहमदपुर वादे गांव निवासी अशोक कुमार से हुई थी। प्रीति आठ महीने की गर्भवती थी और देर रात उसकी तबियत अचानक बिगड़ गई। परिजनों ने उसे लखनऊ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।मृतक के पिता ओमप्रकाश ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर पोस्टमार्टम कराने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी बेटी की मौत के बाद से ससुराल वाले उसे लगातार प्रताड़ित कर रहे थे। अशोक कुमार रेडीमेड सिलाई का काम करता है और परिवार का पालन-पोषण करता है। नायब तहसीलदार आशुतोष कुमार पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचे और मामले की जांच की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाल चंद्रकांत मिश्र ने बताया कि इलाज के दौरान गर्भवती महिला की मौत हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा और उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# 5 किलो 350 ग्राम नाजायज गांजा बरामद कर 2 लोगो को किया गया गिरफ्तार



**अमन लेखनी समाचार**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन व क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण में थाना पन्नूगंज पुलिस द्वारा दिनांक 29.08.2024 को समय लगभग 19.30 बजे कर्मनाशा नदी के पास से 02 गांजा तस्कर 1. विजय कुमार मौर्या पुत्र रामचन्द्र मौर्या निवासी पचोखर थाना पन्नूगंज जनपद सोनभद्र, 2. नन्द कुमारी पत्नी स्व0 शेर बहादुर निवासिनी ग्राम पकरहट थाना पन्नूगंज जनपद सोनभद्र के कब्जे से कुल 05 किलो 350 ग्राम नाजायज गांजा बरामद कर गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना पन्नूगंज पर मु0अ0सं0108/24 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। उक्त गिरफ्तार तस्करों को आज दिनांक-30.08.2024 को मा0 न्यायालय रवाना किया गया है।

# प्रशिक्षण हेतु श्रावस्ती रवाना हुआ दल

**अमन लेखनी समाचार**

कैसरगंज, बहराइच। जिला पंचायत राज अधिकारी बहराइच के निर्देशन में विकासखंड कैसरगंज के पंचायत सहायक और सफाई कर्मचारियों का सहायक विकास अधिकारी पंचायत कैसरगंज नजर इमाम के नेतृत्व मे स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के द्वितीय फेज के अंतर्गत दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम मे प्रतिभाग करने केलिए जनपद श्रावस्ती के भिनगा डीपीआरसी विकास भवनके प्रांगण में सफाई कर्मचारी और पंचायत सहायकों का तथा खंड प्रेरक का प्रशिक्षण हेतु दल रवाना किया। इस प्रशिक्षण में ग्रामीण क्षेत्र में ठोस कचरा, तरल कचरा, अजैविक कचरा म, जैविक कचरा, संक्रमित कचरा, तथा विषैला कचरा, आरआर सी सेंटर, वर्मी कंपोस्ट नेडफ गडहा, सिल्ट कैचर, सामुदायिक शौचालय, व्यक्तिगत शौचालय, रेट्रो फिटिंग, नली निर्माण फिल्टर चैंबर सहित ग्राम पंचायत के विकास कार्यों का प्रशिक्षण कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान ग्राम पंचायत को साफ सुथरा रखने के लिए ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन कचरा के निपटान के बारे में पूर्ण रूप से जानकारी तथा उससे होने वाले लाभ तथाहानि के बारे में पूर्ण रूप से बताया गया। प्रशिक्षण के दौरान खंड प्रेरक रवि सिंह ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बलराम यादव, पंचायत सहायक आकांक्षा अवस्थी, सरिता यादव, मंतशा खान, धर्मेंद्र कुमार पाल, शशांक वर्मा, गीता देवी, रजनीश वर्मा, गुडिया रानी, प्रीति सिंह, अनामिका सिंह, शशि यादव , लक्ष्मी वर्मा, आरती जायसवाल, क्षमा सिंह, अब्दुल खालिक, शिवनाथ गौतम, सतनाम यादव, गोमती प्रसाद, गिरधारीलाल मोहम्मद रिजवान, मुकेश कुमार, सज्जन लाल, अजय कुमार, नजीब अहमद, जयप्रकाश, मोहम्मद हाशिम विनोद कुमार, राम गणेश, मोहम्मद इमरान, अवधेश कुमार, राकेश वर्मा, मोहम्मद आमिर, नसीम अली, रामकुमार सरोज, हंसराम, राव पृथ्वीराज, नीलम यादव मधु, अर्चिता श्रीवास्तव सहित अन्य कर्मचारी प्रशिक्षण में मौजूद रहे।

# गोविंद से मिलने की केवल तड़प होनी चाहिए तो प्राप्ति भी हो जाएगी

**अमन लेखनी समाचार**



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। भगवत कृपा पाने के लिए मानव को जैसा प्रभू ने दिया है वैसा ही उसको सत्कर्म में लगाना चाहिए यही गोविंदा की भक्ति का सर्वोत्तम फल है। उक्त बातें कस्बा फतेहपुर चौरासी के मोहल्ला गांधीनगर में चल रही श्री मद्भागवत कथा के सातवें दिवस कथा व्यास मांता भुवनेश्वरी देवी शक्तिपीठ के पीठाधीश्वर नीरज स्वरूप ब्रह्मचारी ने सुदामा चरित्र एवं परीक्षित मोक्ष की कथा सुनाते हुए कही। सुदामा चरित्र की कथा को सुनते हुए महाराज जी ने बताया कि व्यक्ति के पास धन हो या ना हो परमात्मा के पास जो निश्छल मन भाव से जाकर भगवान का भजन करता है। गोविंद से मिलने की केवल तड़प होनी चाहिए परमात्मा की प्राप्ति उसे हो जाती है ।उन्होंने कहा परमात्मा ने जिसको जिस प्रकार से बनाया है और जो दिया है उसे वही भगवान को समर्पित करना चाहिए।उन्होंने कहा ₹देते को हरी डेट है जहां तहां से आन अन्य जन मांगत फिरत ठाकुर सुनहि न कानर₹ जैसा जिसको परमात्मा ने बनाया है उसको वैसा ही सत्कर्म में लगाना चाहिए यही गोविंदा की भक्ति का सर्वोत्तम फल है ।परीक्षित मोक्ष की कथा सुनते हुए महाराज जी ने कहा परीक्षित कलयुग के प्रभाव में आ गए परिणाम स्वरूप परीक्षित को ऋषि के श्राप के कारण तक्षक नाग ने काटा और उनके जीवन का अंत हो गया। किन्तु भागवत कथा के प्रभाव से उन्हें मोक्ष प्राप्त हुआ और परीक्षित का नाम अजर-अमर हो गया ।भागवत कथा के सातवे दिवस भी आचार्य अरविंद द्विवेदी एवं नैमिश निवासी आचार्य स्वतन्त्र मिश्र ने वैदिक मंत्रोचार से दैनिक पूजन कार्य संपन्न कराया ।इस दौरान परीक्षित संतकुमार त्रिवेदी बबलू त्रिवेदी आलोक पवन पांडे संतोष लकी रजनीश सचिन अवनीश कुमार मधुर त्रिवेदी अंकित सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

# साढे.सात करोड़ रुपए से होगा नगर पंचायत मिहींपुरवा का विकास

## बलहा विधायक के लिखे पत्र पर नगर विकास मंत्री ने दी मंजूरी

**अमन लेखनी समाचार/मिथिलेश जायसवाल**

मोतीपुर, बहराइच। बलहा विधानसभा क्षेत्र में नव सृजित नगर पंचायत मिहींपुरवा का विकास बेहतर तरीके से हो इसके लिए बलहा विधायक सरोज सोनकर ने नगर विकास मंत्री एके शर्मा को पत्र लिखा था। नगर विकास मंत्री ने विधायक के पत्र का संज्ञान लेकर साढ़े सात करोड रुपए की मंजूरी देते हुए नगर विकास सचिव को जल्द बजट जारी करने के निर्देश दिए है ।विधायक के लिखे पत्र के माध्यम से मंजूर साढ़े सात करोड रुपए की लागत से विकास कार्य होने की सूचना मिलते ही नगर पंचायत के लोगों ने हर्ष जताया है ।विकास कार्यों में विभिन्न वार्डों में सड़क नाली के लिए दो करोड़। झील तालाब पोखर निर्माण संरक्षण सौंदर्यीकरण के लिए एक करोड़ बीस लाख। नाली सीवरेज जलनिकासी के लिए एक करोड़ 95 लाख। अंत्येष्टि स्थल के लिए 39 लाख। पेयजल के लिए एक करोड़ चौरानबे लाख रुपये मंजूर हुए है। विधायक सरोज सोनकर के प्रतिनिधि आलोक जिंदल ने बताया कि नगर पंचायत के समग्र विकास के लिए विधायक ने नगर विकास मंत्री को पत्र लिखा था जिसमें सड़क नाली पेयजल अंत्येष्टि स्थल तालाब आदि के निर्माण कार्य शामिल है। नगर विकास मंत्री ने पत्र का संज्ञान लिया जल्द बजट जारी करने की बात कही है जिससे नगर पंचायत का चौमुखी विकास होगा जिससे नगर वासियों को इसका लाभ होगा।

# कोटे की जांच के दौरान प्रधान-कोटेदार के समर्थक भिड़े

- लात-घूंसे और कुर्सियों से हुआ बवाल, जांच में जुटी पुलिस

**अमन लेखनी समाचार**



अमेठी जिला, अमेठी के बाजार शुकुल स्थित सत्थिन गांव में कोटे की जांच के दौरान ग्राम प्रधान और कोटेदार के समर्थकों के बीच जमकर संघर्ष हुआ। दोनों पक्षों के बीच लात-घूंसे और कुर्सियों का उपयोग करते हुए हिंसा का मामला सामने आया। इस झगड़े में दोनों पक्षों से एक दर्जन लोग घायल हो गए हैं। मौके पर पुलिस और अधिकारी मौजूद थे। जिन्होंने स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। घटना के अनुसार, सत्थिन गांव में कोटे की जांच के लिए पांच सदस्यीय टीम ने पहुंच कर जांच शुरू की। इस टीम में ए आर ओ ज्योति केसरवानी, खंड विकास अधिकारी अंजलि सरोज, पूर्ति निरीक्षक अरुण कुमार पांडे, राजस्व निरीक्षक और पुलिस विभाग से उप निरीक्षक शाबिर अली शामिल थे। जांच के दौरान, ग्राम प्रधान के लगभग 40-45 समर्थकों और कोटेदार के लगभग 200 समर्थकों के बीच विवाद बढ़ गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के लोग एक-दूसरे पर लात-घूंसे और कुर्सियों से हमला करने लगे। इस झगड़े में कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घटनास्थल से कई लोगों को हिरासत में ले लिया। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा।

# संक्षेप

## थाने चौराहे के पास स्थित कार्यालय पर खड़ी बाइक चोरी

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां थाने के चौराहे पर स्थित आवास पर खड़ी पल्सर मोटरसाइकिल को चोरो ने उड़ाया अरुण कुमार यादव पुत्र साधु शरण यादव जो ग्राम जुडियान, सहजनवां गोरखपुर के निवासी है। उनकी गाड़ी पल्सर जिसका नं UP, 53 C, 7419 हैं जिसका चेचिस नं-30841 व इंजन नं.-53914 हैं। जो बुधवार की रात सहजनवा नेशनल हाइवे स्थित आवास पर खड़ी थी जब प्रार्थी सुबह देखा तो गाड़ी कार्यालय से गायब दिखी। तब आंशका हुआ की गाड़ी चोरी हो चुकी है। गाड़ी में सभी कागजात भी मौजूद थे। वही पीड़ित ने सहजनवां थाने में प्रार्थना पत्र दे कर मामले को गंभीरता से लेते हुए जाचं कर कार्यवाही करने की मांग किया है। इस तरह के कस्बे में अधिकतर मामले सामने आ रहे हैं। अगर समय रहते कार्यवाही की जाएगी तभी इस प्रकार के मामले पर रोक लग सकेगी। वही सहजनवां पुलिस मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही करने का निर्देश दिया है ।लेकिन अभी तक इस संबंध में कोई जानकारी नहीं सामने आ रही हैं।

## अनूपशहर में दबंगों ने युवक के साथ की मारपीट, घायल

अनूपशहर, बुलंदशहर के जहांगीराबाद कोतवाली क्षेत्र के गांव जलीलपुर में नुमाइश मेला देखकर घर पहुंचे युवक के साथ दबंगों द्वारा मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई है। पुलिस को दी तहरीर में पीड़ित भूपेंद्र ने बताया कि वह जहांगीराबाद में लगे नुमाईश मेला को देखकर अपने घर के दरवाजे पर पहुंचा ही था। तभी गांव के रहने वाले निरजंन, चन्द्रपाल, महीपाल व सगीर आकर उसके साथ गाली गलौज करने लगे। गाली गलौज का विरोध करने पर आरोपियों द्वारा उसके साथ में लाठी, डंडों व रोड से जमकर मारपीट की गई। जान बचाकर वह घर के अंदर पहुंचा। आरोपियों ने घर में घुसकर भी उसके साथ मारपीट व गाली गलौज की। पीड़ित द्वारा शोर मचाने पर पड़ोस में रहने वाले लोग मौके पर पहुंचे तो लोगों को अपनी ओर आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गए। घटनाक्रम के संबंध में पीड़ित ने कोतवाली में पहुंच कर पुलिस को बताया। जिसके बाद पुलिस ने घायल का सरकारी अस्पताल में मेडिकल कराया।

## गड्ढा युक्त सड़क को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

सोनभद्र, सोनभद्र के रॉबर्ट्सगंज के न्यू कॉलोनी में रहने वाले स्थानीय निवासियों ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य आशुतोष कुमार दुबे (आशु) के नेतृत्व में नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ सड़क की बदहाल स्थिति को लेकर प्रदर्शन किया। आशु दुबे ने कहा कि जर्जर सड़कों और उनकी दुर्व्यवस्था को लेकर कई बार प्रदर्शन किया गया है। लेकिन नगर पालिका प्रशासन इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

# आईजीएल परिसर में एनडीआरएफ द्वारा आपदा प्रबन्धन पर ट्रेनिंग आयोजित

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र स्थित के इंडिया ग्लाईकॉल्स लिमिटेड के बिजनेस हेड एस के शुक्ल के मार्गदर्शन एवं प्लांट हेड शैलेन्द्र पाण्डेय के नेतृत्व में एनडीआरएफ विभाग द्वारा आपदा प्रबन्धन पर ट्रेनिंग का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक महाप्रबन्धक मानव संशाधन एवं प्रशासन दशरथ मिश्र ने किया। आपदा प्रबन्धन पर ट्रेनिंग एनडीआरएफ के निरीक्षक सुधीर कुमार के द्वारा दिया गया जिसमे मुख्य रूप से आपदा की स्थिति में खुद कैसे बचे और दुसरो को कैसे सुरक्षित करना है और सीपीआर विधि एवं बचाव अभियान जैसे विषयों के बारे में जानकारी उपलब्ध कराया गया। तत्पश्चात एनडीआरएफ के उप कमाण्डेन्ट सन्तोष कुमार द्वारा रसायनिक प्रभाव और आग द्वारा उत्पन्न आपदा में बचाव कार्यों की जानकारी दी और बताया की बढ़ते हुए कल कारखानो, प्राकृतिक आपदाओं और घरेलू कार्यों में सुरक्षा हेतु सभी को इसकी जानकारी होना आवयश्यक है। उक्त कार्यक्रम में आईजीएल के बिजनेस हेड एस के शुक्ल ने अपने उदबोधन में एनडीआरएफ के टीम को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उनके द्वारा उपलब्ध कराये जा रहे इस ट्रेनिंग की सराहना किये और एनडीआरएफ द्वारा विषम परिस्थितियों में किये जा रहे जनहित बचाव कार्यों को भी सराहा तथा आईजीएल के सभी कर्मयोगियों से इस ट्रेनिंग को दूसरों को सिखाने की अपील की जिससे कम समय में अधिक लोगों को सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से तैयार किया जा सके। उक्त कार्यक्रम की व्यवस्था वरिष्ठ अधिकारी फायर एंड सेफ्टी रणधीर सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम के उपरान्त बिजनेस हेड द्वारा एनडीआरएफ के उप कमाण्डेन्ट सन्तोष कुमार और निरीक्षक सुधीर कुमार को अंगवस्त्र एवं मोमेन्टो देकर उनके द्वारा किये जा रहे इस उत्कृष्ठ कार्यों के लिए सम्मानित किया गया और उनसे आग्रह किया की इस प्रकार की ट्रेनिंग निरन्तर प्रतिमाह उपलब्ध कराये जिससे इसका लाभ अधिक से अधिक लोगों को प्राप्त हो। सभी एनडीआरएफ टीम के प्रति सहायक प्रबन्धक अखिलेश कुमार शुक्ल ने आभार एवं धन्यवाद दिया। उक्त ट्रेनिंग में एनडीआरएफ के उपनिरीक्षक अखण्ड प्रताप मय टीम के साथ और आईजीएल से शिवेन्द्र सिंह, हृदयेश त्रिपाठी, सुजय राय, सूर्यप्रताप सिंह, सुरेन्द्र पूरी, सत्यव्रत दुबे, सुरेन्द्र मौर्या, अमित कश्यप, बिपिन मिश्रा, अजय राय, आशुतोष त्रिपाठी, चंद्रमौलि पाण्डेय, सन्दीप, वैष्णवी भाटिया, ज्योति सिंह, सुगंधा अधिकारी, सुरक्षा गार्ड अन्य कर्मयोगी उपस्थिति रहे।

# प्रधान की पहल पर साथीपार संपर्क मार्ग पर पड़ा ह्यूम पाईप

## अब लोगों को जलजमाव से मिलेगी राहत।

अमन लेखनी समाचार




गोरखपुर। नौसढ़ खजनी मार्ग पर साथीपार गांव में जाने वाला संपर्क मार्ग पर कई महीनों से भीषण जलजमाव हो रहा था।जिससे सड़क टूटकर तालाब में तब्दील हो गया था। जिससे गांव वालो और राहगीरों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।इस जलजमाव की समस्या को लेकर साथीपार के ग्राम प्रधान मान सिंह द्वारा बीते 20 अगस्त को उपजिलाधिकारी सहजनवां से मिलकर जल निकासी कराने की मांग की गई थी। जिसको संज्ञान में लेने के बाद शुक्रवार को सड़क की खुदाई करके ह्यूम पाईप डाल दिया गया।जिससे अब बरसात का पानी आसनी से ह्यूम पाईप के रास्ते नाले में चला जाएगा। जिससे अब साथीपार के लोगों और राहगीरों को जलजमाव से राहत मिल गई है।बताते चले कि इस साथीपार संपर्क मार्ग से सैकड़ों छोटी बड़ी गाड़ियों का आवागमन होता है।इसी संपर्क मार्ग से लोग सहजनवा हाइवे में भी चले जाते हैं।इधर बरसात शुरू होते ही साथीपार मोड़ पर ही भीषण जल जमाव होने के कारण सड़क पर कीचड़ होने से लोग बाइक व साइकिल लेकर गिर जा रहे थे जिससे चोटिल हो जा रहे थे। ग्रामप्रधान मान सिंह ने बताया कि जलजमाव के कारण गांव के लोग दो किलोमीटर घूमकर दूसरे रास्ते से आते थे लेकिन अब जलजमाव की समस्या दूर हो जाएगी। ग्रामप्रधान मान सिंह के पहल पर इस समस्या से लोगों को राहत मिल गया है।राहगीरों द्वारा प्रधान के पहल पर प्रसन्नता व्यक्त की गई।

# गोरखपुर में पशु चिकित्सा विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल, पशुपालक हुआ परेशान

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। कैम्पियरगंज थाना क्षेत्र के आलमचक गांव निवासी वीरेंद्र प्रताप पांडेय ने पशु चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाया है। पांडेय का कहना है कि उनकी गर्भवती भैंस की मौत जून में हुई थी। लेकिन पशु चिकित्सक ने पोस्टमार्टम में जानबूझकर देरी की। पांडेय ने बताया कि उन्होंने मृत भैंस के पोस्टमार्टम के लिए कई बार अधिकारियों को आवेदन दिया था। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। बाद में मुख्यमंत्री जन सुनवाई पोर्टल पर शिकायत करने के बाद अधिकारी हरकत में आए। और एक टीम गठन किया गया। गठित टीम 15 दिन बाद मौके पर पहुंचकर दफनाई गई भैंस को जेसीबी मशीन से खुदाई करके बाहर निकाला गया। उप पशु चिकित्सा अधिकारी कैंम्पियरगंज डॉ चंद्रशेखर, डॉ बृजेश पटेल, डॉ राजकमल चौधरी की टीम ने मृत भैंस का पोस्टमार्टम किया। डीसीओ कैंपियरगंज डॉ चंद्रशेखर ने बताया खुदाई के दौरान मिले अवशेष की पहचान भैंस के अवशेष के रूप में हुई है। पांडेय का आरोप है कि स्थानीय पशु चिकित्सक राकेश कुमार द्विवेदी ने इलाज में लापरवाही बरती और भैंस के बीमे का पैसा भी हड़प लिया। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# असलहे के बल पर नायब तहसीलदार के घर में डकैती 25 लाख के गहने और 6 लाख नकद लूट कर फरार

## चार डकैत नायब तहसीलदार की पत्नी की कनपटी पर असलहा लगा कर घर में घुसे थे

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। सहजनवा नगर पंचायत वार्ड 9 पिपरा धनश्याम नगरी में स्थित नायब तहसीलदार यदुवंश यादव के मकान पर चार असलहाधारी डकैत धाव बोलकर इनकी पत्नी के कनपटी पर असलहा सटाकर घर में घुसे थे। और आलमारी में रखा करीब 25 लाख गहने और 6 लाख नकद लूट कर फरार हो गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नायब तहसीलदार देवरिया सदर में तैनाती है। इनका वार्ड 9 पिपरा धनश्याम नगरी में दो मंजिला मकान है। देर रात्रि करीब 3 बजे चार असलहाधारी आए और आंगन का दरवाजा खोला आवाज सुन कर इनकी पत्नी ऊपर गई तो डकैत इन्हे असलहा सटाकर घर के अंदर घुस आए। धमका कर घर की चाभी ले लिया। बाक्स और आलमारी में रखा करीब 25 लाख का गहने और झोले में रखा 6 लाख रुपया नकदी लूट कर फरार हो गए। पहले मंजिल पर दोनो बेटे और बहू और नायब तहसीलदार सो रहे थे। जानकारी मिलने पर छत पर गए तो डकैत फरार हो चुके थे। सूचना पर एसओ विशाल उपाध्याय पहुंचे और फोरेंसिक टीम बुलाकर नमूने लिए। घटना की जानकारी होने सीओ गीडा प्रशाली गंगवार ने भी पहुंची और जांच पड़ताल किया।सीओ गीडा प्रशाली गंगवार ने कहा की पीड़ित ने चोरी का तहरीर दिया था। जिसका मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। डकैती का आरोप लगा रहे है। उसकी भी जांच की जा रही है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार / समरजीत सोनकर



अमौली, फतेहपुर। जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत अमौली कस्बा निवासी 37 वर्षीय राजेंद्र उर्फ आशादीन पुत्र शिवकुमार अरख की बाइक में एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जहां युवक गंभीर रूप से घायल हो गया आनंद-फानन परिजन मौके पर पहुंचे तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमौली उपचार हेतु ले गए उपचार के पश्चात परिजन युवक को घर ले गए जहां रात्रि में अचानक सीने में तेज दर्द हुआ और युवक बेहोसी हालात पर आ गया आनन फानन पारिवारिक जन पुनः सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमौली ले गए जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया यह सूचना जैसे ही परिजनों को मिली तो घर में कोहराम मच गया वहीं मिली जानकारी के अनुसार अज्ञात वाहन टक्कर मारकर अभी तक फरार है जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष चांदपुर राजेंद्र सिंह ने बताया कि युवक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है वही अज्ञात वाहन की तलाश जारी है

# निमाणर्धीन आंगनबाड़ी केंद्र का भरभराकर गिरा बीम

❍ मची अफरातफरी, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन; घटिया सामग्री प्रयोग करने का आरोप

अमन लेखनी समाचार



बुलंदशहर, बुलन्दशहर के बऊंचागांव विकास खंड क्षेत्र में निर्माणधीन आंगनबाड़ी केंद्र का बीम खोलते ही गिर गया। कार्य कर रहे मजदूरों ने भाग कर जान बचाई। मामले की सूचना मिलने पर मौके पर ग्रामीण पहुंच गए और घटिया निर्माण सामग्री प्रयोग करने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। ऊंचागांव विकासखंड क्षेत्र के गांव ढलना के ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पुराना आंगनबाड़ी केंद्र जर्जर हो गया है और नए आंगनबाड़ी केंद्र के भवन का निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि लेंटर डालने से पहले बीम डाला गया था, जो की खोलने के दौरान टूट गया। ठेकेदार ने बीम को आनन फानन में हटवा दिया। ग्रामीणों ने बताया ठेकेदार द्वारा लेंटर के साथ ही बीम भी डाला जा रहा था। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण में पीला ईटों और घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। इस संबंध में बीडीओ सतीश कुमार का कहना है कि ब्लॉक स्तर से भवन का निर्माण नहीं कराया जा रहा है। निर्माण कार्य में घटिया सामग्री प्रयोग करने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। ग्रामीणों ने उक्त ठेकेदार पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है।

ग्रामीणों ने बताया कि मजदूरों ने भाग कर अपनी जान बचाई। बीम गिरने से बड़ा हादसा हो सकता था। ग्रामीणों को कहना है अधिकारियों द्वारा जांच होनी चाहिए।

# श्याम बिहारी त्रिपाठी सहजनवा तहसील में गीडा के अधिवक्ता नामित

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। तहसील बार एसोसिएशन के पूर्व मंत्री वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम बिहारी त्रिपाठी को गीडा की तरफ से तहसील में अधिवक्ता नामित किया गया है।मुख्य कार्यपालक अधिकारी अनुज मलिक ने जारी आदेश में कहा है की त्रिपाठी सहजनवा तहसील के कोर्ट में गीडा के वादों पैरवी अगले तीन वर्ष तक करते रहेंगे। नामित होने पर त्रिपाठी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त किया।

# पास्को एक्ट के अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

सहजनवा गोरखपुर। सहजनवा पुलिस ने 2 वर्ष किशोरी को अपहरण कर फरार चल रहे अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मिली जानकारी से 16 वर्षीय छात्रा क्षेत्र के एक इंटर कालेज में पढ़ने आई थी। उसी दौरान अभियुक्त उसे लेकर फरार हो गया था। पुलिस आरोपी को 2 वर्ष से तलाश कर रही थी। शुक्रवार को एसओ विशाल उपाध्याय उपनिरीक्षक धनश्याम उपाध्याय, कास्टेबिल आशुतोष पांडेय ने फरार चल रहे अभियुक्त नीरज सोनी पुत्र रविंद्र सोनी दुगौली थाना महराजगंज जिला जौनपुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# टेक्नीशियन वर्ल्ड कप 2024 प्रतियोगिता का आयोजन

❍ 55 देशों ने किया प्रतिभाग, जेपी विद्या मंदिर चिरचिटा ने प्राप्त किया तृतीय स्थान

अमन लेखनी समाचार




अनूपशहर, शिकारपुर भारत सरकार के शिक्षा और आईटी मंत्रालय द्वारा दुनिया की सबसे बड़ी रोबोटिक्स चैंपियनशिप टेक्नीशियन वर्ल्ड कप 2024 प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। जिसमें जेपी विद्या मंदिर चिरचिटा ने प्रतिभाग करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का आयोजन इंटरनेशनल स्टेडियम नोएडा में किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस श्रेणी में कुल 250 प्रोजेक्ट प्रस्तुत किये गये। इस प्रतियोगिता में 55 से अधिक देशों ने भाग लिया और जेपी विद्या मंदिर के छात्रों ने तीसरा स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। जेपी विद्या मंदिर के छात्रों ने कांस्य पदक, योग्यता प्रमाण पत्र के साथ 25000 रुपए की उपहार राशि भी प्राप्त की। प्रतियोगिता टीम सलाहकार के रूप में मोहित चौधरी,टीम कप्तान माही राजोरा व टीम सदस्य उदित निगम, धैर्य राघव, छवि शर्मा, गौरांश भारद्वाज, ज्योति सिंह, यश भारद्वाज, विभु शर्मा रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि हमारे छात्रों की यह उपलब्धि हमें गौरवित करती है। यह उनकी कड़ी मेहनत और लगन का परिणाम है।

# विद्युत करंट की चपेट में आए युवक की हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

समरजीत सोनकर



अमौली, फतेहपुर। जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव जजमोइया में एक युवक की बिजली के करंट लगने से मौत हो गई मिली जानकारी के अनुसार पावन पर्व श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष में गांव में स्थापित मां दुर्गा मंदिर में सजी झांकियों में लगी झालर में उतरे करंट की चपेट में गांव का 20 वर्षीय युवक सुभाष पुत्र राधेश्याम प्रजापति आ गया जहां करंट लगने के पश्चात बुरी तरह घायल हो गया आनंद- फानन परिजनों ने एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमौली उपचार हेतु ले जाने की पूर्ण कोशिश की जहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने जांच पड़ताल करते हुए युवक को मृत घोषित कर दिया यह जानकारी जैसे ही घर में मृतक की मां ज्ञान श्री को हुई तो उसका रो-रो कर बुरा हाल हो गया पिता राधेश्याम मजदूरी करते हैं जहां मृतक सुभाष प्रजापति उनका हाथ बटाता था इस घटना से पिता माता समेत 10 वर्षीय छोटा भाई शुभम तथा पारिवारिक बेहद सदमे में आ गए वहीं थाना अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने पहुंचकर तहकीकात करते हुए शव को पोस्टमार्टम हेतु शव विच्छेदन गृह फतेहपुर रवाना किया।

# मेरठ में बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़

❍ एक को पैर में लगी गोली, दूसरा फरार; महिलाओं के गले से लूटते थे चेन

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, मेरठ में महिलाओं के गले से चेन लूटकर भागने वाले बाइक सवार बदमाशों की पुलिस से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में एक बदमाश को पैर में गोली लगी जबकि दूसरा फरार हो गया। पुलिस ने घायल बदमाश को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। रात में कंकरखेडा पुलिस को सूचना मिली कि दो बाइक सवार बदमाश एक महिला से चेन लूटकर गंगानगर क्षेत्र की ओर जा रहे हैं। सर्विलांस के टीम और गंगानगर पुलिस ने बदमाशों की घेराबंदी शुरू कर दी। पुलिस ने दोनों बाइक सवार बदमाशों को गंगानगर क्षेत्र में घेर कर रुकने के लिए कहा तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक बदमाश को पैर में गोली लग गई और वह बाइक सहित गिर गया। पुलिस ने घायल बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। वही मौके का फायदा उठाकर उसका साथी फरार होने में कामयाब हो गया। पुलिस पूछताछ में घायल बदमाश ने अपना नाम विशाल सागर उर्फ बोबी पुत्र अमर सिंह निवासी गांव लडपुरा थाना गढमुक्तेश्वर जिला हापुड बताया है। पुलिस ने आरोपी बदमाश के पास से लूटी गई चेन सहित तमंचा, कारतूस और चोरी की बाइक बरामद की है। मौके का फायदा उठाकर परीक्षितगढ़ थाना क्षेत्र स्थित गांव खजूरी का रहने वाला अमन नाम का बदमाश फरार हो गया था। इसे पुलिस ने बाद में गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार बदमाश विशाल के खिलाफ मेरठ सहित अन्य जिलों में आधा दर्जन मुकदमे दर्ज हैं।

# फाइनल बहस के बाद हो जाती हत्यारों को सजा

## आरोपियों ने पूरे परिवार पर धारदार हथियार से किया हमला, तीन की हालत नाजुक

अमन लेखनी समाचार

अमेठी में पुलिस का बड़ा फेलियर सामने आया है। जहां गवाही देने जाने के लिए पुलिस सुरक्षा लेने थाने जा रहे परिवार पर हिस्ट्रीशीटर अपराधी ने अपने परिवार के साथ लाठी डंडों और धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में दो महिलाओं समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें तीन की हालत गंभीर देखते हुए ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है।आरोपियों ने 10 साल पहले इसी घर की बेटी पर हमला कर मौत के घाट उतार दिया था। इसी मामले में परिवार आज दीवानी न्यायालय गवाही देने जाना था, जिसमें आज फाइनल बहस होनी थी। अगर बहस पूरी हो जाती तो आरोपियों को सजा हो जाती है। उसके पहले ही अपराधियों ने पूरे परिवार पर हमला कर दिया। फिलहाल पुलिस आरोपियों की धरपकड़ में जुट गई है।

दरअसल यह पूरा मामला अमेठी कोतवाली क्षेत्र के बेनीपुर गांव का है। जहां के रहने वाली सायरा बानो और उसकी बेटी पर 2014 में गांव के ही रहने वाले दबंगों ने हमला कर दिया था। जिसमें सायरा बानो की बेटी रुबिया बानो की मौत हो गई थी।हमले में सायरा बानो बच गई थी।इसी मामले में गांव के हिस्ट्रीशीटर अपराधी हकीमुद्दीन उर्फ बच्चा समेत कई अन्य आरोपी बनाए गए थे। मामला दीवानी न्यायालय में चल रहा था, जिसमें आज फाइनल बहस होनी थी।

### पूरे परिवार पर लाठी डंडों और धारदार हथियार से किया हमला

फाइनल बहस में जाने के पहले सायरा बानो उसका पति कमाल खान बेटा मकसूद राना, मोहम्मद राना और बहू तराना घर से



निकालकर अमेठी कोतवाली पुलिस सुरक्षा लेने जा रही थी।ये सभी जैसे ही घर से बाहर निकले और कुछ दूर गए थे कि विपक्षी हकीमुद्दीन उर्फ बच्चा ने अपने परिवार के अन्य सदस्यों निजामुद्दीन कमालुद्दीन रियाजुद्दीन जावेद फिरोज मासूक समेत कई अन्य ने पूरे परिवार पर लाठी डंडों और धारदार हथियार से हमला कर दिया। दबंगों के हमले से बचने के लिए परिवार जब घर के अंदर गया, तो दबंगों ने घर के अंदर घुसकर पूरे परिवार को मरणासन्न स्थिति में छोड़कर फरार हो गए।घटना की जानकारी मिलते ही अमेठी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को अमेठी सीएएचसी लेकर गई। जहां से कमाल खान पुत्र मोहम्मद उमर 60 वर्ष मकसूद राना 20 वर्ष मोहम्मद राना 15 वर्ष को गंभीर हालत में ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया है। जबकि सायरा बानो और बहू तराना पत्नी हसमत राना की स्थिति ठीक है।घटना की सूचना मिलते ही गौरीगंज सीओ अखिलेश वर्मा अस्पताल पहुंचे और घायलों से पूछताछ की।

### सीओ ने कहा.....

वही पूरे मामले पर सीओ ने कहा कि दो पक्षों में विवाद हुआ है। मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों का गठन कर दिया गया है। जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर किया जाएगा।

# युवाओं में खेलभावना का अंकुरण केवल खिलाड़ी ही नहीं वरन देश की एकता और प्रगति का उत्प्रेरक है- डॉ. भरत शर्मा

अमन लेखनी समाचार



भोपाल। श्री भारतीय संस्कृति शिक्षा संस्थान, विश्वनाथ धाम में टेबल-टेनिस हॉल के उद्घाटन अवसर पर उक्त विचार मुख्य अतिथि डॉ. भरत शर्मा (सदस्य - संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार और मध्यप्रदेश टेबल-टेनिस संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष) ने अपने उद्बोधन में व्यक्त किए। आपने संस्थान को अपने छात्रों हेतु उच्चतम स्तर के खेल परिसर के निर्माण कर खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने पर धन्यवाद दिया और छात्रों को उच्च गुणवत्ता और राष्ट्रीय खेल में इस्तेमाल होने वाली टेबल-टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया की मानक टेबल-टेनिस की दो-दो टेबल से सुसज्जित हॉल के उद्घाटन पर बधाई दी।

श्री शर्मा ने हाल ही में हुए पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों शरथ कमल, हरमीत देसाई, मानव ठक्कर, मनीका बत्रा, श्रीजा अकुला और अर्चना कामथ के प्रयासों की सराहना की और भारत भविष्य में बेहतरीन प्रदर्शन कर पदक लाए इसके लिए छात्रों को किसी भी खेल में अनुशासन, लगन और प्रशिक्षण पर जोर देने के लिए भारतीय खिलाड़ियों का उदाहरण दिया। आपने कहा कि खेल केवल शारीरिक तंदुरुस्ती का माध्यम नहीं वरन आपके मन को संयमित करने, अनुशासित होने और खेलभावना जागृत करने का माध्यम है। आपने मध्यप्रदेश टेबल-टेनिस संगठन और इंदौर टेबल-टेनिस संगठन द्वारा किसी भी तरह के योग्य सहयोग हेतु आश्वस्त किया और खिलाड़ियों से मध्यप्रदेश में रैंकिंग प्लेयर बनने की शुरूआत कर देश में नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अवसर पर ट्रस्टी श्री मुकेश कचौलिया, पवन मित्तल, धीरेंद्र पटेल, प्राचार्या रचना जैन, विशिष्ठा शर्मा, शिक्षक और छात्र- छात्राएँ मौजूद रहे।

# संस्कार भारती की दायित्व बोध कार्यशाला ग्वालियर मे हुई संपन्न

## दायित्वों का निर्वाहन और कार्यकर्ता का कैसा हो आचरण






अमन लेखनी समाचार

ग्वालियर, मध्य प्रदेश दायित्व बोध कार्यशाला संस्कार भारती ग्वालियर इकाई द्वारा दायित्व बोध कार्यशाला का आयोजन को महात्मा गांधी विधि महाविद्यालय में किया गया संस्कार भारती ग्वालियर महानगर के सभी दायित्ववान कार्यकर्ता एवं सम्मानित सदस्यों उक्त कार्यशाला में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप मे संघ के विजय दीक्षित जी (संस्कार भारती के मार्गदर्शक) उपस्थित रहे, उन्होंने अपने उद्बोधन मे दायित्वों का निर्वाह कैसे हो और कार्यकर्ता का आचरण जैसे विषयों पर अपना उद्बोधन दिया। आपने गीता के बारहवे अध्याय का उदाहरण देते हुए किन किन परिस्तिथियों मे कार्यकर्ता को कार्य करना हैं बताया। मध्य भारत प्रांत के महामंत्री अतुल अधोलिया ने संघटन मे कार्यकर्ता आपस में कैसे अछे आचरण और विनम्रता के साथ कार्य करें विषय पर प्रकाश डाला।दिनेश चंद्र दुबे जिला इकाई कार्यकारी अध्यक्ष जी ने संघटन के प्रतीक चिन्ह भगवानों नटराज और महत्पूर्ण उत्सवों पर अपना उद्बोधन दिया। श्रीमती अनीता करकरे जी ने संस्कार भारती की कार्यप्रणाली पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे महात्मा गाँधी विधि महाविद्यालय के चेयरमैन यशपाल सिंह तोमर उपस्थित रहे।कार्यक्रम का कुशल संचालन श्री प्रदीप दीक्षित और शेखर दीक्षित द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में जिला महामंत्री चंद्र प्रताप सिकरवार द्वारा सभी का आधार प्रदर्शन किया गया कार्यक्रम की जानकारी जया अग्रवाल प्रांत मीडिया प्रभारी ने दी

# यूआईएल में दिन दहाड़े केबिल ड्रम चोरी का असफल प्रयास

### सिक्योरिटी इंचार्ज ने दर्ज कराया मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। अपनी कड़ी सुरक्षा के लिए उद्योग नगरी में मशहूर यूआईएल कंपनी में दिन दिहाड़े सुरक्षा गार्डों व एक थर्ड पार्टी के अधिकारी की मिलीभगत से करीब 45 लाख कीमत के केबिल ड्रम चोरी करने का असफल प्रयास किया गया। सुरक्षा एजेंसी के सिक्योरिटी इंचार्च ने आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

ब्लैक हाउंड के सिक्योरिटी इंचार्ज एपी पांडेय ने बताया कि 29 अगस्त को दोपहर करीब ढाई बजे यूआईएल के गेट संख्या पांच से सुमेरपुर कस्बा निवासी एक कबाड़ी का ट्रक संख्या यूपी 78 एचएन 9118 को लेकर ट्रक चालक सर्वेश व हाइड्रा संख्या यूपी 91 एटी 2604 चालक सुनील कुमार निवासी थाना जरिया यूआईएल की थर्ड पार्टी वोनास प्रोजेक्ट के अधिकारी नरेंद्र के कहने पर बिना स्वीकृति के अंदर ले लिया।इसके बाद इस ट्रक पर करीब 45 लाख कीमत के तीन केबिल ड्रम लोड कर लिया। पकड़े जाने की आशंका होने पर बाद में खाली कर दिया।उन्होंने बताया कि यह चोरी का असफल प्रयास किया गया।घटना के बाद पुलिस को अवगत कराया गया।पुलिस ने चोरी में संलिप्त दोनों चालकों सहित तीन लोगों को हिरासत में ले लिया। जबकि दोनों वाहनों को फैक्टरी के अंदर ही सुरक्षा गार्डों के सुपुर्द किया गया है। सिक्योरिटी इंचार्ज की तहरीर पर ट्रक चालक सर्वेश, हाइड्रा चालक सुनील कुमार, सुरक्षा गार्ड जगभान, रमाकांत, रोहित व चन्द्रपाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर रही है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि सिक्योरिटी इंचार्ज ने तहरीर दी है। तहरीर की आधार पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। ट्रक मालिक ने बताया कि उनका ट्रक भाड़े में गया था।उनको घटना की जानकारी नहीं है।

# आठ माह से यौन शोषण करने की शिकायत कर कार्यवाही की मांग

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। किशोरी से लगातार 8 माह से डरा धमकाकर यौन शोषण करने की शिकायत पीड़िता ने शुक्रवार को घटना की लिखित शिकायत कोतवाली प्रभारी को सौंपते हुए आरोपियों पर कार्यवाही करने की मांग की है।मौदहा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव के ही एक युवक ने गत 11 जनवरी 2024 को घर में उसे अकेला देखकर जबरन नाजायज तमंचा के बल पर घुसकर उसके साथ कुकृत्य की घटना को अंजाम दिया था और वीडियो बनाकर लगातार ब्लैकमेल करते हुए सुनसान जगहों पर बुलाकर यौन शोषण करता रहा।पीड़िता ने बताया कि 25 अगस्त को भी दिन में 11 बजे जब वह अपने घर के दरवाजे पर बैठी थी तभी आरोपी अपने सहयोगियों के साथ एक राय होकर आये और जबरन अपने घर ले जाकर बारी बारी से दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। मामले की शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर छोड़ दिया। उक्त मामले में कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया कि पूंछतांछ के अनुसार पीडिता व आरोपी का प्रेम प्रसंग पूर्व से चल रहा था लेकिन अब आरोपी शादी करने से मुकर रहे हैं। जिसके बाद उक्त प्रार्थना पत्र दिया गया है। कोतवाली प्रभारी ने मामले की जांच पड़ताल करने की बात कही है।

# जरूरतमंद व गरीब बच्चों को निशुल्क किताबें पुस्तक संग्रह अभियान

अमन लेखनी समाचार

अमेठी जरूरतमंद व ज्ञानार्जन करने वाले गरीब बच्चों को निशुल्क किताबें उपलब्ध कराए जाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा पुस्तक संग्रह अभियान चलाया जा रहा है इसके लिए कलेक्ट्रेट के प्रथम तल पर पुस्तक संग्रहालय कक्ष की स्थापना की गई है पुस्तक संग्रहालय में किताबें दान करने वाले 16 लोगों को आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी, जिलाधिकारी निशा अनंत, पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह और मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी बहादुरपुर द्वारा 920, इंडोरामा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड जगदीशपुर द्वारा 629, महेंद्र कुमार द्वारा 621, धर्मजीत सिंह द्वारा 501, रोहित सिंह अधिशासी अभियंता विद्युत द्वारा 201, एचएएल कोरवा द्वारा 154, अजय कुमार नायब नाजीर कलेक्ट्रेट द्वारा 137, खंड शिक्षा अधिकारी मुसाफिरखाना द्वारा 130, तूफान सिंह स्वामी विवेकानंद सेवा फाउंडेशन द्वारा 117, विशाल कुमार विविध लिपिक कलेक्ट्रेट द्वारा 110, दिनेश कुमार यादव न्याय सहायक कलेक्ट्रेट द्वारा 101, सर्वेश श्रीवास्तव राजस्व सहायक कलेक्ट्रेट द्वारा 100, अर्जुन सिंह खंड शिक्षा अधिकारी गौरीगंज द्वारा 79, महेंद्र कुमार जायसवाल विकासखंड भेंटुआ द्वारा 78, शिवनारायण आयुध लिपिक कलेक्ट्रेट द्वारा 70 तथा अंकित कुमार नजारत चपरासी कलेक्ट्रेट द्वारा 55 किताबें दान में दी गई जिसके लिए आज उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी अधिकारियों तथा जन सामान्य से पुस्तक संग्रहालय में किताबें दान देने की अपील किया तथा कहा कि इस मुहिम से जरूरतमंद व ज्ञानार्जन करने वाले बच्चों को निशुल्क किताबें दी जाएंगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# दोनो पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर शुरू हुई जांच

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। मुस्करा क्षेत्र में एक माह पूर्व हुई ग्राम प्रधान के साथ मारपीट के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज किया है।वहीं दूसरे पक्ष की ओर से महिला की तहरीर पर प्रधान के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया। मझगंवा थाना क्षेत्र के ग्राम गढहर ग्राम प्रधान शिवनारायण निषाद के साथ मारपीट का एक वीडियो सोशल मीडिया में कुछ दिन पहले वायरल हुआ था।जिसके बाद प्रधान ने थाना मुस्करा में तहरीर देकर बताया कि वह 21 जुलाई की शाम ईंटो का ट्रक लेने हमीरपुर जा रहा था। तभी खडेहीलोधन गेट के पास गांव के तुला उर्फ जीतेंद्र पाल के रुकवाने पर गाड़ी रोक दी। तब वहां मौजूद लोगों ने उसको अवैध तमंचा दिखाकर बोलेरो की चाबी छीन ली और उसे गाड़ी में डालकर मिहुना गांव के जंगलों की ओर ले गए। वहां लात घूंसो से जमकर मारपीट कर उसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में डाल दिया।वहीं दूसरे पक्ष की ओर से मिहुना गांव निवासी महिला ने दी तहरीर में बताया कि प्रधान ने गत 16 अगस्त को उसके घर आकर छेड़खानी की।शोर मचाने मचाने पर धमकी देकर भाग गया। मुस्करा थाना प्रभारी शशि पाण्डेय ने बताया कि लालाराम पुत्र गंगा केवट ग्राम मिहुना, रघुवीर पुत्र रामा केवट ग्राम मिहुना, तुला उर्फ जितेंद्र पाल पुत्र भानु पाल ग्राम गडहर, किरन पत्नी तुला उर्फ जितेंद्र पाल ग्राम गडहर तथा एक अज्ञात पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है। साथ ही दूसरी ओर किरन पत्नी तुला उर्फ जितेंद्र पाल की तहरीर के आधार पर प्रधान शिवनारायण के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनो पक्षों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर दिया गया है और जांच कर कार्यवाही की जा रही है।

# चोरी की 11 बैट्री के साथ 04 अभियुक्त गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में को उ0नि0 असलम अली अंसारी थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी मय हमराही द्वारा मुखबिर की सूचना पर बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्त शिवम कुमार पुत्र राम सुन्दर निवासी पूरे दिग्गज सिंह मजरा संभई निखिल सिंह पुत्र हंसराज सिंह निवासी पूरे सधई मजरे संभई गोलू शर्मा पुत्र अजय निवासी पूरे दिग्गज सिंह मजरे संभई थाना जामो जनपद अमेठी उम्र करीब 19 वर्ष विनीत कुमार उर्फ दिलीप कुमार पुत्र राधेश्याम शर्मा निवासी पूरे दिग्गज सिंह मजरे संभई थाना जामो जनपद अमेठी उम्र करीब 20 वर्ष को आर एल ढाबा लखनऊ सुलतानपुर हाइवे से गिरफ्तार किया गया।अभियुक्तों का निशानदेही पर ग्राम आलाबक्स का पुरवा के पास झाड़ियों से कुल 11 बैट्री बरामद की गयी। बरामदगी के सम्बन्ध में पूछने पर अभियुक्तों ने बताया कि ग्राम डोमाडीह हाइवे के पास बन्द पेट्रोल पम्प से रात्रि के समय यह बैट्री चोरी कर ग्राम आलाबक्स का पुरवा के पास झाड़ियों में छुपा दी थी।गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है

# बाल संसद का गठन, मोहिनी प्रधानमंत्री निर्वाचित

संवाददाता

बाबागंज, बहराइच। विकास खंड नवाबगंज के ग्राम पंचायत कलवारी में स्थित प्राथमिक विद्यालय दुगार्पुर में छात्रों में शिक्षा के प्रति रूचि, नेतृत्व की क्षमता को विकसित करने,उनके सीखने के स्तर को बढ़ाने के उद्देश्य से बाल संसद का गठन किया गया।जिसमें प्रधानमंत्री पद पर मोहिनी, मो0 समीर, सफाअत अली, आर्यन और जियाउल ने अपना-अपना नामांकन किया। मोबाइल ऐप (ईवीएम) मशीन के द्वारा हुई वोटिंग में मोहिनी कों 45, समीर कों 15, सफाअत 8, आर्यन 21 और जियाउल 9 वोट प्राप्त हुए।प्राप्त वोटिंग के मुताबिक मोहिनी कों निर्वाचित घोषित किया गया। बाल संसद गठन में जीते हुए पदाधिकारियों को शिक्षक सत्यभानु ने बधाई दी। विद्यालय परिवार की तरफ से निर्धारित दिशा निर्देश कों बताते हुए शपथ दिलाकर कार्यभार सौपा गया।

# व्यापार व उद्योग बन्धुओं के साथ जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई महत्वपूर्ण बैठक

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर।बैठक में सर्वप्रथम गत बैठक में लिए गए निर्णय के संबंध में की गई कार्यवाही की पुष्टि की गई। तदोपरांत उद्योग व व्यापार बंधुओं से उनकी समस्याओं के बारे में बैठक में चर्चा की गई। समस्याओं के नियमानुसार शीघ्र निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित किया।

इस मौके पर जिलाधिकारी ने निवेश मित्र पोर्टल के प्रकरणों एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के अंतर्गत ऋण स्वीकृति एवं वितरण की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए की पीएम रोजगार सृजन योजना के अंतर्गत किए जाने वाले आवेदनों को किसी भी दशा में पेंडिंग ना रखा जाए,उनको नियमानुसार स्वीकृत कर समय से डिस्बर्स किया जाए। बैठक में व्यापरियों द्वारा बिजली कटौती की समस्या शहर में अतिक्रमण हटाये जाने आदि के बारे में अवगत कराया गया। जिसपर जिलाधिकारी ने बताया कि अतिक्रमण तथा नालों की साफ सफाई का कार्य अभियान चलाकर किया जा रहा है तथा अतिक्रमण हटाये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके पश्चात व्यापारियों की विभिन्न समस्याओ का निस्तारण शासन की मंशानुरूप निस्तारण कराये जाने के निर्देश संबंधित को दिए। बैठक में अधिशाषी अभियन्ता विद्युत राठ के अनुपस्थित रहने एवं उद्योग व्यापर बन्धुओं द्वारा उठाये गये मुदों/समस्याओं के निस्तारण न करने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिशाषी अभियन्ता राठ एवं सहायक अभियन्ता व अवर अभियन्ताओं के वेतन रोकने तथा विभागीय कार्यवाही हेतु पत्राचार करने के निर्देश संबंधित को दिए।

# दूसरे राज्यों की महिला चोरों का गिरोह सक्रिय

### अमेठी में बढ़ीं छिनैती की घटनाएं, मंदिरों और बैंक के बाहर रहती हैं एक्टिव

अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिले में पड़ोसी राज्यों और आसपास के जिलों की महिला अपराधियों के सक्रिय होने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। पुलिस की गश्त और चेकिंग के बावजूद इन अपराधियों की पहचान नहीं हो पा रही है, जिससे स्थानीय लोग छिनैती का शिकार हो रहे हैं। महिला अपराधियों के इस गिरोह ने लोगों में दहशत का माहौल बना दिया है।जगदीशपुर कस्बे में हाल ही में एक बड़ी छिनैती की घटना सामने आई। बैंक ऑफ बड़ौदा से 12 लाख रुपए निकालकर जा रहे लकड़ी व्यापारी का बैग जब एक महिला ने चुरा लिया तो पीड़ित ने आसपास के लोगों की मदद से महिला को पकड़ लिया। महिला की पहचान मध्यप्रदेश के राजगढ़ जिले की सीमा पत्नी जयपाल के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ



एएसपी हरेंद्र कुमार

मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया, जबकि उसकी साथी महिला फरार हो गई।गौरीगंज कस्बे में 27 जून को भी एक छिनैती का मामला सामने आया। मध्यप्रदेश के महिला अपराधियों के गिरोह ने एसबीआई से पैसे निकाल रहे अमीन रामसुफल पांडेय पर हमला कर पैसे से भरा बैग छीन लिया। मौके पर एक आरोपी महिला को पकड़ा गया, जबकि उसकी दो साथी फरार हो गईं। पकड़ी गई महिला की पहचान दुर्गा सिसोधिया के रूप में की गई।चेन छीनने की भी हुई घटनाएं

अमेठी थाना क्षेत्र के रामनगर स्थित सती महरानी धाम और संग्रामपुर के मां कालिकन धाम में भी महिलाओं द्वारा चेन छीनने की घटनाएं हो रही हैं। इन घटनाओं के दौरान आरोपी मौके पर पकड़ में नहीं आ पा रहे हैं, जिससे उनकी पहचान नहीं हो पा रही है। 11 जून को जामो थाना क्षेत्र के गौरा में हनुमानगढ़ी मंदिर पर एक महिला ने सोने की चेन छीन ली। आरोपी की पहचान प्रतापगढ़ जिले की सपना पत्नी रंजीत के रूप में हुई।इस घटना के बाद लोगों ने महिला को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया।

### चेकिंग अभियान चलाया जाएगा

ए एसपी हरेंद्र कुमार ने कहा कि छिनैती की घटनाओं को रोकने के लिए सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं।रेलवे स्टेशनों, बस स्टॉप, होटलों, ढाबों, धार्मिक स्थलों और बैंकों के आसपास चेकिंग अभियान चलाया जाएगा।संदिग्धों से पूछताछ की जाएगी और विशेष निगरानी के तहत दूसरे जिलों और प्रदेशों की महिलाओं और लोगों पर ध्यान रखा जाएगा।

# सड़क दुर्घटना में दो घायल , एक रिफर

अमन लेखनी समाचार

मौदहा।क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटनाओं में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें राहगीरो की मदद से नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां एक की हालत नाजुक होने पर डॉक्टरो ने उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। बताते चलें कि सुमेरपुर थाना क्षेत्र के बिदोखर गांव निवासी शत्रुघ्न 60 वर्ष पुत्र रामेश्वर अपने गांव बिदोखर से महोबा जिला के बराय गांव रिश्तेदारी में जा रहा था।तभी सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी।जिससे लहूलुहान होकर वह बाइक सहित सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से उसे नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।जहां हालत नाजुक देखते हुए प्राथमिक उपचार कर डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।वहीं चंद्रभान 27 वर्ष पुत्र महादेव निवासी सतोह थाना एट जिला जालौन को नरायच व मौदहा के बीच बसवारी तिराहे पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। लोगों ने उसे मौदहा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।जहां

# कौशल विकास मिशन के द्वारा रोजगार मेले का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार



अमेठी शासन के निदेर्शानुसार इंदिरा गांधी पीजी कॉलेज गौरीगंज में जिला सेवायोजन कार्यालय, आईटीआई व कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वाधान में आज एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया।रोजगार मेले का शुभारंभ इंदिरा गांधी पीजी कॉलेज के संस्थापक जगदंबा प्रसाद त्रिपाठी, ₹मनीषी₹ द्वारा किया गया। जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी ने अभ्यर्थियों को संबोधित किया रोजगार संगम पोर्टल पर बच्चो का रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया तथा करियर संबंधित जानकारी प्रदान की। इंदिरा गांधी पीजी कॉलेज के प्राचार्य दिनेश कुमार मिश्रा द्वारा भी अभ्यर्थियों का उत्साह वर्धन किया गया। राजकीय आईटीआई गौरीगंज के कार्यदेशक अजय कुमार सिंह द्वारा मेले का कुशल संचालन किया गया। मेले में कुल 294 बेरोजगार युवाओं ने प्रतिभाग किया।जिसमें से विभिन्न कंपनियों ने 162 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। निमसन हर्बल कंपनी द्वारा 31, पुखराज हेल्थकेयर द्वारा 34, न्यू बी के इलेक्ट्रॉनिक द्वारा 52, क्रॉम्पटन कंपनी द्वारा 22, ब्राइट फ्यूचर द्वारा 23 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। रोजगार मेले में एमआईएस मैनेजर मृत्युंजय तिवारी के साथ कौशल विकास के समस्त स्टाफ द्वारा सहयोग प्रदान किया गया। सेवायोजन कार्यालय के सुरेंद्र पांडे, अजय कुमार तथा आईटीआई के समस्त कर्मचारियों ने रोजगार मेले में प्रतिभाग किया।


**अमन लेखनी**

**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

# ये भी हैं हमारे शिक्षक

बच्चों, स्कूल में पढ़ाने वाले शिक्षक तो हमें शिक्षा देते ही हैं, साथ ही हमारे आस-पास भी कुछ लोग ऐसे होते हैं, जो जीवन से जुड़ी बहुत-सी जरूरी बातें बताकर समय-समय पर हमारा मार्गदर्शन करते हैं, हमारी सफलता का रास्ता खोलते हैं। इनकी भूमिका स्कूल के शिक्षकों से कम नहीं होती। साथ ही प्रकृति भी एक शिक्षक की तरह हमें अनगिनत सीखें देती है, जो हमारे जीवन में बहुत महत्व रखती है।





प्रेरणा / अनुराग मनींद्र

हमें पढ़ा-लिखा कर, शिक्षा देकर किसी लायक बनाने में हमारे स्कूल- कॉलेज के शिक्षकों का बहुत योगदान होता है, लेकिन इसी के साथ हमें एक अच्छा और सफल इंसान बनाने के लिए भी हमारे आस-पास ऐसे लोग भी होते हैं, जो किसी शिक्षक की तरह ही होते हैं। ये हमारे जीवन में बहुत महत्व रखते हैं। आओ, जानते हैं अपने इन शिक्षकों के बारे में ताकि हम शिक्षक दिवस पर अपने स्कूल के शिक्षकों के साथ इनको भी याद करें, इन्हें सम्मान दें। जीवन की पाठशाला के इन शिक्षकों को जब तुम सम्मान दोगे, इन्हें बहुत खुशी मिलेगी। इंसान के अलावा प्रकृति भी हमें बहुत सीखें देती है, इन्हें बस गहराई से समझने की जरूरत है। जब हम प्रकृति की सीखों पर ध्यान देंगे तो इनसे भी हमें बहुत-सी अच्छी बातों के लिए प्रेरणा मिलेगी, जो हमारे जीवन को बहुत खूबसूरत बनाती हैं। बच्चों, सबसे पहले बात करते हैं मानव शिक्षकों के महत्व की फिर बात करेंगे प्रेरक प्रकृति की।

## स्कूली शिक्षक के अलावा और भी हैं शिक्षक

स्कूल के शिक्षकों के अलावा हमारे आस-पास बहुत से ऐसे लोग होते हैं, जो समय-समय पर हमें ऐसी बातें बताते हैं, जो हमारे व्यक्तित्व के विकास में लिए जरूरी हैं। ऐसी सीखें देने वालों में हमारे घर के बड़े जैसे- माता-पिता, दादा-दादी, चाचा-चाची और बड़े भाई-बहन या फिर कोई पड़ोसी और रिश्तेदार भी हो सकते हैं। बच्चों, शिक्षक दिवस पर तुम इनके पास जाकर विशेष रूप से इन्हें धन्यवाद दो, इनका आशीर्वाद लो। तुम्हारा प्रेम-सम्मान पाकर ये बहुत खुश होंगे।

## प्रकृति भी है शिक्षक

बच्चों, मानव शिक्षकों के साथ ही प्रकृति भी हमारी बहुत अच्छी शिक्षक है, इसके संदेश हमें बहुत सी बातों के लिए प्रेरणा देते हैं, बशर्ते हम इसके छुपे संदेश को समझें। प्रकृति हमें कौन सी सीखें देती है, जानो-

**नई आशाएं जगाता है सूर्य:** सूर्य सारे संसार को रोशनी और जीवन देता है। यह नित्य समय से उदय और अस्त होता है। कल्पना करो, अगर सूर्य ना हो तो हमारा जीवन कैसा होगा? क्या बिना प्रकाश के हम अपना जीवन अंधेरे में जी सकेंगे। सूर्य का प्रकाश हमें सही राह दिखाता है, हमारा मार्ग प्रशस्त करता है। सूर्योदय हमारे भीतर नई आशाएं जगाता है कि अंधेरे के बाद उजाला है, जीवन में दुख के बाद सुख भी है। हम कभी मुसीबतों से घबराएं नहीं।

**कुछ कर दिखाने की प्रेरणा देते हैं चांद-सितारे:** सूर्य के साथ चांद-सितारे भी हमें कुछ करने की प्रेरणा देते हैं। चांद की शीतल चांदनी हमें सीख देती है कि सूर्य की तपन के बाद चांद की ठंडी शीतलता भी है, बस हम धैर्य रखें। चांद-सितारे हमें कुछ अच्छा, बड़ा करने की प्रेरणा भी देते हैं। जब हम कुछ अच्छा करते हैं, तो हमारा नाम चांद-सितारों की तरह रोशन होता है। कहा भी जाता है कि जब तक होंगे चांद-सितारे, बना रहेगा नाम तुम्हारा।




**विशाल हृदय वाली पृथ्वी:** बच्चों, पृथ्वी का हृदय बहुत विशाल है। वह असंख्य मानवों, भवनों, पेड़-पौधों और पर्वतों का भार सहती है, हम इंसानों को अन्न, फल-फूल देकर हमारा भरण-पोषण करती है। पृथ्वी से हमें परोपकार करना सीखना चाहिए। पृथ्वी पूरी दुनिया का भार उठाकर अपनी धुरी पर चौबीस घंटे घूमती रहती है, ताकि ब्रह्मांड का संतुलन बना रहे। पृथ्वी हमें सबको साथ लेकर चलना सिखाती है।

**पर्वत सिखाते हैं अडिग रहना:** पर्वत हमें सिखाता है, हम हमेशा अपने लक्ष्य के प्रति अडिग रहें, दृढ़ संकल्पित रहें। पर्वत हमें कुछ बड़ा करके शान से अपना मस्तक ऊंचा करने की प्रेरणा भी देता है।

**हिम्मत, हौसला बंधाते हैं पेड़-पौधे:** बच्चों, तुम जानते हो कि कैसे एक छोटा-सा बीज अंकुरित होकर पौधा बनकर धीरे-धीरे एक विशाल फलदार वृक्ष बन जाता है। धूप, आंधी, वर्षा जैसी तमाम विषम परिस्थितियों को सहते हुए एक वृक्ष खड़ा रहता है। यह मनुष्यों को ही नहीं, पशु-पक्षियों को भी आश्रय, छाया और फल देता है। पेड़ हमें मुश्किल हालातों में हिम्मत और हौसले के साथ डटे रहने की सीख देते है।

**फूल देते हैं मुस्कुराने की सीख:** पेड़-पौधे ही नहीं, इन पर खिलने वाले रंग-बिरंगे फूल भी हमें हर हाल में मुस्कुराने की सीख देते हैं। इनकी महक यह सीख देती है कि जब तुम गुणी बनोगे तो तुम भी फूलों की तरह अपने गुणों से चारों ओर महकोगे।



**लक्ष्य की तरफ बढ़ना सिखाती है नदी:** समतल मैदान हो या ऊंचे-नीचे पठार, नदी हर जगह से अपना मार्ग बना ही लेती है। नदियां हमें सिखाती हैं कि रास्ता चाहे कितना भी कठिन और चुनौतीपूर्ण क्यों ना हो, अगर हिम्मत करके अनवरत अपने लक्ष्य की तरफ बढ़ा जाए, तो मार्ग अपने-आप ही बनता चला जाता है।


बच्चों, यह बात हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है कि जीवन में हमने किससे, क्या, कितना सीखा। हमें उन सभी के प्रति आभार प्रकट करना चाहिए, जिन्होंने एक शिक्षक की तरह हमें कुछ सिखाया, कुछ करने की प्रेरणा दी। हमारा जीवन संवारा। *

सजेशन / प्रत्यूष शर्मा

बच्चों, टीचर्स-डे पर तुम अपने टीचर को विश तो जरूर करते होगे। लेकिन तुम चाहो तो इस दिन कुछ स्पेशल स्टाइल में भी उनको टीचर्स-डे विश कर सकते हो। टीचर्स-डे विश करने के कुछ आइडियाज हम तुम्हें यहां बता रहे हैं।

# टीचर्स-डे सेलिब्रेशन यूनीक-लवली आइडियाज

बच्चों, तुम अपने टीचर्स का आदर-सम्मान करते हो, उन्हें बहुत प्यार भी करते हो। टीचर्स-डे ऐसा खास दिन होता है, जब तुम उनके प्रति अपने सम्मान और प्यार को प्रकट कर सकते हो। इसके लिए तुम अपने फेवरेट टीचर को स्पेशल तरीके से टीचर्स-डे विश कर सकते हो। हम तुम्हें कुछ ऐसे यूनीक आइडियाज के बारे में बता रहे हैं, जिससे तुम अपने टीचर्स को स्पेशल फील करा सकोगे।




**केक कटिंग:** टीचर्स-डे के मौके पर अपने टीचर से 'हैप्पी टीचर्स-डे' या 'थैंक यू टीचर' लिखा हुआ केक कटवाकर तुम इस दिन को अपने टीचर के लिए और अपने लिए भी खास बना सकते हो। इससे तुम्हारे टीचर को 'बर्थ-डे सेलिब्रेशन' जैसा फील आएगा।

**पेन और डायरी दो गिफ्ट:** अपने टीचर को कुछ ऐसा गिफ्ट दो, जिसका वो इस्तेमाल कर सकें। इस लिहाज से पेन और डायरी एक अच्छा ऑप्शन है। इसे पर्सनल टच देने के लिए तुम चाहो तो डायरी के पहले पन्ने पर अपनी और अपने टीचर की साथ वाली कोई तस्वीर भी चिपका सकते हो।

**कोई पौधा गिफ्ट करो:** बहुत से लोगों को पेड़-पौधे लगाना और इनकी देखभाल करना बहुत पसंद होता है। अगर तुम्हारे कोई टीचर भी ऐसे हैं, जिन्हें पेड़-पौधों से लगाव है, तो इस टीचर्स-डे पर तुम उन्हें कोई पौधा गिफ्ट कर सकते हो।

**हैंड-रिटेन नोट्स दो:** हाथ से लिखा नोट सबसे प्यारी चीजों में से एक है, जिसे तुम अपने टीचर को दे सकते हो। तुम इसमें अपने टीचर के लिए अच्छी-अच्छी बातें लिखो, तुम उनके साथ बिताए किसी यादगार पल का भी जिक्र कर सकते हो। तुम्हारे टीचर को तुम्हारा ये फीलिंग्स से भरा हैंड-रिटेन मैसेज जरूर पसंद आएगा।

**उनके फेवरेट राइटर की बुक दो:** बहुत से टीचर्स, खास तौर से लिटरेचर के टीचर को स्टोरीज, पोएट्री और नॉवेल पढ़ना बहुत पसंद आता है। इस टीचर्स-डे पर अपने टीचर को को उस राइटर की बुक गिफ्ट करो, जिसकी वे सबसे अधिक तारीफ करते हैं।

**अपने टीचर के फेवरेट सॉन्ग पर परफॉर्म करो:** अगर तुम्हारे टीचर को म्यूजिक और डांस में इंटरेस्ट है, तो तुम अपने टीचर का कोई फेवरेट सॉन्ग तैयार करो और उसे गाकर अपने टीचर को सुनाओ। तुम चाहो तो किसी गाने पर डांस भी कर सकते हो। तुम्हारे टीचर तुम्हारी इन एक्टिविटीज को जरूर पसंद करेंगे। *

## जीके क्विज-118

1. आगामी अक्टूबर में किन दो राज्यों में विधान सभा चुनाव कराए जाएंगे?
2. हाल ही में राष्ट्रपति भवन के प्रतिष्ठित 'दरबार हॉल' का नाम बदलकर क्या रखा गया है?
3. पिछले दिनों संन्यास लेने वाले रोहन बोपन्ना का संबंध किस खेल से रहा है?
4. पिछले दिनों उष्णकटिबंधीय तूफान 'डेबी' ने कहां तबाही मचाई थी?
5. किस पूर्व राष्ट्रपति की जयंती पर शिक्षक दिवस मनाते हैं?
6. सिक्कों का अध्ययन क्या कहलाता है?
7. भारत का सर्वाधिक गेहूं उत्पादक राज्य कौन-सा है?
8. यूनेस्को का मुख्यालय कहां स्थित है?
9. विश्व की सबसे लंबी नदी कौन-सी है?
10. भारत में सबसे अधिक वर्षा किस स्थान पर होती है?



बच्चों, जीके क्विज-118 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-117 का उत्तर :** 1.छह, 2.विनेश फोगाट, 3.सिल्वर मेडल, 4.ऋषभ शेट्टी, 5.के. कैलशनाथन, 6.एडोल्फ हिटलर, 7.हाइड्रोजन, 8.चौबीस, 9.बंकिमचंद्र चटोपाध्याय, 10.शनि

**जीके क्विज-117 का सही उत्तर देने वाले :** चेतन-बालोद, देवेश-मुंगेली, वीरेंद्र-ईमेल से, कबीर-हिसार, मेधांष-दिल्ली, नवीन-महेंद्रगढ़, मानवी मधुकर-बिलासपुर, रोहन-हिसार, अमन-रायपुर, कुणाल-रोहतक, आशीष-बलौदा बाजार, दिव्या-महेंद्रगढ़, आदित्य-धमतरी, केशव-भोपाल, प्रीतम-रायगढ़

## हंसगुल्ले



**नव्या :** अच्छा बताओ, हम पानी क्यों पीते हैं?
**नैंसी :** क्योंकि हम पानी खा नहीं सकते।
-खुशबू, रायपुर

**सोनू :** तुमने इतने छोटे-छोटे बाल क्यों कटवाए?
**मोनू :** क्योंकि बाल काटने वाले अंकल के पास वापस करने के लिए दस रुपए छुट्टे नहीं थे, तो हमने उनसे कहा कि दस रुपए के बाल और काट दें।
-अनिकेत, भोपाल

**डॉक्टर :** बेटा, तुम्हें क्या तकलीफ है?
**चिंटू :** डॉक्टर अंकल मेरे सिर में हमेशा दर्द रहता है।
**डॉक्टर :** हम्म.. सीटी-स्कैन करना पड़ेगा।
**चिंटू :** केवल मेरे सिर दर्द के लिए पूरे सिटी (शहर) को स्कैन करने की क्या जरूरत है डॉक्टर अंकल?
-आदित्य, बलौदा बाजार

कहानी
हरीश कुमार 'अमित'

बिना बुलाए ही दीपक सर, अंकुर के घर उसे पढ़ाने आ जाया करते थे। अंकुर को इस बात से बहुत चिढ़ होती। उसके मम्मी-पापा भी सोचते थे कि दीपक सर ट्यूशन से पैसे कमाने या टाइम पास करने के लिए उनके घर आ रहे हैं। लेकिन जब सर के आने की असली वजह अंकुर और उसके पापा-मम्मी को पता चली तो तीनों को बहुत पछतावा हुआ। आखिर दीपक सर अंकुर के घर आते क्यों थे?

# दीपक सर



अंकुर शाम को दोस्तों के साथ फुटबॉल खेलकर अपने घर के पास पहुंचा तो उसने देखा, दीपक सर का स्कूटर घर के बाहर खड़ा है। वह समझ गया, दीपक सर उसके घर आए हैं। उसने यह सोचते हुए मुंह बनाया कि अब एक घंटे तक दीपक सर से जबरदस्ती ट्यूशन पढ़नी पड़ेगी।

अंकुर घर के अंदर आया, उसने देखा कि दीपक सर उसके पापा के साथ सोफे पर बैठे बातें करते हुए चाय पी रहे हैं। अंकुर को देखते ही उन्होंने उससे पढ़ने के लिए अपनी कॉपी-किताब लेकर आने को कहा।

इसी साल दीपक सर, अंकुर के स्कूल में बतौर मैथ्स टीचर नियुक्त हुए थे। कुछ समय से स्कूल में साइंस टीचर का पद रिक्त था, तो दीपक सर ही मैथ्स के साथ-साथ साइंस भी पढ़ाने लगे। दीपक सर इस शहर में बिल्कुल नए थे। वे अकेले ही किराए के एक कमरे में रहते थे। उनका परिवार किसी दूसरे शहर में रहता था।

पिछले कुछ हफ्तों से दीपक सर हर दो-तीन दिन में शाम के समय अंकुर के घर आ जाते थे। तब तक अंकुर के पापा भी अपने ऑफिस से घर वापस आ चुके होते थे। दीपक सर पहले थोड़ी देर तक पापा से अंकुर की पढ़ाई-लिखाई के बारे में कुछ बातचीत करते, फिर उसे पढ़ाते थे। लगभग एक घंटे तक अंकुर को पढ़ाने के बाद वह चले जाते।

दीपक सर का हर दूसरे-तीसरे दिन ऐसे घर आकर पढ़ाना अंकुर को बिल्कुल भी अच्छा नहीं लगता था। मम्मी-पापा को भी हैरानी होती थी कि दीपक सर बिना कहे ही अंकुर को पढ़ाने क्यों चले आते हैं? वह तो पढ़ाई में अच्छा है, इसलिए उन्होंने कभी उसकी ट्यूशन लगाई ही नहीं। उन लोगों की आर्थिक स्थिति भी इतनी अच्छी नहीं है कि वे अंकुर की ट्यूशन लगवा सकें।

अंकुर के पापा को लगता था कि दीपक सर अंकुर को ट्यूशन पढ़ाकर पैसे कमाना चाहते हैं। उधर मम्मी को लगता कि वे अपना समय बिताने के लिए उनके यहां आ जाते हैं।

एक शाम जब दीपक सर, अंकुर को पढ़ाकर वापस जाने लगे तो पापा ने थोड़ा सकुचाते हुए उनसे कह ही दिया, 'दीपक सर, बुरा मत मानिएगा, हम लोग आपकी इस ट्यूशन के लिए कोई फीस देने की हालत में नहीं हैं। आप चाहें तो बेशक शाम को हमारे यहां आकर अंकुर को ट्यूशन पढ़ाना बंद कर दें।' तब तक मम्मी भी रसोई से बाहर आ गई थीं।

पापा की बात सुनकर दीपक सर थोड़ी देर तक कुछ सोचते रहे और फिर बोले, 'आप लोग यह मत सोचिए कि मैं ट्यूशन के पैसे कमाने के लिए या अपना समय गुजारने के लिए आपके यहां आता हूं। दरअसल, मेरे बेटे का नाम भी अंकुर है। वह अंकुर की उम्र का है। मेरे बेटे की शक्ल काफी कुछ आपके अंकुर से मिलती है। आपके बेटे को देखकर मुझे अपने बेटे की याद आ जाती है। वह तो मुझसे बहुत दूर रह रहा है, इसलिए उसे तो मैं पढ़ा नहीं सकता, लेकिन आपके अंकुर को पढ़ाकर मुझे लगता है, जैसे मैं स्कूल से लौटकर शाम को अपने बेटे को पढ़ा रहा हूं।' बोलते-बोलते सर की आवाज भर्रा गई।

दीपक सर की बातें सुनकर मम्मी की आंखें भीग गईं। पापा भी सर की बातें सुनकर भावुक हो गए। उन दोनों को दीपक सर के प्रति अपनी गलत सोच पर पछतावा हो रहा था, 'उफ.. मैं भी दीपक सर के बारे में कितना गलत सोच रहा था। मुझे सर के बारे में वैसा नहीं सोचना चाहिए था।' वहीं बैठे, सर की सारी बातें सुन रहा अंकुर मन ही मन खुद को कोस रहा था।

पापा भारी आवाज में धीरे से बोले, 'सर, मैं आपकी भावनाएं समझ सकता हूं। आप चाहें तो हर रोज अंकुर को पढ़ाने के लिए हमारे यहां आ सकते हैं! हमें बहुत खुशी होगी।'

'ठीक है, मैं कल से हर शाम सात बजे अंकुर बेटे को पढ़ाने आया करूंगा।' दीपक सर ने अंकुर के सिर पर हाथ फेरते हुए कहा।

अंकुर ने सिर उठाकर दीपक सर की तरफ देखा, उसकी आंखों में दीपक सर के लिए गहरा सम्मान झलक रहा था। मम्मी-पापा की नजरों में भी ऐसा ही भाव था। *

कविता
डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'



## बहुत कठिन है

सच्चे गुरु की महिमा गाना,
बहुत कठिन है।
शब्दों में कुछ भी कह पाना,
बहुत कठिन है।
सही समय पर, सही राह जो
दिखलाएं, वे सच्चे शिक्षक।
ज्ञान ज्योति बन, मन का आंगन
दमकाएं, वे अच्छे शिक्षक।
उससे कभी उऋण हो पाना,
बहुत कठिन है।
ज्ञान खजाना लुटा-लुटा कर,
जो हमको विद्वान बनाते।
जिनकी सच्ची अनुकंपा से,
जड़मति भी सन्मति पा जाते।
उनके प्रति श्रद्धा जतलाना,
बहुत कठिन है।
शिक्षक सदा चाहते, उनके शिष्य
बढ़ें उनसे भी आगे।
प्रगति निरंतर करें, सफल हों,
जीवन से हर बाधा भागे।
बड़ा हृदय उन जैसा पाना,
बहुत कठिन है।

## रंग भरो-157

**रंग भरो-157** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





समृद्धि, शहडोल



रितेश, मटियारी



लावण्या, बेमेतरा



हनी, दुर्ग



सत्यम, रायपुर



डॉली, मटियारी

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

आतिया-बहादुरगढ़, अक्षर-बेमेतरा, हिमांक-दुर्ग, प्रगति-रायपुर, पृथ्वीराज-बिलासपुर, सुयश-बिलासपुर, जीतू-दिल्ली, शिवम-भोपाल, हर्ष-रोहतक, कविता-बालोद, राकेश-धमतरी, अंकित-बलौदा बाजार, दीक्षा-करनाल, कशिश-भोपाल, काव्या-दुर्ग

## रंग भरो 158

बच्चों, इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में एक स्टूडेंट टीचर्स-डे पर बुके देकर अपनी टीचर को विश कर रहा है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।



## सही रास्ता खोजो

बच्चों, हरेंद्र और दिव्या बहुत खुश हैं कि आज वे स्कूल में टीचर्स-डे सेलिब्रेट करेंगे। इनके स्कूल का रास्ता बहुत घुमावदार है। तुम इन दोनों को आसानी से स्कूल पहुंचने में मदद तो करो, ताकि ये सही समय पर स्कूल पहुंचकर अपने टीचर्स को विश कर सकें।

